## मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| धनबाद | 32.4 | 22.2 |
| जमशेदपुर | 31.0 | 17.6 |
| डालटनगंज | 32.0 | 15.3 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* * *

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | गुरुवार, 22 फरवरी 2024 ● माघ शुक्ल पक्ष 13, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 305 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र





## अलविदा अमीन

### प्रसिद्ध रेडियो एनाउंसर अमीन सयानी का निधन

भाषा। मुंबई

जाने-माने रेडियो प्रस्तोता अमीन सयानी का मुंबई में 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया. उनके बेटे राजिल सयानी ने बुधवार को यह जानकारी दी. सयानी को मंगलवार रात दिल का दौरा पड़ा था, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई. राजिल ने बताया, मंगलवार की शाम को सीने में दर्द की शिकायत के बाद उन्हें लगभग छह बजे अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें बचाने की कोशिश की गई लेकिन लगभग सात बजे उनका निधन हो गया. रेडियो सुनने का शौक रखने वाले लोगों के कानों में आज भी सयानी की आवाज ''नमस्कार बहनों और भाइयो, मैं आपका दोस्त अमीन सयानी बोल रहा हूं' गूंजती है. सयानी का यह अभिवादन 1952 से 1988 तक रेडियो सीलोन पर हर बुधवार को अनगिनत घरों में प्रसारित होता था. मुंबई के एक बहुभाषी परिवार में 21 दिसंबर, 1932 को जन्मे सयानी ने 42 वर्षों में 50,000 से अधिक कार्यक्रमों का संचालन किया और उन्हें अपनी आवाज दी. - शेष पेज 7 पर

# राजद, झामुमो के बाद सपा के साथ 'इंडिया' में गठबंधन पक्का

**सियासत**

संवाददाता। रांची

देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश (यूपी) में कांग्रेस व समाजवादी पार्टी (सपा) के बीच सीटों का बंटवारा हो चुका है. इसके साथ ही अब यह साफ हो गया है कि हिंदी पट्टी के तीन राज्यों बिहार, झारखंड और यूपी में इंडिया गठबंधन के तहत कांग्रेस को मजबूत साथी मिल गया है. बिहार में राजद, झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और यूपी में सपा. इन तीनों राज्यों में लोकसभा की कुल 134 सीटें हैं. यूपी में 80, बिहार में 40 और झारखंड में 14 सीटें. लोकसभा की कुल सीट 542 लिहाज से देखें तो करीब 25 प्रतिशत सीटों पर इंडिया गठबंधन मजबूत स्थिति में है.

इन तीन राज्यों की 134 लोकसभा सीटों पर इंडिया गंठबंधन का प्रदर्शन कैसा रहेगा, यह तो चुनाव के बाद ही पता चलेगा. लेकिन नीतीश कुमार और ममता बनर्जी के सुर बदलने के बाद इंडिया गंठबंधन खत्म होने की चर्चा खत्म हो गयी है. बिहार में तेजस्वी यादव राहुल गांधी के साथ न्याय यात्रा में शामिल हुए और झारखंड में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने भी मंच साझा किया है. झारखंड और यूपी में गंठबंधन के दलों के बीच सीटों का बंटवारा भी लगभग तय हो गया है.



### प्रियंका-अखिलेश से बात के बाद बनी सहमति

गठबंधन को लेकर जारी गतिरोध समाप्त होने और सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा की सपा प्रमुख अखिलेश यादव से फोन पर बात हुई. इसके बाद ही दोनों पार्टियों के बीच यह सहमति बनी.

### जाति जनगणना अब भी मुद्दा बरकरार

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी इन दिनों न्याय यात्रा पर हैं. छत्तीसगढ़, राजस्थान व मध्यप्रदेश में मिली हार के बाद भी राहुल गांधी ने जाति जनगणना के मुद्दे को नहीं छोड़ा है. उत्तर प्रदेश में राहुल गांधी ने हर सभा में जाति जनगणना पर बोला और वादा किया अगर उनकी सरकार बनी तो वह जाति जनगणना कराएंगे. साथ ही आर्थिक सर्वेक्षण भी कराएंगे. ताकि यह पता चल सके कि किस जाति के कितने लोग हैं और उनकी आर्थिक स्थिति क्या है. यूपी में राहुल गांधी बहुत ही आक्रामक दिखे हैं.



### सपा 63 और कांग्रेस 17 सीट पर चुनाव लड़ेगी

लोकसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे की औपचारिक घोषणा भी बुधवार की शाम को की गई. यह घोषणा समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, सपा के राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र चौधरी और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और कांग्रेस के उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में की. पांडे ने कहा कि कांग्रेस 17 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जबकि राज्य की बाकी 63 सीटों पर सपा और गठबंधन के अन्य सहयोगी दलों के उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे.

## सर्राफा

| | |
| --- | --- |
| सोना (बिक्री) | 58,400 |
| चांदी (किलो) | 74,000 |

## ब्रीफ खबरें

### लखीसराय में सड़क हादसा, नौ की मौत

**लखीसराय।** बिहार के लखीसराय में बुधवार तड़के तीन बजे दर्दनाक सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई. हादसा लखीसराय-सिकंदरा मुख्य मार्ग के किनारे बिहरौरा गांव में हुआ, जहां एक ट्रक ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ऑटो में सवार 15 में से नौ लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी. जबकि अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये. सभी घायलों को नजदीकी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है. मृतकों में से अधिकतर मुंगेर के रहने वाले थे. सभी लोग शादी समारोह से लौट रहे थे. चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया. - पेज 11 भी देखें

### सीमा विवाद पर चीन के संग सैन्य वार्ता

**नयी दिल्ली।** भारत और चीन ने पूर्वी लद्दाख में साढ़े तीन साल से अधिक पुराने सीमा विवाद को हल करने के लिए नए दौर की उच्चस्तरीय सैन्य वार्ता की. इसमें दोनों पक्ष जमीन पर शांति और स्थिरता बनाए रखने पर सहमत हुए, लेकिन गतिरोध के समाधान का कोई संकेत नहीं दिखा. विदेश मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि भारत-चीन कोर कमांडर स्तर की 21वें दौर की वार्ता 19 फरवरी को चुशूल-मोल्डो सीमा बैठक बिंदु पर आयोजित की गई. सूत्रों ने बताया भारतीय पक्ष ने डेपसांग व डेमचोक में लंबित मुद्दों के समाधान के लिए दबाव डाला, लेकिन बातचीत में कोई ठोस प्रगति नहीं हुई.

### 550 अमृत भारत स्टेशनों की आधारशिला 26 को

**नयी दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी 26 फरवरी को 40,000 करोड़ रुपये की लागत से 'रूफ प्लाजा' और सिटी सेंटर विकसित करके रेलवे स्टेशनों पर सुविधाओं में सुधार के लिए 550 अमृत भारत स्टेशनों की आधारशिला रखेंगे. अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री एक समारोह के दौरान विभिन्न राज्यों में सड़कों पर लगभग 1,500 ओवरब्रिज और अंडरब्रिज की आधारशिला भी रखेंगे. समारोह में 2,000 से अधिक रेलवे स्टेशनों को डिजिटल माध्यम से शामिल होंगे.

### चुराचांदपुर में इंटरनेट सेवा 26 तक बंद

**इंफाल।** मणिपुर सरकार ने चुराचांदपुर जिले में कानून-व्यवस्था की स्थिति के मद्देनजर इंटरनेट सेवाओं का निलंबन आदेश पांच दिनों के लिए और बढ़ा दिया है. एक पुलिसकर्मी के निलंबन के बाद इलाके में हिंसा भड़क गई थी और मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए यह फैसला लिया गया है. चुराचांदपुर में 15 फरवरी को हिंसा भड़क उठी थी और उग्र भीड़ ने एसपी और डीसी के कार्यालयों वाले सरकारी परिसर में घुसकर वाहनों को आग लगा दी थी और तोड़फोड़ की थी, जिसके बाद सुरक्षा बलों की कार्रवाई में कम से कम दो लोग मारे गए और 30 घायल हो गए थे.

### रांची में सीएम चंपाई ने किया ग्राम गाड़ी योजना का शुभारंभ, कहा-

# 2027 तक 20 लाख परिवारों को अबुआ आवास देगी सरकार

**सौगात**

प्रमुख संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने रांची के मोरहाबादी मैदान में अबुआ आवास योजना के 24117 लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र का वितरण किया. सीएम ने 83 गाड़ियों को रवाना कर मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना का भी शुभारंभ किया. जल्द ही 250 से गाड़ियां ग्रामीण इलाकों में दौड़ने लगेंगी, जिसमें विद्यार्थी, आंदोलनकारी, दिव्यांग, बुजुर्ग और विधवा माता-बहनें मुफ्त में सफर कर सकेंगे. लाभुकों को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि सरकार 2027 तक राज्य के 20 लाख गरीब परिवारों को अबुआ आवास के तहत पक्का मकान देगी. वहीं अगले तीन महीने में 9 लाख परिवारों को योजना का लाभ दिया जाएगा. सीएम ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों से अनुमंडल और जिला तक के आवागमन की सुविधा को सुलभ करने के लिए मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना का शुभारंभ किया गया है. सरकार ग्राम गाड़ी योजना को मजबूत करने के लिए 15000 किलोमीटर सड़क भी बनाने जा रही है.

**अबुआ आवास को बबुआ आवास कहने वाले शर्म करें :** मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि जांच एजेंसी ईडी केंद्र सरकार के इशारे पर भेदभावपूर्ण तरीके से काम कर रही है. किसी बही-खाते में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का नाम ही नहीं है, लेकिन केंद्र के इशारे पर उन्हें जबरदस्ती फंसा दिया गया। ईडी पॉलिटिकल पार्टी के एजेंट के रूप में काम कर रही है. सीएम ने कहा कि भाजपा के लोग अबुआ आवास को बबुआ आवास कह कर मजाक उड़ा रहे हैं. वे लोग थोड़ा तो शर्म करें. केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास का आवंटन रोक दिया था, तब हेमंत सरकार को अबुआ आवास योजना शुरू करना पड़ा. पूर्व की रघुवर सरकार पर हमला करते हुए चंपाई ने कहा कि सीएनटी-एसपीटी एक्ट में छेड़छाड़ करने चले थे, इसलिए जनता ने गद्दी से उतार दिया.

-शेष पेज 7 पर

### रांची, गुमला, लोहरदगा के 24117 लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र बंटा

- ईडी पॉलिटिकल एजेंट बना, हेमंत सोरेन को जबरदस्ती फंसाया गया
- सीएम ने हरी झंडी दिखाकर 83 गाड़ियों को किया रवाना
- दिव्यांग, आंदोलनकारी, छात्र, बुजुर्ग बसों में करेंगे मुफ्त सफर



### 29 लाख आवेदन मिले, 20 लाख को स्वीकृति दी गई

सीएम चंपाई ने कहा कि आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लगे शिविरों में अबुआ आवास के लिए 29 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त किए गए. सरकार ने 20 लाख अबुआ आवास योजना के आवेदनों पर स्वीकृति दी है. कहा कि हमारी सरकार ने झारखंड के आदिवासी, मूलवासी, दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक सहित सभी वर्ग समुदाय की पीड़ा को समझा है. झारखंड खनिज संपदा वाला प्रदेश रहा है, लेकिन यहां के खनिज संपदाओं का लाभ गुजरात, यूपी और दिल्ली के लोगों ने उठाया है. यहां के गरीब, मजदूर, किसान को खनिज संपदाओं के हक-अधिकार से दूर रखा गया. डबल इंजन की सरकार में खनिज संपदाओं का दुरुपयोग हुआ है. हमारी सरकार एक-एक झारखंड वासियों को उनका हक-अधिकार देने का कार्य कर रही है.

#### लाभुकों के खाते में 72.35 करोड़ भेजे

रांची, गुमला और लोहरदगा के चयनित 24117 लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र का वितरण किया. इनमें रांची जिला के 13626, गुमला जिला के 7663 और लोहरदगा जिला के 3228 लाभुक शामिल हैं. डीबीटी के जरिये इन लाभुकों के खाते में 72 करोड़ 35 लाख 10 हजार की राशि दी गई.

#### एसटी, एससी, ओबीसी को प्राथमिकता

ग्राम गाड़ी योजना के लाभार्थियों के चयन में एसटी, एससी और अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी. लाभुकों को नये वाहन खरीदने पर 5 वर्षों तक 5 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी मिलेगा. परमिट शुल्क, रजिस्ट्रेशन शुल्क, फिटनेस टेस्ट शुल्क और परमिट आवेदन सिर्फ एक रुपये में होगा.





**किसान आंदोलन**

- दाता सिंह वाला बॉर्डर पर हालात तनावपूर्ण
- सरकार किसानों से खुले मन से चर्चा के लिए तैयार



### किसानों ने किया 2 की मौत का दावा, पुलिस ने किया इनकार

# पुलिस-किसानों के बीच टकराव

शुभम संदेश न्यूज नेटवर्क

केंद्र सरकार के प्रस्ताव को मानने से इनकार के बाद किसान फिर से दिल्ली कूच पर आमादा हैं. इस बीच बुधवार को दाता सिंह वाला-खनौरी बॉर्डर पर पुलिस और किसानों के बीच झड़प में गोली लगने से दो किसानों की मौत की भी सूचना है, जिससे बॉर्डर पर हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं. वहीं, हरियाणा पुलिस ने इस घटना को अफवाह करार दिया है. पुलिस का कहना है कि दो पुलिसकर्मी और एक प्रदर्शनकारी घायल हुआ है, जो उपचाराधीन है. जींद के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि फिलहाल किसी किसान की मौत नहीं हुई है. एक किसान गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा है. किसानों द्वारा शंभू बॉर्डर पर लगाए गए सीमेंट के बैरियर, कंटीली तारों जैसे अवरोधक को हटाने के लिए हाईड्रोलिक क्रेन, जेसीबी और पोकलेन जैसी भारी मशीनें लाई गईं हैं, तो जवाब में हरियाणा प्रशासन ने भी शंभू बॉर्डर पर जेसीबी और पोकलेन मशीनें तैनात कर दी हैं.

#### कृषि मंत्री ने किसानों से की वार्ता की पेशकश



पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने भाजपा मुख्यालय, दिल्ली में पत्रकारों से कहा कि कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने किसानों के साथ पांचवें दौर की बातचीत की पेशकश की है. उन्होंने कहा कि चर्चा और संवाद से ही समाधान निकलेगा. उन्होंने कहा कि सरकार खुले मन से चर्चा के लिए तैयार है. किसानों से हमारी अपील है कि शांतिपूर्ण तरीके से समाधान निकलना चाहिए.



#### अभी ये संघर्ष चलेगा : टिकैत

किसानों के प्रदर्शन के बीच राकेश टिकैत ने कहा है कि गुरुवार को एसकेएम मीटिंग कर अपनी आगे की रणनीति तय करेंगे. अभी ये संघर्ष चलेगा, बातचीत से समाधान होगा.

### प्रख्यात न्यायविद् फली एस. नरीमन का निधन

**नयी दिल्ली।** कानून विशेषज्ञ व दिग्गज अधिवक्ता फली एस नरीमन का बुधवार को 95 वर्ष की आयु में निधन हो गया. वह हृदय संबंधी परेशानियों सहित कई बीमारियों से जूझ रहे थे. अपने लंबे और शानदार करियर में नरीमन ने कई ऐतिहासिक मामलों की पैरवी की, जिसमें राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग का चर्चित मामला भी शामिल है. इस आयोग को उच्चतम न्यायालय ने भंग कर दिया था. नरीमन का जन्म 10 जनवरी 1929 को हुआ और उन्होंने 1972 और 1975 के बीच अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के रूप में कार्य किया. उन्होंने आपातकाल के दौरान पद से इस्तीफा दे दिया. - शेष पेज 7 पर



### नीट-यूजी : विदेश में प्रवेश परीक्षा 5 मई को

**नयी दिल्ली।** मेडिकल के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) पांच मई को 14 विदेशी शहरों के परीक्षा केंद्रों पर भी आयोजित की जाएगी. राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने बुधवार को यह घोषणा की. यह कदम एनटीए को उम्मीदवारों से अनुरोध मिलने के बाद उठाया गया है. एनटीए की वरिष्ठ निदेशक (परीक्षा) साधना पाराशर ने कहा, ''यह निर्णय लिया गया है कि परीक्षा 12 देशों के 14 विदेशी शहरों में भी आयोजित की जाएगी. जिन 14 विदेशी शहरों में परीक्षा आयोजित की जाएगी, उनमें दुबई, अबू धाबी, शारजाह (यूएई), कुवैत शहर (कुवैत), बैंकॉक (थाईलैंड), कोलंबो (श्रीलंका), दोहा (कतर), काठमांडू (नेपाल), कुआलालंपुर , लागोस(नाइजीरिया), मनामा (बहरीन), मस्कट, रियाद और सिंगापुर शामिल हैं.

**सर्वे-रिपोर्ट** यूनिसेफ के युवा मंच ने कराया सर्वेक्षण, 18-29 आयु वर्ग के युवाओं ने रखी राय

# महिलाओं के लिए नौकरी जरूरी है,विवाह नहीं

शुभम संदेश डेस्क। रांची

अक्सर कहा जाता रहा है कि लड़कियों का एक ही सपना होता है कि एक योग्य वर और अच्छा घर मिल जाए और उनका जीवन बस उसी में बीत जाता है. लेकिन वर्तमान युग में अब यह बात गलत साबित हो रही है. अब युवतियों-महिलाओं के लिए शादी का महत्व कम होता जा रहा है. कार्यबल में युवतियों की भागीदारी को लेकर हाल ही में किये गये एक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई है कि युवाओं का मानना है कि पढ़ाई के बाद नौकरी महत्वपूर्ण है, शादी नहीं. संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) के युवा मंच 'युवाह' और 'यू-रिपोर्ट' ने यह सर्वेक्षण किया,जिसमें देशभर से 18-29 आयु वर्ग के 24,000 से अधिक युवक और युवतियों ने अपनी राय रखी.



**देशभर के 24 हजार युवाओं ने रखी राय**

- 'युवा' और 'यू-रिपोर्ट' की बनी थी सर्वे टीम

सर्वेक्षण के अनुसार लगभग 75 प्रतिशत युवतियां और युवक मानते हैं कि युवतियों के लिए पढ़ाई के बाद नौकरी पाना सबसे महत्वपूर्ण है. इसके विपरीत एक चौथाई से अधिक प्रतिभागियों ने शिक्षा के बाद शादी की वकालत की. इस सर्वेक्षण को लेकर श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की सचिव आरती आहूजा ने कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी का समर्थन करने के लिए सहयोगात्मक प्रयासों पर बल दिया. अब मेहनती, प्रतिभाशाली और ईमानदार महिला कार्यबल का समर्थन करने का समय आ गया है. महिलाएं हमारी आबादी का 50 प्रतिशत हिस्सा हैं. हम 2047 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहे हैं ऐसे में हमें सभी स्तरों पर महिला कार्यबल की भागीदारी बढ़ानी होगी.

#### पर, युवाओं की राय से अलग हैं ये आंकड़े

1. एक तरफ सर्वेक्षण में यह सामने आया है कि महिलाओं के लिए नौकरी जरूरी है, विवाह नहीं. पर भारत में महिलाएं नौकरी नहीं तलाश रही हैं. पिछले कुछ वर्षों की तुलना में सक्रियता से नौकरी तलाशने वाली महिलाओं की तादाद में भारी गिरावट आई है. साल 2017 से 2022 के बीच लगभग 2.1 करोड़ महिलाओं ने स्थायी तौर पर रोजगार छोड़ दिया. इसका मतलब है कि या तो ये महिलाएं बेरोजगार हैं या फिर नौकरी की तलाश ही नहीं कर रही हैं. सेंटर फ़ॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकॉनमी (सीएमआईई) की रिपोर्ट के मुताबिक, 2017 में जहां 46% आबादी अर्थव्यवस्था के कामगारों में शामिल थी, वहीं 2022 में ये हिस्सेदारी घटकर 40 प्रतिशत ही रह गई.
2. सीएमआईई के ताजा आंकड़े तो और भी चिंताजनक हैं. जनवरी से अप्रैल 2016 के बीच 2.8 करोड़ महिलाएं बेरोजगार थीं और काम करना चाहती थीं. जबकि दिसंबर 2021 तक ऐसी महिलाओं की संख्या घटकर 80 लाख ही रह गई थी. जबकि ग्रामीण इलाकों में पुरुषों की तुलना में महिलाएं कम तादाद में ही बेरोजगार थीं. लेकिन, इसे हम उम्मीद की रोशनी के तौर पर नहीं देख सकते हैं. ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं हों या पुरुष, दोनों के बीच बेरोजगारी की दर में इजाफा हो रहा है. शहरी इलाकों में बेरोजगारी की दर महिलाओं के बीच ज स्थायी तौर पर बढ़ रही है.

# जेएसएससी अध्यक्ष नीरज सिन्हा ने दिया इस्तीफा

संवाददाता। रांची



प्रश्न पत्र लीक मामला उजागर होने के बाद झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष नीरज सिन्हा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है. बता दें कि जेएसएससी सीजीएल प्रश्न पत्र लीक मामला तूल पकड़ लिया है. इसे लेकर सरकार ने एसआईटी बना कर पूरे मामले की जांच करने का निर्देश दिया है. इस मामले को लेकर विपक्ष लगातार सरकार पर हमलावर थी और स्टूडेंट आंदोलन पर थे. इसे लेकर सरकार की किरकिरी हो रही थी. सिन्हा ने मुख्य सचिव एल ख्यानते को लिखे इस्तीफे में इसका कारण तो निजी बताया है, लेकिन यह इस्तीफा सरकार के निर्देश पर दिया है.

**खास बात**

- इस्तीफे का कारण निजी बताया है, पर चर्चा कुछ और

**8 साल बाद हुई थी परीक्षा :** मालूम हो कि 8 साल बाद जेएसएससी ने सीजीएल की परीक्षा 28 जनवरी को ली थी, लेकिन उसी दिन परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक हो गया था और सोशल मीडिया पर वायरल हो रही थी. इसके बाद 4 फरवरी को परीक्षा होनी थी. 31 जनवरी को जेएसएससी के अभ्यर्थियों ने जेएसएससी कार्यालय के बाहर हो-हंगामा कर रहे थें. इस दौरन अभ्यर्थियों पर लाठी चार्ज भी किया गया. हंगामा कर रहे अभ्यर्थियों पर एफआईआर भी हुई. प्रश्न पत्र लीक मामले में रांची के एसएसपी चंदन सिन्हा ने जांच के लिए एसआईटी का गठन भी किया.

▼ ब्रीफ खबरें

### गीता कोड़ा ने सिविल कोर्ट में लगायी हाजिरी



**रांची।** कांग्रेस की लोकसभा सांसद गीता कोड़ा ने आयकर रिटर्न नहीं भरने के मामले में आज रांची सिविल कोर्ट में हाजरी लगायी. सरेंडर करने के बाद पहली बार गीता कोड़ा ने सीजेएम कोर्ट में हाजरी लगायी है. इसके बाद कोर्ट ने अभियोजन पक्ष को अगली तिथि में गवाह पेश करने का निर्देश दिया. गीता कोड़ा को अपर न्यायुक्त एमसी झा की कोर्ट से 19 जनवरी को अग्रिम जमानत मिली थी. इसके बाद उन्होंने बीते गुरुवार को रांची सीजेएम कोर्ट में सरेंडर कर 10-10 हजार के दो निजी मुचलके पर नियमित जमानत ली थी. उनपर आयकर विभाग द्वारा चार जनवरी 2012 को आर्थिक अपराध के तहत कोर्ट में मामला दर्ज कराया गया था. गीता कोड़ा पर 2009-10 में आयकर रिटर्न नहीं भरने और उसकी सही जानकारी नहीं देने का आरोप है.

### टीपीसी कमांडर की बेल पर 28 को सुनवाई

**रांची ।** टेरर फंडिंग केस के आरोपी व प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीपीसी के कमांडर बिंदेश्वर गंझू उर्फ बिनोद गंझू की जमानत याचिका पर आज बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. इस दौरान कोर्ट में प्रार्थी की ओर से अपने बचाव में दलील दी गयी. जिसके बाद न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस प्रदीप कुमार श्रीवास्तव की बेंच ने इससे संबंधित आदेश कोर्ट में दाखिल करने का निर्देश दिया. इस मामले में अब अदालत 28 फरवरी को सुनवाई करेगा. चतरा जिले के टंडवा थाना में वर्ष 2017 में बिंदेश्वर गंझू उर्फ बिनोद गंझू के खिलाफ कांड संख्या 7 दर्ज की गयी थी, जिसे एनआईए ने टेकओवर कर जांच की है. विनोद गंझू पर एनआईए ने आईपीसी की धारा 147, 148, 149, 307, 427, 3, 4, आर्म्स एक्ट की धारा 27 और सीएलए (क्रिमिनल लॉ एमेंडमेंट) एक्ट की धारा 17(i),(ii) के तहत चार्जशीट दाखिल की है.

### एनआईए में नौकरी करने का मौका, 40 पदों पर निकली भर्ती

**रांची।** नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) में नौकरी पाने का सपना देख रहे उम्मीदवारों के लिए शानदार अवसर है. एनआईए ने असिस्टेंट, यूडीसी और स्टेनोग्राफर के 40 पदों पर भर्ती निकाली है. इच्छुक और योग्य अभ्यर्थी विज्ञापन जारी होने के दो माह के अंदर ऑनलाइन आवेदन दे सकते हैं. आवेदन प्रक्रिया 3 फरवरी 2024 से शुरू हो चुकी है. इसे लेकर झारखंड समेत सभी राज्य के डीजीपी और मुख्य सचिव को एनआईए ने पत्र लिखा है.

#### इन पदों पर होगी नियुक्ति

| | |
|---|---|
| सहायक | 07 |
| स्टेनोग्राफर ग्रेड-I | 24 |
| अपर डिविजन क्लर्क | 09 |

## पूर्व सीएम हेमंत सोरेन का दांव

# लोस-विस चुनाव में गेम चेंजर साबित हो सकती है 'अबुआ आवास योजना'

**कौशल आनंद/ प्रवीण कुमार। रांची**

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का अबुआ आवास योजना का दांव इंडिया गठबंधन के लिए लोकसभा और विधानसभा चुनाव गेम चेंजर साबित हो सकता है. 18 अक्टूबर को जब पूर्व सीएम हेमंत सोरेन सरकार की कैबिनेट में जब प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गयी थी, तो तीन वित्तीय वर्ष में आठ लाख आवास बनाने का निर्णय लिया गया था. लेकिन जिस तेजी से इसके आवेदन आने लगे और डिमांड बढ़ी, वर्तमान सीएम चंपाई सोरेन ने घोषणा कर दी कि अगले तीन महीने में सरकार 7 लाख और अबुआ आवास बनाएगी. मतलब साफ है कि हेमंत सोरेन कैबिनेट द्वारा लिया गया निर्णय और 8 लाख का लक्ष्य अब बढ़कर 9 लाख पहुंच चुका है. जबकि अब तक सरकार 2 लाख लाभुक (यूनिट) को प्रथम किश्त की राशि ट्रांसफर कर चुकी है. अगर सरकार अपनी घोषणा के अनुसार अगले तीन महीने में 7 लाख और आवास बनाएगी तो 27 फरवरी को सरकार द्वारा पेश होने वाले बजट में 14 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान करना होगा. मतलब साफ है कि इस बार ग्रामीण विकास विभाग का बजट आकार सबसे बड़ा होगा.

*तीन वित्तीय वर्ष में 8 आठ लाख आवास बनाने का था लक्ष्य*

*चालू वित्तीय वर्ष में ही डिमांड बढ़ने से अगले तीन महीने में 7 लाख आवास बनाने की चंपाई सरकार ने कर दी हैघोषणा*

*27 को पेश होनेवाले बजट में 7 लाख आवास के लिए सरकार को करना होगा 14 हजार करोड़ का प्रावधान*



#### योजना का डिटेल

केंद्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2022-23 और 2023-24 में कोई आवास झारखंड को नहीं दिया.

**जब केंद्र सरकार ने झारखंड में चयनित 5 लाख से अधिक प्रधानमंत्री आवास की राशि देने से इनकार कर दिया तो पूर्व सीएम ने अपने कोटे से तीन कमरे का आवास देने की घोषणा कई मौके पर की**

31 वर्ग मीटर में तीन कमरों का लैट्रिन-किचन पक्का मकान बनाने की घोषणा, जिसके लिए लाभुकों को विभिन्न निर्माण स्टेज में कुल 2 लाख रुपये मिलेंगे

**पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की घोषणा के बाद 18 अक्टूबर 2023 को अबुआ आवास योजना को कैबिनेट से मंजूरी मिल गयी.**

#### अब तक योजना की प्रगति पर एक नजर

- सरकार नें चालू वित्तीय वर्ष में ही कम से कम 2 लाख अबुआ आवासों के निर्माण का लक्ष्य रखा है. इसमें से 78.89 प्रतिशत लाभुकों के लिए आवासों की स्वीकृति भी प्रदान कर दी गई है.
- **अबुआ आवास योजना के अंतर्गत सबसे अधिक आवेदन आए थे. जांच के बाद अब तक तक 1,57,776 लाख आवास के लिए सरकार ने आवासों की स्वीकृत प्रदान कर दी है.**
- इस आवास योजना का लाभ देने के लिए 2011 का जनगणना को आधार बनाया गया है. इसी के आधार पर सभी जिलों को आवास का लक्ष्य दिया गया है.
- **इस योजना में सबसे अधिक आवासों का निर्माण चालू वित्तीय वर्ष में गिरिडीह जिले में होना है. जहां 17,860 आवास का लक्ष्य है. इनमें से 59.02 प्रतिशत लोगों को आवास देने की स्वीकृति मिल गयी है.**
- पलामू को 13,621 आवास चालू वित्त वर्ष में लाभुकों को मिलना है. वहीं खूंटी जिलों को 3387 आवास दिए गए हैं और खूंटी राज्य का पहला जिला है, जहां का लक्ष्य का शत- प्रतिशत पूरा कर लिया गया है.

#### जिलावार प्रगति रिपोर्ट

| जिला | लक्ष्य | स्वीकृत आवास |
|---|---|---|
| खूंटी | 3887 | 100% |
| पूर्वी सिंहभूम | 8138 | 97.44% |
| पलामू | 13681 | 95.14% |
| गढ़वा | 10003 | 94.14% |
| सिमडेगा | 4443 | 93.05% |
| सरायकेला खरसावां | 6437 | 91.93 |
| जामताड़ा | 5711 | 91.40% |
| पश्चिम सिंहभूम | 10252 | 89.28% |
| दुमका | 9827 | 89.05% |
| चतरा | 7820 | 88.65% |
| देवघर | 9847 | 85.92% |
| कोडरमा | 4591 | 84.27% |
| हजारीबाग | 11648 | 82.56% |
| पाकुड़ | 6649 | 81.62% |
| रांची | 13226 | 78.99% |
| धनबाद | 8973 | 77.05% |
| बोकारो | 8608 | 76.87% |
| लोहरदगा | 3228 | 76.43% |
| रामगढ़ | 4236 | 71.43% |
| गिरिडीह | 17860 | 71.13% |
| लातेहार | 5389 | 70.88% |
| गुमला | 7663 | 63.72% |
| साहिबगंज | 7972 | 57.38% |
| गोड्डा | 9972 | 17.52% |
| कुल | 200000 | 78.89% |

**इसके लिए सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष के लिए 4,107 करोड़ के खर्च को स्वीकृति दी.**

कैबिनेट के निर्णय के अनुसार सरकार तीन वित्तीय वर्ष में विभिन्न चरणों में 8 लाख आवास योजना बनाने की योजना बनायी.

**चालू वित्तीय वर्ष में 2 लाख, वित्तीय वर्ष 2024-25 में 3.50 लाख और वित्तीय वर्ष 2025-26 में 2.50 लाख आवास बनाने का लक्ष्य रखा गया.**

चालू वित्तीय वर्ष में 2 लाख चयनित लाभुकों को प्रथम किश्त की राशि ट्रांसफर हो चुकी है.

**अब इसकी डिमांड बढ़ जाने से वर्तमान सीएम चंपाई सोरेन ने अगले तीन महीने में 7 लाख और आवास बनाने की घोषणा करके बड़ा दांव खेल दिया है.**

## सोरेन के बजट सत्र में शामिल होने की याचिका पर फैसला आज

**संवाददाता। रांची**



पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लाउंड्रिंग एक्ट) के विशेष कोर्ट ने बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री और बरहेट के विधायक हेमंत सोरेन के बजट सत्र में शामिल होने को लेकर फैसला सुरक्षित रख लिया. कोर्ट गुरुवार को फैसला सुनाएगा. विधायक ढुल्लू महतो और नलिन सोरेन का हवाला देकर महाधिवक्ता ने अदालत में बहस की. बजट सत्र में वित्तीय बिल पेश होता है, ऐसे में हेमंत सोरेन की उपस्थित को अनिवार्य बताया. कोर्ट से अनुमति मिलने के बाद ही अब हेमंत सोरेन बजट सत्र में शामिल हो सकेंगे. 23 फरवरी से झारखंड विधानसभा का बजट सत्र शुरू होना है. बजट सत्र में हेमंत सोरेन के शामिल होने को लेकर पीएमएलए कोर्ट में अर्जी दाखिल की गयी थी. कोर्ट से यह आग्रह किया गया है कि 23 फरवरी को शुरू होने वाले बजट सत्र में हेमंत सोरेन की विधानसभा में मौजूदगी की अनुमति दी जाये. ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार उर्फ काका जी ने बहस की.

## सीएम के विभागों का जवाब देने के लिए नाम हुआ तय

**विशेष संवाददाता। रांची**



विधानसभा में विधायकों के सवालों का जवाब देने के लिए सरकार ने प्रभारी मंत्रियों की घोषणा कर दी है. मालूम हो कि 23 फरवरी से चंपाई सोरेन सरकार का बजट सत्र शुरू हो रहा है. ये सारे विभाग मुख्यमंत्री के पास हैं.

#### इन मंत्रियों को इन विभागों की मिली जवाबदेही

**आलमगीर आलम :** गृह, मंत्रिमंडल निर्वाचन, कार्मिक, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग, संसदीय कार्य मंत्रालय, विधि विभाग.

**डॉ. रामेश्वर उरांव :** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, सूचना प्रौद्योगिकी, ई-गवर्नेंस विभाग

**बादल पत्रलेख :** खान एवं भूतत्व विभाग.

**मिथिलेश ठाकुर :** उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, वन एवं पर्यावरण विभाग.

**सत्यानंद भोक्ता :** नगर विकास एवं आवास विभाग

**बन्ना गुप्ता :** ऊर्जा विभाग

## अमीषा 27 को सीआरपीसी-313 के तहत दर्ज कराएंगी बयान

**संवाददाता। रांची**



फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल से जुड़े चेक बाउंस मामले में एक्ट्रेस 27 फरवरी को सीआरपीसी 313 के तहत अपना बयान दर्ज करायेंगी. रांची सिविल कोर्ट के जेएमएफसी (ज्यूडीशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास) दिग्विजय नाथ शुक्ला की अदालत में अमीषा पटेल, उनकी कंपनी अमीषा पटेल प्रोडक्शन और बिजनेस पार्टनर कुमार ग्रूमर का बयान दर्ज होगा. दोनों पक्षों ने मध्यस्थता के लिए समझौते की पेशकश की थी. लेकिन समझौता नहीं हो पाया. इसके बाद अदालत ने अमीषा पटेल का बयान दर्ज करने के लिए 27 फरवरी की तिथि निर्धारित कर दी.

#### अजय सिंह ने एक्ट्रेस के खिलाफ दर्ज कराया है मामला

बता दें कि फिल्म मेकर अजय सिंह का आरोप है कि फिल्म देसी मैजिक बनाने के नाम पर अमीषा ने तीन करोड़ लिया था. उसने एक्ट्रेस के खाते में पैसे ट्रांसफर किये थे.

### नया संगठन बनाकर चुनाव में पार्टी पर डालेंगे दबाव या पकड़ेंगे अलग राह

## लोबिन बनाएंगे नई पार्टी, पर फिलहाल झामुमो नहीं छोड़ेंगे

**विशेष संवाददाता। रांची**

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से दो वर्षों से नाराज चल रहे झामुमो के वरिष्ठ नेता लोबिन हेंब्रम नयी पार्टी का गठन करने जा रहे हैं. जानकारी के अनुसार वर्तमान में लोबिन जिस गैर राजनीतिक संगठन झारखंड बचाओ मोर्चा के संरक्षक हैं, उसका पार्टी के तौर निबंधन की तैयारी करने में जुटे हैं.

अब इस पार्टी का स्वरूप क्या होगा, कब तक निबंधन होगा, यह सपष्ट नहीं है. मगर ऐसा माना जा रहा है कि लोबिन एक समांतर संगठन या पार्टी को खड़ा करके अपनी पार्टी पर दबाव कायम रखना चाहते हैं. अगर लोकसभा या विधानसभा चुनाव में राजनीतिक परिस्थिति बदलती है तो यह अलग राह पड़ सकते हैं. इस संबंध में पूछे जाने पर लोबिन बताया कि वह झारखंड बचाओ मोर्चा से संरक्षक के रूप में जुड़े हैं. वह झामुमो नहीं छोड़ेंगे.

#### हेमंत के खिलाफ सदन से सड़क तक रहे मुखर, शिबू से मिले, तो विश्वास मत में किया था समर्थन



पूर्ववर्ती मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ दो वर्षों से सदन से लेकर सड़क तक मुखर रहे. उन्होंने हेमंत सोरेन पर झारखंडी जनता के साथ किए गए वादों को पूरा नहीं करने का आरोप लगाते रहे. चाहे वह खतियान आधारित स्थानीय नीति की बात हो या नियोजन नीति का या फिर जल, जंगल जमीन लूट की. उन्होंने यहां तक की पार्टी से इतर झारखंड बचाओ मोर्चा गैर राजनीतिक संगठन बनाकर सड़क पर उतरे. जब पूर्व सीएम जमीन मामले में फंसने के बाद इस्तीफा दे दिया तो वे शिबू सोरेन से मिलने के बाद ही सदन में नयी चंपाई सोरेन सरकार को अपना समर्थन दिया. अब ऐसी परिस्थिति में नयी पार्टी निबंधन की बात सामने आ रही है. अब देखना है कि आगे की राजनीति किस करवट लेती है और लोबिन का अगला कदम क्या होगा.

## कोलकाता में भाजपा का सिख विरोधी चेहरा सामने आया : ज्योति मथारू

**संवाददाता। रांची**

कोलकाता में भाजपा नेता शिवेंदु अधिकारी के दौरे के दौरान ड्यूटी पर तैनात आईपीएस अधिकारी को खालिस्तानी बताए जाने की घटना की राज्य अल्पसंख्यक आयोग ने कड़ी शब्दों में निंदा की है. आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू ने कहा कि ड्यूटी पर तैनात आईपीएस अधिकारी जसप्रीत सिंह को भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं ने खालिस्तानी कहकर अपमानित किया है. यह भाजपा की सिख विरोधी मानसिकता को प्रदर्शित करता है. मथारू ने कहा कि अपने धार्मिक रीति रिवाज के अनुसार आईपीएस अधिकारी को पगड़ी पहनना भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं के आंखों में चुभ रहा है. है. ज्योति सिंह ने सरकार को पत्र लिखकर भाजपा नेताओं पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है.

### उपवास कार्यक्रम का 7वां दिन जारी, किया गया अहम ऐलान

## हेमंत बाहर आयेंगे, तभी मनेगी होली : बेदिया

**विशेष संवाददाता। रांची**



पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को साजिश के तहत जेल भेजे जाने के खिलाफ झामुमो का उपवास कार्यक्रम 7वें दिन भी जारी रहा. रांची के मोरहाबादी मैदान के बापू वाटिक के समक्ष जारी इस कार्यक्रम के 7वें दिन का नेतृत्व झामुमो जिला संयोजक मंडली मुख्य संयोजक संजीव बेदिया ने किया. कार्यक्रम में रांची जिला अध्यक्ष मुश्ताक आलम भी उपस्थित थे. इस मौके पर उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन द्वारा चलाए जा रहे विकास कार्यों से अपनी जमीन खिसकता देख भाजपा ने षड्यंत्र के तहत फंसाया है. जब तक हमारे नेता नहीं आएंगे, हम होली-दिवाली कोई त्योहार नहीं मनांएगे.

**अपनी जमीन खिसकता देख हेमंत को भेजा गया जेल : बेदिया :** हजारीबाग जिला संयोजक मंडली के मुख्य संयोजक संजीव बेदिया ने कहा जब राज्य में हेमंत सोरेन जी की सरकार बनी थी तब भाजपा ने खजाना खाली कर दिया था. उसके बाद से ही हेमंत सोरेन ने किस तरीके से व्यवस्था को देखा. कोविड में भी देखा कि हवाई जहाज से भी हमारे मजदूर भाइयों को हवाई जहाज से लाने का काम किया और कई तरह की योजनाओं से लोगों को जोड़ने का काम किया. इसी सभी कारणों से भाजपा अपनी जमीन खिसकती देख साजिश के तहत हेमंत सोरेन को जेल भेजने का काम किया है. इसके विरोध मे गांव-गांव में लोगों में बहुत आक्रोश है.

#### पंपलेट से लोगों को किया जा रहा है जागरूक : आलम

रांची जिला अध्यक्ष मुश्ताक आलम ने कहा कि गांव-गांव में भी पंचायत स्तर पर हमारे कार्यकर्ता न्याय यात्रा व पंपलेट के माध्यम से लोगों को जागरुक कर बताने का भी प्रयास कर रहे हैं. एक लोकप्रिय मुख्यमंत्री जो लोगों को योजनाओं से जोड़ रहे थे विकास कार्य कर रहे थे, उन्हे केंद्र की भाजपा सरकार ने जेल में डालकर विकास कार्यों को बाधित करने का प्रयास किया है. निश्चित ही यह सभी कार्यक्रम एक वृहद असर डालेगा. कार्यक्रम में गौरव पटेल, संजय सिंह, नीलकंठ महतो, मुकेश राउत, शंकर साव, राजा ख़ान, उज्जवल सिंह, विनेश पासवान, लखन महतो, सूरज बेसरा, विनोद हेंब्रम, संतोष सिंह, जितेंद्र बेदिया, विनोद बेदिया, संजय करमाली, इजहार अंसारी, यासीन ख़ान, कुदुस अंसारी, सरफराज अहमद, बिरेंद्र राणा, कमाल खुरैसी, रामकिशोर मुर्मू, सलीम अंसारी, शोएब अख़्तर, असीब ख़ान, मो आरिफ, रूचि कुजूर, समनूर मंसूरी, पवन जेडिया, डॉ हेमलाल मेहता, अश्विनी शर्मा, कलाम आजाद, बीरु साहू, अंतू तिर्की, आदिल इमाम, अरविन्द सिंह देवल, रामशरण तिर्की, अफरोज आलम, अरुण वर्मा, आफताब आलम, रतीश द्विवेदी, विक्रम सिंह, नयनतारा उरांव, सालो देवी, राखी देवी, कोषाध्यक्ष उषा उरांव, कैथरीना तिर्की सहित कई उपस्थित थे.

CLASSIFIED
























www.lagatar.in | गुरुवार, 22 फरवरी 2024 • माघ शुक्ल पक्ष 13, संवत 2080 • पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 • वर्ष : 1, अंक : 305

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार






टेस्ट श्रृंखला में भारत 2-1 की लीड के साथ दबाव बनाए हुए है

फोटो : रमीज

- दोनों टीमें मंगलवार को ही रांची पहुंच चुकी हैं और तैयारी में जुट गई हैं
- होटल और स्टेडियम के बाहर क्रिकेट के फैंस का जमावड़ा

### क्रिकेट पर खौफ का साया : 23 से 27 फरवरी तक जेएससीए स्टेडियम में भारत-इंग्लैंड के बीच होगा टेस्ट मैच

# आतंकी पन्नू की धमकी के बाद राजधानी रांची में बढ़ाई गई सुरक्षा

संवाददाता/ भाषा। रांची

अमेरिका में रहने वाले आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू द्वारा यहां भारत और इंग्लैंड के बीच चौथे टेस्ट मैच को बाधित करने की धमकी देने के बाद रांची में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. अधिकारियों ने बताया कि गृह मंत्रालय द्वारा आतंकवादी घोषित किए गए पन्नू ने सोशल मीडिया पर जारी किए गए एक वीडियो के माध्यम से प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) से मैच को बाधित करने की अपील की है. भारत और इंग्लैंड के बीच चौथा टेस्ट मैच 23 फरवरी से यहां जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम कॉम्प्लेक्स में शुरू होगा. इंग्लैंड की टीम मंगलवार को यहां पहुंच गई है. गुरुपतवंत सिंह पन्नू ने भारत और इंग्लैंड की टीम को रांची में मैच रद्द करने की धमकी दी है. उसने मैच रद्द करने के लिए भाकपा (माओवादी) से व्यवधान पैदा करने का आग्रह किया है. हटिया के पुलिस उपाधीक्षक पीके मिश्रा ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) के तहत धुर्वा पुलिस थाने में उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है और जांच शुरू कर दी गई है. पन्नू के खिलाफ 2019 में संघीय एजेंसी राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पहला मामला दर्ज किया था. तभी से पन्नू एनआईए की रडार पर है. विशेष एनआईए अदालत ने पन्नू के खिलाफ तीन फरवरी, 2021 को गिरफ्तारी का गैर-जमानती वारंट जारी किया था.

**खास बातें**

- पन्नू ने माओवादियों से मैच बाधित करने की अपील की
- धुर्वा पुलिस ने पन्नू के खिलाफ केस दर्ज किया है



## मैच से पहले दोनों टीमों ने जमकर बहाया पसीना

**रांची।** 23 से 27 फरवरी तक रांची के जेएससीए स्टेडियम में भारत और इंग्लैंड के बीच सीरीज का चौथा टेस्ट मैच मुकाबला खेला जाना है. भारत 2-1 की लीड के साथ इंग्लैंड पर दबाव बनाए हुए है. मुकाबले के लिए दोनों टीमें मंगलवार को रांची पहुंचीं. बुधवार को दोनों टीमों ने अभ्यास सत्र में जमकर पसीना बहाया. भारत और इंग्लैंड दोनों टीमों ने बारी-बारी से ओवल ग्राउंड में नेट में प्रैक्टिस करते दिखी. इंग्लैंड के सुबह में 3 घंटे तक अभ्यास किया. वहीं भारतीय टीम दोपहर में प्रैक्टिस किया. इस दौरान जेएससीए के ओवल मैदान के बस बने प्रैक्टिस नेट में बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने पसीना बहाया. वहीं मुख्य मैदान में वार्मअप, फील्डिंग और कैच प्रैक्टिस भी किया.

### रोहित, शुभमन, यशस्वी ने नेट में बिताया अधिक समय

अभ्यास सत्र के पहले दिन नेट में रोहित शर्मा, शुभमन गिल, यशस्वी जयसवाल, देवदत्त पड्डिकल ने नेट में सबसे अधिक समय बिताया. रोहित शर्मा और शुभमन ने भातरीय टीम के प्रमुख गेंदबाजों को नेट में खेला. लोकल गेंदबाजों ने भी बॉलिंग की. राहुल द्रविड़ सबको जज करते रहे.

### सिराज, मुकेश, जडेजा, अश्विन ने भी बहाया पसीना



नेट प्रैक्टिस के दौरान भारतीय गेंदबाजों ने भी नेट में जमकर गेंदबाजी की. मो सिराज ने देर तक रोहित और शुभमन को गेंदबाजी की. अश्विन और रविंद्र जडेजा ने भी गेंदबाजी की. मुकेश कुमार व अक्षर पटेल ने भी गेंदबाजी का अभ्यास किया.

### कोयला कारोबारियों में दहशत फैलाने के लिए की कार्रवाई

# अभिषेक के कारण लेवी बंद हुआ तो टीपीसी ने मार डाला

सौरभ सिंह। रांची

**शुभम संदेश एक्सक्लूसिव**

अभिषेक श्रीवास्तव की वजह से टीपीसी को कोयलांचल (पिपरवार, खलारी) में अन्य कोयला कारोबारियों से लेवी मिलना हो बंद हो गया था. इसकी वजह से जेल में बंद टीपीसी कमांडर भीखन गंझू ने इरफान अंसारी के माध्यम से अभिषेक श्रीवास्तव की हत्या की साजिश रची थी. बीते दिनों पुलिस ने भीखन गंझू को रिमांड पर लेने के बाद इरफान अंसारी के आमने -सामने बैठाकर पूछताछ की थी. इस दौरान पुलिस को कई जानकारियां मिली हैं.

**लेवी देने से किया था इनकार :** पिपरवार में अभिषेक श्रीवास्तव ने रैक लोडिंग का काम लिया था. इसके बाद उसने लोडिंग का काम टीपीसी से जुड़े लोगों को दिया था. लेकिन अभिषेक श्रीवास्तव ने टीपीसी को लेवी देना बंद कर दिया. इससे टीपीसी ने अपने लोगों को रैक लोड करने से मना कर दिया. इसके बाद अभिषेक श्रीवास्तव दूसरे से रैक लोडिंग कराने लगा. इसी दौरान अभिषेक श्रीवास्तव ने खलारी क्षेत्र में कोयला ट्रांसपोर्टिंग का काम भी ले लिया. उसने टीपीसी को लेवी देने से इनकार कर दिया. अभिषेक को देख पिपरवार व खलारी में बाकी कारोबारियों ने भी टीपीसी को लेवी देना बंद कर दिया था.

**कोयलांचल के कारोबारियों ने टीपीसी की लेवी पर लगाया था ब्रेक**




### इरफान अंसारी के माध्यम से हत्या की साजिश रची

टीपीसी को जब अन्य कोयला कारोबारियों ने भी लेवी देना बंद कर दिया तो जेल में बंद भीखन ने इरफान के माध्यम से हत्या की साजिश रची. जानकारी के मुताबिक, टीपीसी उग्रवादियों ने पहले अभिषेक श्रीवास्तव की रैक लोडिंग करने वाले की हत्या की योजना बनायी थी. लेकिन फिर प्लान बदल दिया गया और अभिषेक श्रीवास्तव की हत्या की योजना बनायी गयी, ताकि लोगों में दहशत पैदा हो सके और सभी कारोबारी भय से लेवी देना शुरू कर दें. इस घटना को अंजाम देने के लिए टीपीसी उग्रवादियों ने अभिषेक श्रीवास्तव की रेकी भी की थी.

### चार जनवरी को अभिषेक श्रीवास्तव की हत्या हुई थी

राजधानी के रातू थाना क्षेत्र के आस्थापुरम पिर्रा निवासी अभिषेक श्रीवास्तव पिपरवार, मगध व पुरनाडीह साइडिंग में कोयला लिफ्टिंग का कारोबार करते थे. अभिषेक श्रीवास्तव की हत्या चार जनवरी हुई थी. उस दिन वे सुबह 10.15 बजे रांची जाने की बात कह कर घर से निकले थे. उनका घर रिंग रोड से आधा किमी दूर है. करीब 10:30 बजे वे रिंग रोड की ओर जा रहे थे. तभी अपराधियों ने अभिषेक श्रीवास्तव की फॉर्च्यूनर कार पर सामने से ताबड़तोड़ फायरिंग की. गोली मारने के बाद अपराधी स्कॉर्पियो पर सवार होकर भाग गये.

# ढुल्लू के खिलाफ बाघमारा के रैयतों ने खोला मोर्चा

### चेतावनी दी : न्याय नहीं मिलने पर 27 फरवरी से देंगे अनिश्चितकालीन धरना

संवाददाता। धनबाद



बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो एक बार फिर विवादों में हैं. चिटाही स्थित रामराज मंदिर ट्रस्ट के नाम पर रैयतों की जमीन कब्जा करने और ग्रामीणों के साथ शोषण व अत्याचार का आरोप विधायक पर लग रहा है. इसे लेकर बुधवार को आधा दर्जन रैयत पूर्व कांग्रेस नेता स्व.ओपी लाल के पुत्र अशोक प्रकाश लाल के नेतृत्व में अपनी समस्याओं को लेकर धनबाद के उपायुक्त, एसएसपी व एसडीओ को मांग पत्र देकर बाघमारा विधायक के जुल्म से निजात दिलाने की मांग की. न्याय नहीं मिलने पर 27 फरवरी से अनिश्चितकालीन धरना पर बैठने की बात कही. पीड़ित परिवारों के समर्थन में पहुंचे कांग्रेस नेता अशोक लाला ने कहा कि बाघमारा विधायक रैयतों की जमीन को कब्जा करने में लगे हैं. रामराज मंदिर के नाम पर दर्जनों रैयतों को आए दिन परेशान कर रहे हैं. उन्हें पानी तक नहीं मिल रहा है. इनके पानी के कनेक्शन को कटवा दिया गया है. इनकी दुकानों के आगे तिरपाल घेर दिया गया है, दुकानों की बिजली भी कटवा दी गई है, रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है. इसे लेकर पीड़ित परिवार जिला प्रशासन के वरीय अधिकारियों को लिखित आवेदन देकर ढुल्लू महतो द्वारा किये जा रहे अत्याचार से न्याय दिलाने की गुहार लगाई है. पीड़ित अशोक महतो, सोहन महतो, नीरा देवी, कुंती देवी, जितनी देवी, रजनी देवी, विकास महतो व सुरेश महतो ने कहा कि विधायक द्वारा लगातार किये जा रहे अत्याचार से हम रैयत काफी परेशान हैं.

पहले मंदिर ट्रस्ट के नाम पर जमीन दान लिया गया और अब जिस जमीन पर दुकान चला कर परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं, उस जमीन को जबरन कब्जा करने में लगे हैं. हमारा परिवार भुखमरी के कगार पर आ गया है.कहा कि विधायक के अत्याचार से निजात पाने के लिए राज्य के मुख्यमंत्री, केंद्रीय मानवाधिकार आयोग, डीसी, एसएसपी व अनुमंडल पदाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई गयी है.

### रायडीह में अपराधियों ने पीट-पीट कर मार डाला

**गुमला ।** अपराधियों ने गुमला में एक युवक की पीट-पीट कर हत्या दी. यह घटना जिले के रायडीह थाना के गढ़सारू डैम के पास की है, जहां अपराधियों ने पत्थर से कूचकर और लाठी डंडे से पीट कर दीपक उरांव को मार डाला. घटना की सूचना मिलने पर बुधवार को एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव और थानेदार ने सदल बल पहुंच कर शव को कब्जे मे लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. जानकारी के अनुसार दीपक अपनी फुफेरी बहन के शादी समारोह मे शामिल होने मंगलवार को गढ़सारू गांव आया था. वह शादी समारोह से रात्रि 11:30 बजे बाइक लेकर निकला था.

## दुखद : सड़क दुर्घटना में बाइक सवार तीन युवकों की मौत

संवाददाता। मझगांव

कुमारडुंगी थाना क्षेत्र अंतर्गत सेड़बींजा चौक के समीप भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी है. इसमें तीन व्यक्ति दो मोटरसाइकिल में सवार होकर अपने घर जा रहे थे. घटना मंगलवार शाम करीब 6:30 बजे की बताई जा रही है. घटना दो मोटरसाइकिल की तेज रफ्तार के साथ आपस में भिड़ने से हुई है. घटना में एक युवक की पहचान भागाबिला गांव निवासी 19 वर्षीय रितीक बिरुवा के रूप में हुई है, जो अपने रिश्तेदारों से मिलकर पल्सर 220 मोटरसाइकिल से अपने घर वापस जा रहा था. मृत अन्य दो लोगों की पहचान कुमारडुंगी गांव के गुलियासाई निवासी 28 वर्षीय मोटाय गागराई व 18 वर्षीय गांधी गागराई के रूप में हुई है, दोनों मृतक सगे भाई थे. घटना के समय आसपास में मौजूद लोगों ने बताया कि पल्सर 220 मोटरसाइकिल पर सवार युवक कुमारडुंगी से कुदाहातु की ओर तेज रफ्तार से जा रहा था. विपरीत दिशा से दो लोग सवार होकर आ रही मोटरसाइकिल धीमी थी. सेड़बींजा चौक पार करने के बाद दोनों मोटरसाइकिल ने अपना नियंत्रण खो दिया व जोरदार टक्कर हो गई.

### पुलिस ने भू-माफिया आनंद को किया गिरफ्तार



**रांची।** रांची पुलिस ने भू-माफिया आनंद महतो को बुधवार को गिरफ्तार किया है. कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सुखदेव नगर थाना की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जमीन माफिया आनंद महतो को कचहरी के पास से गिरफ्तार किया है. आनंद महतो मूल रूप से पुंदाग इलाके का रहने वाला है. इसके ऊपर एक करोड़ से अधिक की रंगदारी मांगने का आरोप है. उससे सुखदेव नगर थाने की पुलिस फिलहाल पूछताछ कर रही है.

### क्योंझर के रास्ते भुवनेश्वर से दिल्ली के बीच नयी ट्रेन को मंजूरी

**किरीबुरु ।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ओडिशा के क्योंझर के रास्ते भुवनेश्वर से दिल्ली के बीच एक नई ट्रेन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है. उल्लेखनीय है कि क्योंझर के विधायक मोहन चरण मांझी ने बीते वर्ष 8 नवंबर को रेल मंत्री को पत्र लिख सार्वजनिक जन व यात्रियों की सुविधाओं के मद्देनजर उक्त मार्ग पर एक नई ट्रेन चलाने की मांग रेल मंत्री से की थी. उसी के आलोक में और सार्वजनिक सुविधा के लिए क्योंझर के रास्ते भुवनेश्वर से दिल्ली के बीच एक नई ट्रेन के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है.



विधायक मोहनचरण.


### वारदात | गढ़वा के भंडरिया थाना क्षेत्र में उग्रवादियों ने मचाया उत्पात, दहशत का माहौल

# जेजेएमपी उग्रवादियों ने पोकलेन तोड़ा, मजदूरों को पीटा

संवाददाता। गढ़वा

जिले के भंडरिया थाना क्षेत्र में जेजेएमपी उग्रवादियों ने मंगलवार देर रात जमकर उत्पात मचाया. उग्रवादियों ने अड़ा महुआ व कंजिया गांव को जोड़ने वाले सरस्वती नाला पर पुल निर्माण कार्य में लगी पोकलेन मशीन में तोड़फोड़ की है. साथ ही जेजेएमपी उग्रवादियों ने मजदूरों को भी मारा-पीटा है. इसके बाद तीन मोबाइल और एक बाइक अपने साथ लेकर चले गये.

घटना की जानकारी मिलने के बाद भंडरिया थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुटी हुई है. घटना के बाद मजदूरों में भय का माहौल है.



### कंस्ट्रक्शन साइट पर जमकर तोड़फोड़ की

घटना के संबंध में बताया जाता है कि भंडरिया थाना क्षेत्र के अड़ा महुआ और कंजिया गांव को जोड़ने वाली सरस्वती नाला पर पुल निर्माण का काम चल रहा था. इसी बीच आधी रात हथियारबंद उग्रवादी लेवी वसूलने कंस्ट्रक्शन साइट पर पहुंचे और तोड़फोड़ शुरू कर दी. नक्सलियों ने पोकलेन मशीन में भी तोड़फोड़ की. साथ ही निर्माण कार्य कर रहे मजदूरों से भी मारपीट की. इसके बाद तीन मोबाइल और एक बाइक छीनकर चले गये.

### परसुडीह में भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर के परसुडीह स्थित गोल पहाड़ी बस्ती निवासी राजेंद्र स्थित के आवास पर पुलिस ने छापेमारी कर भरी मात्रा में विस्फोटक समान बरामद किया है. इसके अलावा पुलिस ने मौके से आतिशबाजी के लिए बने पटाखे समेत अन्य सामान भी बरामद किया है. पुलिस ने मामले में राजेंद्र स्थित और एक कारीगर को को गिरफ्तार किया है. पुलिस सामानों को जब्त कर थाना ले गई, जहां आरोपियों ने पूछताछ जारी है. पुलिस आरोपियों की निशानदेही पर अन्य जगहों पर भी छापेमारी कर रही है.

### आईईडी बरामद, नक्सलियों की साजिश हुई नाकाम

**चाईबासा।** सुरक्षाबलों ने नक्सलियों की साजिश को नाकाम कर दिया है. नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बुधवार को टोंटो थाना क्षेत्र के हुसिपी से जंगल में सुरक्षाबलों निशाना बनाने के लिए लगाये गयेआईईडी बरामद किया गया. बम निरोधक दस्ते ने उसे नष्ट किया गोईलकेरा के कुईडा, छोटा कुईडा, मारादिरी, मेरालगड़ा, हाथीबुरू, तिलायबेड़ा बोयपाईससांग, कटम्बा, बायहातु, बोरोय, लेमसाडीह व टोन्टो के हुसिपी, राजाबासा, तुम्बाहाका में नक्सलियों के खिलाफ अभियान शुरू किया गया है.

### वासेपुर में वारदात : रेलवे लाइन पर मिला शव

# प्रेम संबंध बनाकर शादी से इनकार पर लड़की ने दी जान

संवाददाता। धनबाद

वासेपुर में बुधवार को एक युवती की लाश आरा मोड़ रेलवे लाइन पर मिली. युवती के घर वालों ने इस मामले को सुसाइड मानते हुए स्थानीय एक युवक के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया है. कहा कि युवक द्वारा यौन शोषण के बाद शादी से इनकार करने पर युवती मानसिक अवसाद में चली गई थी, ऐसे हालत में उसने जान दे दी. खबर पाकर युवती का शव रेल लाइन से हटाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. युवती के परिजनों ने बताया कि लड़की का पिछले छह माह से वासेपुर मटकुरिया बस्ती निवासी शोएब कुरैशी के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था. घर वालों को खबर होने के बाद लड़की को उन लोगों ने समझाया-बुझाया था. उन्हें लगा कि अब दोनों के बीच कुछ नहीं है. लेकिन बीते एक सप्ताह से लड़की बहुत उदास रह रही थी.

इस कारण उसके घर वालों ने जब पूछताछ की तो पता चला कि युवक ने शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध भी स्थापित कर लिया था. जब लड़की उसे शादी का दबाच देने लगी तो वह इनकार कर रहा था. इसी बात से लड़की बहुत परेशान थी. यह बात जानकर घर वालों ने उसे फिर से समझाया-बुझाया. लेकिन लड़की की उदासी कम नहीं हुई. मंगलवार की शाम करीब छह बजे से लड़की घर से गायब थी. घर वाले परेशान थे.

## ब्रीफ खबरें

### चाकूबाजी से युवक घायल, रिम्स रेफर

**गुमला ।** गुमला के टोटो थाना क्षेत्र के डुमरला गांव में मंगलवार की देर रात चाकूबाजी की घटना में सौरभ प्रसाद युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. परिजनों ने घायल सौरभ को इलाज के लिए तत्काल गुमला सदर अस्पताल लाया गया जहां पेट में चाकू लगने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टर ने रिम्स रेफर कर दिया. घटना की सूचना मिलने के बाद टोटो थाना के एसआई एमानुएल कोनगाड़ी थाना पहुंचे और घायल युवक से पूछताछ की. घायल युवक के अनुसार गांव के ही गंदीरा उरांव और उसका भाई चुंदा उरांव ने उस पर जानलेवा हमला किया. घायल युवक ने बताया कि पिछले 17 फरवरी को उसके पालतू कुत्ता को वे लोग मार दिया था जिस कारण कहासुनी हुई थी.

### सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया

**गढ़वा ।** जिला में सड़क सुरक्षा के नियमों के अनुपालन तथा थाना के द्वारा बिना हेलमेट मोटरसाइकिल वाहन चेकिंग के दौरान पकड़े जाने लोगों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया गया. उसके प्रति जागरूक करने को लेकर जिला परिवहन पदाधिकारी एवं सड़क-सुरक्षा के टीम के द्वारा रोड सेफ्टी काउंसलिंग किया गया.जागरूकता अभियान के क्रम में यातायात नियम का कड़ाई से पालन करने के लिए सड़क दुर्घटनाओं से कैसे बचा जाए और दूसरों को बचाया जाये इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई.

### मतदाताओं को बीडीओ ने दिलाई मतदान की शपथ

**घाटशिला ।** घाटशिला प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी युनिका शर्मा ने बुधवार को आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदाताओं को शपथ दिलाई. लोकसभा चुनाव में मतदान को बढ़ावा देने के लिए इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि मतदान एक महत्वपूर्ण अधिकार और जिम्मेदारी है. सभी नागरिकों से आग्रह किया कि आयोजित हो रहे कार्यक्रमों में निश्चित रूप से भाग लें और चुनावों में मतदान करने के लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता फैलाएं. उन्होंने कहा कि मतदाता शपथ के सेल्फी फोटो एवं वीडियो के सोशल मीडिया पर हैशटैग के साथ पोस्ट करें.

### वृद्धा पेंशन योजना को ले रमना में शिविर लगा

**रमना ।** प्रखंड के सिलीदाग पंचायत के पंचायत सचिवालय में बुधवार को मुख्यमंत्री वृद्धा पेंशन योजना का लाभ दिलाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया. मौके पर सिलीदाग मुखिया अनीता देवी ने बताया कि यह शिविर गुरुवार को भी आयोजित किया जाएगा. साथ ही उन्हांने बताया कि वृद्धा पेंशन का उम्र सीमा 60 वर्ष से घटाकर 50 वर्ष कर दिया गया है. ये सभी वर्ग की महिलाओं के लिए है, वे सभी मुख्यमंत्री राज्य वृद्धा पेंशन योजना के लिए फॉर्म भर सकते हैं. आवेदक को फॉर्म के साथ आधार कार्ड, पासबुक एवं पहचान पत्र का फोटो कॉपी और एक फोटो लग रहा है.

### नाबालिग लड़की हुई छतरपुर से लापता

**छतरपुर/पलामू ।** थाना क्षेत्र के कुन्दौली निवासी नाबालिग लडकी छतरपुर से लापता है. इस सम्बंध में लड़की के पिता कामत सिंह ने छतरपुर थाना में आवेदन देकर बताया है कि उनकी पुत्री प्रतिदिन के तरह छतरपुर के बाजार स्तिथ एक कोचिंग सेंटर में पढ़ने के लिए कार्य करती थी इसी बीच तब से अब तक वह घर नही पहुंची है. इसकी लिखित आवेदन छतरपुर थाना में कामता सिंह ने दिया.

---

पलामू प्रमंडल में सीबीएसई दसवीं के हिंदी की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

# प्रश्न पत्र देख छात्रों के चेहरे खिल उठे

**संवाददाता । मेदिनीनगर**



सीबीएसई दसवीं के हिंदी की परीक्षा बुधवार को शांतिपूर्ण संपन्न हुई. आज दसवीं कक्षा की हिंदी कोर्स ए विषय कोड 002 एवं कोर्स बी विषय कोड 085 की परीक्षा थी. इस संबंध में सीबीएसई के पलामू प्रमंडल के सिटी कोऑर्डिनेटर एमकेडीएवी के प्राचार्य सह डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉ जीएन खान ने बताया कि पलामू प्रमंडल के तीनों जिलों गढ़वा, पलामू एवं लातेहार में यह परीक्षा चल रही है.

पलामू जिले में एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल, रोटरी पब्लिक स्कूल, हेरिटेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल डाल्टनगंज एवं आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल रेहला पलामू को केंद्र बनाया गया है. गढ़वा जिले में डी.ए.वी पब्लिक स्कूल गढ़वा, भवनाथपुर, सरस्वती विद्या मंदिर भवनाथपुर एवं सेंट मैरी पब्लिक स्कूल गढ़वा को केंद्र बनाया गया है. लातेहार जिले में जवाहर नवोदय विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय एवं नेतरहाट आवासीय विद्यालय को केंद्र बनाया गया है. तीनों जिलों के प्रत्येक केंद्र पर परीक्षा कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई.

**खास बातें**

- प्रमंडल के तीनों जिलों में यह परीक्षा चल रही है
- तीनों जिलों में परीक्षा कदाचार मुक्त हो रही है

उन्होंने बताया कि किसी भी जगह से किसी अप्रिय घटना या किसी तरह की बाधा का समाचार नहीं मिला है. उन्होंने बताया कि यह परीक्षा अखिल भारतीय स्तर के साथ विदेशों में भी संचालित होती है . यह एक राष्ट्रीय जिम्मेदारी है, जिसे हम सभी पूर्ण मनोयोग से निर्वहन कर रहे हैं और राष्ट्रीय कार्य में सहयोग कर रहे हैं. हम इस महत्वपूर्ण दायित्व को प्राप्त कर स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं. इधर, परीक्षा भवन से बाहर निकले छात्रों के भी चेहरे खुशी से खिल उठे. उनका कहना था कि प्रश्न पत्र की गुणवत्ता उच्च स्तरीय एवं कठिनाई स्तर भी उतम स्थिति में था. एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल पर आज की परीक्षा में कुल 689 छात्र पंजीकृत थे, जिसमें 9 छात्र अनुपस्थित थे.

---

भंडारा में करीब 12 से 15 हजार श्रद्धालु करेंगे प्रसाद ग्रहण

# श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर का 31वां वार्षिकोत्सव आज

**आशीष टैगोर । लातेहार**

श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर का आज 31वां वार्षिकोत्सव है. हिंदी तिथि के अनुसार, माघ मास की शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि को मंदिर में मां वैष्णव दुर्गा की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गयी थी. तब से लेकर आज तक हर वर्ष इस तिथि को मंदिर का वार्षिकोत्सव मनाया जाता है. मंदिर के वार्षिकोत्सव पर भंडारा और रात्रि भगवती जागरण होगा. मंदिर समिति के सह सचिव रंजीत कुमार व रविंद्र प्रजापति और कोषाध्यक्ष राजू रंजन सिंह ने बताया कि भंडारा में करीब 12 से 15 हजार श्रद्धालु भाग लेंगे. कहा कि शहर का श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर न सिर्फ लातेहार बल्कि आसपास के क्षेत्रों के लिए श्रद्धा, भक्ति व विश्वास का प्रतीक है. लोग दूर-दराज से मंदिर में आते हैं और माता की चरणों में मत्था टेक सुख व शांति की कामना करते हैं. नगरवासी इस वार्षिकोत्सव को किसी उत्सव से कम नहीं मनाते हैं.

**विधायक बैद्यनाथ राम ने बनाया विवाह मंडप :** वर्ष 2003 में तत्कालीन विधायक वैद्यनाथ राम के विधायक कोटे से मंदिर परिसर में एक विशाल विवाह मंडप बनाया. इसके बाद विधायक ने अपने दूसरे कार्यकाल में मंदिर के ऊपरी तल्ले पर एक हॉल व सात कमरे का निर्माण कराया.



**1946 में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित हुई थी**

मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि वर्ष 1946 में मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना शुरू की गयी थी. बताया जाता है कि आजादी के पूर्व यहां एक तालाब हुआ करता था. स्थानीय लोगों ने इस तालाब को भरकर एक खपरैल दुर्गाबाड़ी का निर्माण कर दुर्गा पूजा का शुभारंभ किया था. दुर्गाबाड़ी खपरैल व छोटा होने के कारण यहां दुर्गा पूजा का आयोजन करने में लोगों को परेशानी होती थी. वर्ष 1992 में स्थानीय लोगों की एक बैठक में दुर्गाबाड़ी को भव्य मंदिर का स्वरूप देने का निर्णय लिया. मंदिर निर्माण समिति का अध्यक्ष अभिनंदन प्रसाद को बनाया गया.

### वैष्णव दुर्गा मंदिर पहुंचे विधायक, तैयारियों का लिया जायजा

**लातेहार ।** शहर के प्रतिष्ठित श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर, लातेहार के 31वें वार्षिकोत्सव का तीन दिवसीय कार्यक्रम 20 फरवरी को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हो गया है. उत्सव के दूसरे दिन स्थानीय विधायक सह श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक बैद्यनाथ राम ने आयोजन की तैयारियों का जायजा लिया. सबसे पहले उन्होंने मंदिर परिसर में माता के समक्ष माथा टेका और क्षेत्र की सुख शांति की कामना की. इसके बाद विधायक ने मंदिर के दूसरे तल्ले में 22 फरवरी को होने वाले भंडारा को ले कर किये जा रहे कार्यों का जायजा लिया और इस पर उन्होंने संतोष प्रकट किया.



**22 को दोपहर 12 बजे से भंडारा, रात में जागरण**

मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि 22 फरवरी को मध्याह्न 12 बजे से भंडारा का शुभारंभ किया जायेगा. रात्रि में धनबाद के सरोज कुमार लख्खा के द्वारा भगवती जागरण किया जायेगा. मौके पर समिति के द्वारा विधायक बैद्यनाथ राम को एक स्मृति चिन्ह भेंट किया. इस अवसर पर समिति के संरक्षक महेंद्र प्रसाद गुप्ता, अभिनंदन प्रसाद, विनोद कुमार साहू, अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता उर्फ भोला, उपाध्यक्ष कन्हाई प्रसाद अग्रवाल, सचिव आशीष टैगोर, कोषाध्यक्ष राजू रंजन सिंह आदि मौजूद थे.

**दुर्गा सप्तशती का पाठ किया गया :** 31वें वार्षिकोत्सव के तीन दिवसीय अनुष्ठान के दूसरे दिन बुधवार को मंदिर परिसर में दुर्गा सप्तशती का पाठ किया गया. पुरोहित त्रिभुवन पांडेय व रामानुज उपाध्याय ने वैदिक मंत्रोच्चारण किया. इस अवसर पर बतौर मुख्य यजमान पंकज कुमार गुप्ता व संतोष, पिंटू सप्तनीक मौजूद थे.

---

### निर्माणाधीन योजनाओं को समय से पूरा करें :उपायुक्त

**लातेहार ।** उपायुक्त श्रीमती गरिमा सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) के तहत किए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा की. बैठक में जिले के विभिन्न विभागों के अंतर्गत डीएमएफटी मध के माध्यम से संचालित योजनाओं के तहत हो रहे कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया. बैठक में डीएमएफटी से किये जा रहे आंगनबाडी केंद्रों के सुसज्जीकरण, स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास,समेत अन्य संचालित योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया. बैठक में डीडीसी सुरजीत सिंह, सिविल सर्जन, जिला कल्याण पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी डीएमएफटी , जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आदि थे.

### डंडई प्रखंड समन्वयक को किया गया कार्यमुक्त

**गढ़वा ।** जिले के डंडई प्रखण्ड अन्तर्गत अबुआ आवास योजना दिलाने के लिए महिला से 40 हजार रुपये लेने के मामले में डीसी शेखर जमुआर ने पीएम आवास योजना ग्रामीण के डंडई प्रखण्ड समन्वयक अरविन्द कुमार को कार्यमुक्त कर दिया है. साथ ही पीएम आवास योजना-ग्रामीण के गढ़वा प्रखण्ड समन्वयक प्रिया कुमारी को स्थानांतरित करते हुए डंडई प्रखण्ड में पदस्थापित किया गया है. प्रिया कुमारी को डंडई प्रखण्ड में अविलंब योगदान करते हुए अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन करने का निर्देश दिया गया है. जानकारी के अनुसार विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से संज्ञान में आये अरविन्द कुमार पर डंडई प्रखण्ड अन्तर्गत अबुआ आवास योजना दिलाने के लिए महिला से 40 हजार रुपये लेने के लगे आरोप के मामले को गंभीरता से लेते हुए डीसी शेखर जमुआर ने जांच का आदेश दिया था.

---

## न्यूज अपडेट

### जैक सदस्य ने किया टीडीएम कॉलेज का निरीक्षण



**गढ़वा ।** झारखंड जैक बोर्ड के तहत झारखंड में आयोजित मैट्रिक-इंटर की वार्षिक परीक्षा 2024 के टीडीएम इंटर कॉलेज श्री बंशीधर परीक्षा केंद्र पर जैक की सदस्य सह परीक्षा की पर्यवेक्षिका सुशीला मिश्रा ने निरीक्षण किया. उन्होंने सभी कमरों में आयोजित परीक्षा का बारीकी से निरीक्षण किया. उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्र पर शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त परीक्षा सम्पन्न करायी जा रही है. उन्होंने कॉलेज भवन की तारीफ करते हुए परीक्षा संचालन की सुदृढ़ व्यवस्था पर खुशी जाहिर की. उन्होंने कहा कि यह परीक्षा बच्चों का भविष्य तय करेगी. इस कारण यह परीक्षा बच्चों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है. इस परीक्षा से बच्चों की मेहनत का फल मिलने वाला है. यही फल उन्हें सरकार अथवा समाज के विविध क्षेत्रों में सेवा का अवसर प्रदान करेगा. परीक्षा में बरती गई ईमानदारी बच्चों को उच्च प्रतिष्ठा से पुरस्कृत करेगी.

### आदिवासी पड़हा स्वशासन सम्मेलन को लेकर कमेटी गठित



**बालूमाथ(लातेहार) ।** बालूमाथ के गेरेंजा टोला हराफू के स्कूल मैदान में 24 फरवरी को आदिवासी पड़हा स्वशासन व्यवस्था का सम्मेलन होगा. आदिवासी समुदाय समाज को जागरूक करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में प्रचार प्रसार कर रहे हैं. सम्मलेन के सफल आयोजन को लेकर बैठक कर कमिटी का गठन किया गया. कमिटी में पड़हा राजा प्रभु दयाल उरांव, शंकर उरांव, बिरनदेव उरांव, उदय उरांव, रामवृक्ष उरांव, अजय उरांव, नागेश्वर उरांव, सुरेश उरांव, लालजी उरांव, रमेश उरांव, राहुल भोक्ता, महेंद्र टोप्पो, सुनील उरांव, सावन उरांव, रामलाल भगत और रामप्रवेश उरांव को शामिल किया गया है.

### बरवाडीह सहजकर्ता दल को दिया गया प्रशिक्षण



**बरवाडीह (लातेहार।** सोशल मोबलाइजर एवं फेसिलेटर की एक बैठक बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज की उपस्थिति में प्रखंड कार्यालय सभागार में की गई. बैठक में पंचायती राज विभाग के प्रखंड समन्वयक मंजीत कुमार ने बताया कि प्रखंड के प्रत्येक पंचायत में पहले चार स्वयं सेवक कार्य कर रहे थे. जिनमें से दो लोगों का चयन किया गया हैं. उन्हें उनके कार्यों से संबंधित जानकारी दी गई. ग्राम पंचायत के विकास कार्यों में इन सोशल मोबलाइजर और फेसिलेटर की भूमिका महत्वपूर्ण होगी. जीपीडीपी के तहत किए जाने वाले कार्यों की सूचना उपलब्ध कराना फेसिलेटर का काम होगा और मोबलाइजर ग्राम सभा को संबोधित करेंगे. लोगों को मोटिवेट करने का काम करेंगे.

### कामता पंचायत में लगा वृद्धावस्था पेंशन शिविर



**चंदवा, लातेहार ।** मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन को लेकर प्रखंड के कामता पंचायत सचिवालय में तीन दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है. शिविर 22 फरवरी शाम चार बजे तक चलेगा. शिविर में सभी वर्ग की महिलाओं तथा अनसूचित जाति व जनजाति वर्ग के योग्य पुरूष लाभुक पेंशन के लिए फार्म जमा कर रहे हैं. योजना में पहले 60 वर्ष के बाद वृद्धावस्था पेंशन सरकार देती थी लेकिन राज्य सरकार साठ वर्ष की बाध्यता घटाकर अब 50 वर्ष कर दिया है. पंचायत समिति सदस्य अयूब खान ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है 50 से 60 वर्ष आयु वर्ग के सभी वर्ग की महिलाओं, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के योग्य पुरूष लाभुकों को शत प्रतिशत उक्त योजना का लाभ मिले. शिविर में अब त कुल 154 आवेदन आये हैं. आवेदनों को ऑनलाइन कर आवेदन कर्ताओं को पावती रसीद दे दिया गया है. शिविर में पंचायत समिति सदस्य अयूब खान के अलावा मुखिया नरेश भगत, पंचायत सचिव प्रमोद गंझू, ग्राम प्रधान पचु गंझू, डीलर शाहिद खान आदि मौजूद थे.

### शहीद फ्लाइट लेफ्टिनेंट मनु अखौरी का मना जन्म दिवस



**मेदिनीनगर।** सुभाष चौक स्थित शहीद मनु अखौरी रोड (कर्नल संजय अखौरी के आवास पर) में बुधवार को 40 वां जन्मदिन मनाया गया. कार्यक्रम की शुरुआत शहीद की दादी दया चरण, रतन अखौरी, मधु अखौरी (चाचा-चाची) एवं पूर्व सैनिक बृजेश कुमार शुक्ला ने शाहिद की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित व पुष्पांजलि अर्पित कर किया. कार्यक्रम का संचालन पूर्व सैनिक बृजेश कुमार शुक्ला ने किया. कार्यक्रम में शहीद मनु अखौरी अमर रहे, भारत माता की जय एवं वन्दे मातरम् के नारो से पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा. मौके पर अविनाश वर्मा, अविनाश देव, व्यवसायी सुरेश जैन, सरस जैन, मेदिनीनगर के पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र प्रसाद सिंह, समाजसेवी रामनाथ चंद्रवंशी, शक्ति अखौरी, अजय श्रीवास्तव, सुबेदार मेजर संजय कुमार शर्मा, सुबेदार मेजर सुनील कुमार सिंह, पूर्व सैनिक दिनेश कुमार गुप्ता, दयाशंकर शर्मा, रमण श्रीवास्तव, कामख्या नारायण सिंह घनश्याम तिवारी, अजय कुमार संजु शुक्ला आदि उपस्थित थे.

---

# सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ उठाएं ग्रामीण : डीसी



**संवाददाता । लातेहार**

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग गव्य प्रक्षेत्र द्वारा पशुपालन विभाग कार्यालय परिसर में एक दिवसीय जिला स्तरीय पशु मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त गरिमा सिंह व जिप अध्यक्ष पूनम देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. मौके पर उपायुक्त ने सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील ग्रामीणों से की. उन्होने पशुपालन विभाग के कई योजनाओं के अलावा टीकाकरण व पशुधन की महत्ता पर प्रकाश डाला. आजीविका के लिए उन्नत पशुपालन अपनाने तथा विभाग में संचालित योजनाओं का लाभ लेने की अपील की. कार्यक्रम में पशु चिकित्सकों ने पशुपालकों को पशुओं की बीमारी एवं उसके इलाज व दवा के विषय में जानकारी दी. प्रदर्शनी में उन्नत नस्ल के पशुओं की प्रदर्शनी लगाई गई. कार्यक्रम में जिप सदस्य विनोद उरांव, जिला पशुपालन पदाधिकारी देवनाथ कुमार चौरसिया, जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश सिंह, जिला सहकारिता पदाधिकारी जगमनी टोपनो, विधि शाखा प्रभारी श्रेयांश आदि मौजूद थे.

### राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामले निस्तारण का लक्ष्य

**मेदिनीनगर।** झालसा के दिशा निर्देश व पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर 9 मार्च को पलामू जिला व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा . इस संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि इस वर्ष के पहले राष्ट्रीय लोक अदालत में 25 हजार से अधिक मामले निस्तारण का लक्ष्य है. बीते वर्ष राष्ट्रीय लोक अदालत में 23 हजार मामले का निस्तारण किया गया था. उन्होंने बताया कि इसके लिए विभिन्न विभागों के साथ बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं. उन्होंने बताया कि लोक अदालत में चेक बाउंस से संबंधित मामले, सुलहनीय बाद, सभी तरह के दीवानी मामले, विद्युत अधिनियम के वाद, विवाहोतर प्रताड़ना के वाद, राजस्व न्यायालय में लंबित मामले, अंतिम प्रपत्र से सम्बंधित वाद,श्रम वाद, रेलवे न्यायालय में लंबित मामले आदि की सुनवाई होगी.

# भट्ठा मजदूरों के बच्चों का भविष्य हुआ अंधकारमय



**संवाददाता । चंदवा, लातेहार**

चंदवा में ईंट भट्ठा मजदूर के बच्चों का भविष्य अंधकारमय है. ईंट का निर्माण कर रही महिला के बच्चों के लिए छत भी मयस्सर नहीं है. मां ईंट निर्माण कार्य में लगी रहती है और बच्चे यूं ही इधर उधर भटकते रहते हैं. चंदवा में ईंट भट्ठा मालिकों के द्वारा बाल सुरक्षा अधिनियम और कानून को ताक पर रख कर काम लिया जा रहा है. यह बाल अधिकारों का हनन है. चंदवा थाना क्षेत्र में इंट भट्ठे का निर्माण धड़ल्ले से किया जा रहा है. हर भट्ठे में आर्थिक तंगी से गुजरने वाले धात्री माता अपने नवजात बच्चों समेत 12-15 वर्ष के बच्चे के साथ सभी ईंट भट्ठों पर काम करते हुए नजर आ जाएगीं. भट्ठा मालिक इनके गरीबी का पूरा फायदा उठाते हैं. किसी किसी भट्ठे में छोटे बच्चों से छोटी हथौड़े से कोयला तुड़वाने जैसा कार्य करवाया जाता है.

**अंचल अधिकारी ने फोन रिसीव नहीं किया**

शुभम संदेश संवादाता ने इस संबध में पक्ष लेने अंचल कार्यालय चंदवा पहुंचे. लेकिन वे कार्यालय में नहीं थे. संवाददाता के द्वारा फोन पर संपर्क कर पक्ष जानने का प्रयास किया गया पर उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया.

### महायज्ञ में शामिल हुए ब्रह्मदेव प्रसाद

**मेदिनीनगर।** पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) एकता एवं अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद आज सतबरवा प्रखंड के खामडीह में चल रहे श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में शामिल हुए. ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहां कि आमंत्रण मिलने के बाद तुरंत यज्ञ स्थल पहुंचा हूं. उन्होंने यज्ञ शाला में जाकर परिक्रमा की व श्रीरामचरित मानस कथा मंच पर जाकर कथा वाचक का आशीर्वाद प्राप्त किया. इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे.

**AFFIDAVIT**

I Delemà Khatun w/o late Md. Sahadullah, resident of Idrish Colony, Kantatoli,Ranchi, P.O. Kantatoli, P.S. Lower Bazár, District, Ranchi, Jharkhand-834001-Aadhar no. 7577 0416 2870, do hereby solennly affirm and declare as folows:-

1. That I am an Indian citizen by birth and residing at above mentioned address.
2. That Md. Sahadullah was my husband who died on 11.12.2023 and was an employee in ARMY As Havaldar Vide Regimental Number 13853002N & P.P.O. number 232198901664 P.P.P. No.153198903940.
3. That my said husband was taking pension before the death from Union Bank of India, Kantatoli Branch, Ranchi Vide A/c no. 425802010008147
4. That my husband's spouse details my name has been wrongly mentioned as DEVLAMA KHATUN in place of DELEMA KHATUN.
5. That DELEMA KHATUN & DEVLAMA KHATUN is the same and one person i.e. myself.
6. That this affidavit is done for correction my name in my pension Book.
7. That the statements made above are correct and true, hence this affidavit. If any thing found false, I will be fully responsible for the same.

Aff. No. 474/16-02-24

---

**तैयारी** स्वीप की बैठक में मतदाता जागरूकता व मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर जोर

# मतदान के दिन पिंक सिटी बस सेवा का होगा नि:शुल्क संचालन

**संवाददाता । मेदिनीनगर**



मेदिनीनगर नगर निगम के आयुक्त सह स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी जावेद हुसैन की अध्यक्षता में बुधवार को स्वीप कार्यक्रम को लेकर बैठक हुई. बैठक में उन्होंने विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों को मतदाता जागरूकता को लेकर कई टास्क सौंपे. सभी से इस बार 80 प्रतिशत मतदान पार के संकल्प के साथ स्कूली बच्चे, युवा, बुजुर्ग, महिला एवं पुरुषों को मताधिकार के उपयोग के लिये जागरूक करने का निर्देश दिया.

उन्होंने कहा कि मजबूत लोकतंत्र में प्रत्येक जन की भागीदारी अनिवार्य है और इसके लिए आवश्यक है कि सभी पात्र मतदाता मतदान करें. जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्रों में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता (स्वीप) गतिविधियों के माध्यम से सभी पात्र मतदाताओं को इस दिशा में जागरूक किया जाएगा. उन्होंने कृषि पदाधिकारी को विभाग के एटीएम व बीटीएम का सहयोग लेते हुए उनके माध्यम से लोगों के बीच मतदान संबंधित जागरूकता कराने तथा श्रम अधीक्षक को प्रवासी श्रमिकों से संपर्क स्थापित करते हुए उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि प्रवासी श्रमिकों से ई-कार्ड, टेलीफोन, एसएमएस के ज़रिए संपर्क स्थापित किया जा सकता है. इसी तरह सभी पीडीएस डीलरों के माध्यम से भी सभी कार्डधारियों को शतप्रतिशत मतदान कराने पर बल दिया.

पोस्ट ऑफिस से आनेवाले सभी डाकों पर मतदान संबंधित स्लोगन, एमएमसीएच के सभी पर्चो में भी जागरूकता संदेश लिखवाने, अन्य सभी सरकारी दैनिक चिट्ठी पर भी मतदान करने संबंधित स्लोगन लिखवाने पर बल दिया गया. नगर आयुक्त ने कहा कि पलामू में जिस दिन भी मतदान होगा उस दिन निगम क्षेत्र में मतदाताओं को बूथ तक फ्री में पिक एंड ड्राप किया जायेगा. उन्होंने अन्य नगर परिषद व नगर पंचायत के पदाधिकारी को इसी तरह के योजना पर काम करने पर बल दिया. उन्होंने कहा कि मतदान के दिन मतदाताओं को बूथ तक पहूंचाने व लाने में मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना का भी लाभ लिया जायेगा. बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कु, सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह, श्रम अधीक्षक एतवारी महतो, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार, समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे.

# डीएमओ ने किया विभिन्न क्रशर की जांच व सत्यापन

**संवाददाता । मेदिनीनगर**

अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन को लेकर उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बुधवार को पलामू जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में संचालित कृषक की जांच, बंद पड़े क्रसर का सत्यापन व ईंट भट्ठा का निरीक्षण किया. डीएमओ ने छतरपुर के चराई व बरडीहा में संचालित दर्जनों क्रशरों की जांच की. जांच के क्रम में विभाग द्वारा बंद क्रशरों का भी सत्यापन किया, जबकि संचालित क्रशरों पर पहुंच कर स्टॉक चिप्स समेत अन्य नियमों की जांच की. उन्होंने क्रशर संचालको को एक सप्ताह के अंदर कागजातों की सत्यापन को लेकर बुलाया एवं निर्देशित किया कि सत्यापन नहीं कराए जाने पर नियम के तहत कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने बरडीहा में जय मां विध्वाशनी स्टोन, अशोक कुमार सिंह, जयमाता स्टोन, विष्णु स्टोन, बजरंग स्टोन, श्री राम स्टोन, गुप्ता स्टोन, महादेवा चिप्स व जय शतंचंडी स्टोन, चराई में जयमाता दी स्टोन, नैतिक स्टोन, मां टेडिग स्टोन, वासुदेव स्टोन, सर्व जय मां लीलोरी स्टोन, वैष्णव माता चिप्स व मां स्टोन क्रशर की जांच की तथा बंद पड़े जय माता स्टोन, जय शतचंडी स्टोन, वासूदेव स्टोन, श्री स्टोन एवं गुप्ता स्टोन की जांच की. डीएमओ आनंद कुमार ने पाटन में संचालित ईंट भटठा का निरीक्षण किया.

## ब्रीफ खबरें

### भूमिज भाषा को अलग भाषा कोड देने की मांग

**मुसाबनी।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के रांची निवास पर बुधवार को आदिवासी भूमिज समाज के प्रतिनिधियों ने मुलाकात की. मुख्यमंत्री को पारम्परिक अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया. भूमिज भाषा को मैट्रिक परीक्षा में अलग भाषा कोड उपलब्ध कराने की मांग रखी. द्वितीय राजभाषा मान्यता प्राप्त जनजाति भूमिज भाषा को झारखंड कर्मचारी चयन आयोग व झारखंड लोक सेवा आयोग में शामिल कराने को लेकर मांग पत्र सौंपा. इसके साथ प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां रंकिणी मंदिर परिसर जादूगोड़ा में मां रंकिणी महोत्सव आयोजित कराने के लिए अनुरोध करते हुए मांग पत्र सौंपा गया.

### विभिन्न बंगाली संगठनों ने मनाया भाषा दिवस

**घाटशिला।** भाषा दिवस के अवसर पर बुधवार को गौरीकुंज उन्नयन समिति एवं घाटशिला विभूति स्मृति सांसद की ओर से विभूति भूषण बंदोपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अलग-अलग स्थान पर मनाया. घाटशिला विभूति स्मृति संसद के समीप तस्वीर पर मुख्य अतिथि थाना प्रभारी मधुसूदन दे ने माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया विभिन्न भक्तों ने बांग्ला भाषा की रक्षा के लिए अपनी प्राण की आहुति देने वाले वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई.

### मतदाताओं को बीडीओ ने दिलाई शपथ

**घाटशिला।** घाटशिला प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी युनिका शर्मा ने बुधवार को आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदाताओं को शपथ दिलाई. लोकसभा चुनाव में मतदान को बढ़ावा देने के लिए इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि मतदान एक महत्वपूर्ण अधिकार और जिम्मेदारी है. सभी नागरिकों से आग्रह किया कि आयोजित हो रहे कार्यक्रमों में निश्चित रूप से भाग लें और लोकसभा चुनावों में मतदान करने के लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता फैलाएं.

### श्याम मंदिर में 25 से शुरू होगा फाल्गुन महोत्सव

**चांडिल।** छोटी सी ध्वजा सिलवा दे ओ मम्मी, खाटु जी की टिकट बनवा दे , मैं भी खाटु धाम जाऊंगा के भजन के साथ चांडिल श्याम मंदिर में फाल्गुन महोत्सव की तैयारी का आगाज हुआ. चांडिल श्याम मंदिर में एकादशी के अवसर पर श्री श्याम कला भवन चांडिल के तत्वावधान में आयोजित भजन संकीर्तन में सभी श्याम प्रेमी झूमते नाचते बाबा श्याम का जयकारा लगाए. भजन गायक सुभाष शर्मा, रवि शर्मा सहित अन्य ने एक से बढ़ कर एक भावपूर्ण भजन प्रस्तुत किए. एकादशी के अवसर पर बाबा श्याम का फ़ूलों से श्रृंगार किया गया.

### सेल के ईडी बीके गिरि को किया गया पुरस्कृत

**किरीबुरु।** द इंडियन माइनिंग एंड इंजीनियरिंग जर्नल द्वारा सुरक्षित और टिकाऊ खनन प्रौद्योगिकी पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (19, 20, 21 फरवरी 2024) में सेल - भिलाई ग्रुप ऑफ माइंस के कार्यपालक निदेशक (खान) बी का गिरी को पुरस्कृत किया. यह पुरस्कार पश्चिमी सिंहभूम के पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्र में लौह अयस्क खान गुआ की पर्यावरण-अनुकूल प्रणाली विकसित और संचालित करने के लिए यह खनन नवाचार/सतत विकास पुरस्कार प्रदान किया गया.

अरका जैन यूनिवर्सिटी के अंग्रेजी विभाग की ओर से मना अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस

# मातृभाषा ही शब्द व संप्रेषण का उद्गम होती है : पद्मा

संवाददाता। जमशेदपुर



अरका जैन यूनिवर्सिटी के अंग्रेजी विभाग की ओर से बुधवार को माई भाषा कार्यक्रम के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का आयोजन किया गया. इसमें मातृभाषा की महत्ता और बहुभाषीय शिक्षण पर व्याख्यान के अलावा कई मातृभाषाओं में काव्य-पाठ, व्याख्यान व फैशन शो की प्रस्तुति की गई. इस अवसर पर मुख्य अतिथि व वक्ता के रूप में लेखिका पद्मा मिश्रा उपस्थित थीं. कार्यक्रम का संयोजन डॉ राजकुमारी घोष तथा समन्वयन डॉ मनोज पाठक व प्रो सुनीता झा ने किया. बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के अध्यक्ष डॉ एसएस रजी, कुलसचिव डॉ अमित कुमार श्रीवास्तव, निदेशक परिसर सह छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष डॉ अंगद तिवारी, वित्त पदाधिकारी ऋचा गर्ग ने सभी को मातृभाषा दिवस की शुभकामनाएं दीं. मातृभाषा की महत्ता बताते हुए पद्मा मिश्रा ने कहा कि मातृभाषा ही किसी भी व्यक्ति के शब्द और संप्रेषण कौशल का उद्गम होती है. मातृभाषा व्यक्ति के संस्कारों की परिचायक है. उन्होंने कहा कि मातृभाषा से ही सभ्यता एवं संस्कृति पुष्पित-पल्लवित और सुवासित होती है. कुलसचिव डॉ अमित श्रीवास्तव ने कहा कि मातृभाषा न केवल व्यक्ति को अपनी संस्कृति और धरोहर से जोड़ती है,.बल्कि उसे आगे ले जाने में भी सहायक होता है.

**खास बातें**

- मातृभाषा दिवस पर काव्य-पाठ का आयोजन
- कई लोगों का हुआ व्याख्यान व फैशन शो में दिख जलवा

**छात्रों में भाषाई कौशल का विकास जरूरी : डॉ मनोज**

बहुभाषीय शिक्षा पर प्रकाश डालते हुए डॉ मनोज पाठक ने कहा कि बहुभाषी शिक्षा भाषा के विकास और अधिग्रहण को बढ़ावा देती है, जिससे छात्रों के भाषाई कौशल का विकास होता है. अतिरिक्त भाषाओं को सीखना शिक्षा के अंतर-सांस्कृतिक आयाम को बढ़ाता है, जो अधिक व्यापक विश्व दृष्टि प्रदान करता है. इस अवसर पर विद्यार्थियों ने बांग्ला, भोजपुरी, मैथिली, गुजरती, पंजाबी, उर्दू, संताली समेत अन्य भाषाओं में काव्य-पाठ किया. वहीं फैशन शो के माध्यम से अपनी संस्कृति को प्रस्तुत किया .अनीषा मिश्रा ने कार्यक्रम का संचालन एवं प्रो सुनीता झा ने धन्यवाद ज्ञापन किया.

27 फरवरी को मोरहाबादी में सामूहिक उपवास पर बैठेंगे सैकड़ों कार्यकर्ता

# हेमंत की रिहाई और न्याय के लिए करेंगे न्याय यात्रा : सतीश

संवाददाता। चाईबासा



सरनाडीह स्थित झामुमो कार्यालय परिसर में सदर प्रखंड अध्यक्ष सतीश सुंडी की अध्यक्षता में तथा पर्यवेक्षक डोमा मिंज की उपस्थिति में झामुमो सदर प्रखंड एवं नगर समिति की बैठक हुई. जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री सह पार्टी के केन्द्रीय कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन की रिहाई और न्याय के लिए जिला में प्रस्तावित न्याय यात्रा तथा आगामी 27 फरवरी को राजधानी रांची में प्रस्तावित सामूहिक उपवास कार्यक्रम की रुपरेखा और रणनीति तैयार की गई है. इस दौरान झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी का विरोध किया और इसे केंद्र की भाजपा सरकार की साजिश करार दिया गया. प्रखंड अध्यक्ष सतीश सुंडी ने कहा कि केंद्र की सरकार स्वतंत्र जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है. झारखंड में चुनी हुई एक लोकप्रिय सरकार को गिराने का प्रयास किया गया. हेमंत सोरेन को केंद्र सरकार ने साजिश करके जेल भेजवाने का काम किया है. हेमंत सोरेन के राज्य में लोकप्रियता को बढ़ता देख और उनके विकास का काम देखकर भाजपा की तानाशाही सरकार घबरा गयी है. न्याय यात्रा के माध्यम से जनता की अदालत में ले जाकर हम इस साजिश का पर्दाफाश करेंगे और हेमन्त सोरेन के लिए न्याय मांगेंगे. इसके लिए जिला में पंचायत, प्रखंड एवं जिला स्तर पर न्याय यात्रा का आयोजन किया जाएगा. इसके अलावा आगामी 27 फरवरी को प्रखंड से कार्यकर्ता रांची कूच करेंगे और मोरहाबादी मैदान में सामूहिक उपवास रखेंगे. प्रखंड अध्यक्ष सतीश सुंडी ने कहा कि अपने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की रिहाई एवं न्याय के लिए न्यायपालिका के साथ ही साथ, जनता की अदालत तथा ऊपरवाले की अदालत में भी अपना पक्ष रखते हुए न्याय का हर दरवाजा खटखटाने का काम करेंगे. बैठक में उपस्थित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने इन कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपनी सहमति जताई. बैठक में मुख्य रूप से राहुल तिवारी, मानाराम कुदादा, उदय बिरुली, सुमी पुरती, राजश्री सवैया, सुभाष चंद्र भज, पूर्ण चंद्र गोप, मनोहर सुंडी, राजेंद्र कुदादा, तुराम कुदादा, कुंडिया बारी, लेबर सिंह अल्डा, सुधीर तुबिद, बिरसिंह गोप, सूरजा देवगम, सुरेश सुंडी समेत अन्य मौजूद थे.

**खास बातें**

- भाजपा की साजिश का करेंगे पर्दाफाश
- झामुमो सदर प्रखंड एवं नगर समिति की हुई बैठक

**न्याय यात्रा को लेकर झामुमो ने बनायी रणनीति**

**चाईबासा।** टोंटो प्रखंड के झामुमो कार्यालय परिसर में बुधवार को प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष मुन्ना सुंडी की अध्यक्षता में एवं पर्यवेक्षक विकास गुप्ता की उपस्थिति में झामुमो टोंटो प्रखंड समिति की बैठक हुई. जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री सह पार्टी के केन्द्रीय कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन की रिहाई और न्याय के लिए जिला में प्रस्तावित न्याय यात्रा तथा आगामी 27 फरवरी को राजधानी रांची में प्रस्तावित सामूहिक उपवास कार्यक्रम की रुपरेखा और रणनीति तैयार की गई है. इस दौरान झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी का विरोध किया और इसे केंद्र की भाजपा सरकार की साजिश करार दिया गया. मौके पर प्रत्येक पंचायत में न्याय यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया. साथ ही आगामी 27 फरवरी को रांची में आयोजित उपवास कार्यक्रम सैकड़ो की संख्या में रांची जाने की सहमति जताई गई. मौके पर जिला परिषद सदस्य राज नारायण तुबिद, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष मुन्ना सुंडी, राजीव हेस्सा, तुराम बिरुली, रंजीत सोलंकी, कालीचरण दास, संजय दास, फुलेंद्र महतो, वीर सिंह सुंडी, कितामोहन सुंडी, सालुका हेस्सा, देवेन देवगम समेत अन्य उपस्थित थे.

### मोर्चा की बैठक में शामिल हुए आयोग के सदस्य


**घाटशीला।** झारखंड राज्य निर्माण आंदोलनकारी मोर्चा की ओर से बुधवार को माझी परगना महाल भवन पावड़ा में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड राज्य आंदोलनकारी चिन्हितकरण आयोग के सदस्य भुवनेश्वर महतो उपस्थित थे. महतो ने उपस्थित अनुमंडल के विभिन्न प्रखंडों से आए आंदोलनकारी की बात सुनने के बाद उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा आंदोलनकारी के लगभग 70 से अधिक आवेदन पर कोई कार्रवाई नहीं किया था इसके आंदोलनकारी की पहचान नहीं हो सकी. हेमंत सोरेन की सरकार ने पुनः आयोग का गठन किया है. नए आयोग के गठन के बाद अधिक से अधिक आंदोलनकारी आवेदन जमा कर रहे हैं सभी को इसका लाभ मिलेगा.

### छात्रों को दी गई उद्यमिता की जानकारी

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित को मिसेज केपीएम वोकेशनल कॉलेज के बीबीए विभाग की ओर से बुधवार को उद्यमिता पर एक ज्ञानवर्धक सत्र का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के वक्ता हेल्दी स्कूप प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक और सीईओ निखिल शारदा थे. उन्होंने उद्यमशीलता परिदृश्य में अंतर्दृष्टि, रणनीतियों और वास्तविक दुनिया के अनुभवों को साझा किया. इंटरैक्टिव चर्चाओं के माध्यम से श्री शारदा ने उद्यमशीलता प्रयासों में नवाचार, लचीलेपन और अनुकूलनशीलता के महत्व पर जोर दिया.सत्र के दौरान कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ मीता जखनवाल ने वक्ता की सराहना की और छात्रों को आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित और प्रेरित किया.

## न्यूज अपडेट

### भाजपा अजा मोर्चा ने किया जनसंपर्क अभियान शुरू



**आदित्यपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला सरायकेला-खरसावां अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा प्रदेश से मिले दिशा निर्देश के अनुसार दलित बस्ती जन संपर्क अभियान कार्यक्रम की शुरुआत बुधवार को आरआईटी मंडल अंतर्गत मुखी बस्ती, बाउरी बस्ती एवं कालिंदी बस्ती मे किया. कार्यक्रम का शुभारंभ रोड नंबर 4 स्थित अम्बेडकर चौक से बाबा साहेब की मूर्ति पर माल्यार्पण के साथ किया गया.जिसका नेतृत्व अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजीव रंजन उर्फ़ छोटू पासवान द्वारा कर रहे थे. इस अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है.

### किसान आंदोलन से रोज करोड़ों की क्षति: अभय



**आदित्यपुर।** किसान आंदोलन के चलते जन जीवन अस्त-व्यस्त है. रोजाना करोड़ो का राजस्व का नुक्सान हो रहा है. एक तरफ सरकार किसान से लगातार बातचीत कर समाधान निकालने की कोशिश कर रही हैं वही दूसरी और कांग्रेस के साथ अन्य पार्टी आग में घी डालने का काम कर रही है. यह कहना है युवा जन शक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय झा का. उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिए कि इस मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक बुलाए और किसान की अहम मुद्दों पर अविलम्ब संज्ञान ले. वही जो पार्टी ने दोगली राजनीति करने की कोशिश कर रही है और इस आंदोलन के बहाने देश को अशांत करने की कोशिश कर रही है उसे जनता के सामने उजागर करे. क्योंकि भोली भाली किसान की आड़ में देश को तोड़ने की कोशिश हो रही है. ऐसे लोगों की पहचान नहीं हुई तो देश क़ो भारी नुकसान उठाना पर सकता है.

### अमरेंद्र मिश्रा की 18वीं पुण्यतिथि मनायी गयी



**आदित्यपुर।** वर्ष 2006 में युवा कांग्रेस के जिला महासचिव रहते एक सड़क दुर्घटना में मौत को गले लगा लेने वाले कांग्रेस नेता अमरेंद्र मिश्रा को बुधवार के दिन आदित्यपुर के गणमान्य नागरिकों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया. श्रद्धांजलि सभा का संचालन कांग्रेस नेता दिवाकर झा ने किया. उपस्थित नागरिकों ने अमरेंद्र मिश्रा के सामाजिक और राजनीतिक जीवन की चर्चा की. वक्ताओं ने उन्हें गांधीवादी नेता बताया. श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अरविंद सिंह ने कहा कि मुझे 40 वर्ष पुरानी बातें याद आती है जब वे हमारे पड़ोसी थे. वे एक सामाजिक व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे. आज उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं.

### बिहार की तर्ज पर जातीय सर्वेक्षण करवाने की मांग



**चाईबासा।** अंबेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया (एपीआई) के सिंहभूम लोकसभा प्रभारी धीमान रामहरि गोप ने बुधवार को झारखंड सरकार को एक ज्ञापन लिखकर झारखंड में यथाशीघ्र जातीय सर्वेक्षण करवाकर जनसंख्या के अनुपात में सभी वर्गों को सेवाओं एवं लाभ के पदों पर प्रतिनिधित्व सुनिश्चित की जाने की मांग की है. विगत वर्ष बिहार सरकार ने भी जातीय सर्वेक्षण करवाकर बिहार में सभी वर्गों को जनसंख्या के अनुपात में प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया है. इसके बाद से ही झारखंड में भी बिहार के तर्ज पर जातीय सर्वेक्षण करवाने का मांग हो रही थी. जाति जनगणना अंतिम बार 1931 में की गई थी. हालांकि 2011 में जाति जनगणना करवाई गई. लेकिन इसे अब तक आंकड़ों को सार्वजनिक नहीं किया गया. 1931 के जनगणना के अनुसार अन्य पिछड़ा वर्गों की जनसंख्या लगभग 52% आंकी गई थी.

### ग्रेजुएट कॉलेज में दिखी भाषाओं की बहुरंगी छटा



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के साकची स्थित द ग्रेजुएट स्कूल कॉलेज फॉर वीमेन के हिंदी विभाग में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया गया. इस अवसर पर मातृभाषा के महत्व विषय पर लेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इसमें प्रथम, द्वितीय एवं पांचवें सेमेस्टर की छात्राओं ने हिस्सा लिया. इससे पूर्व मातृभाषा दिवस के बारे में बताते विभागाध्यक्ष राकेश कुमार पांडेय ने कहा कि मातृभाषा भावनाओं को अभिव्यक्त करती है. जिस सहज ओर सरल तरीके से व्यक्ति अपनी मातृभाषा में अपने को अभिव्यक्त कर सकता है उतना किसी और भाषा में नहीं. राकेश पांडेय ने कहा कि मातृभाषा जहां जोड़ों से जोड़कर रखती है वहीं समाज को एकता के सुत्र में भी बांधे रखती है.

### राष्ट्रीय पदक विजेता राहुल का चक्रधरपुर में स्वागत



**चाईबासा।** 19वॉ राष्ट्रीय अंतर जिला जूनियर एथलेटिक्स मीट के लंबी कूद के रजत पदक विजेता राहुल बोबोंगा कोच एवं पश्चिम सिंहभूम जिला ओलंपिक संघ एवं पश्चिम सिंहभूम एथलेटिक्स संघ के सचिव अजय नायक एवं समस्त खिलाड़ियों को चक्रधरपुर स्टेशन में गाजे बाजे एवं फूल माला पहना कर स्वागत किया गया. पश्चिम सिंहभूम जिला ओलंपिक एसोसिएशन एवं पश्चिम सिंहभूम एथलेटिक्स एसोसिएशन के उपाध्यक्ष गौरीशंकर महतो,जगत माझी कोषाध्यक्ष दीपक पासवान, संयुक्त सचिव कश्मीर कंदेयांग सह सचिव संजीव,लखींद्र एवं चक्रधरपुर प्रखंड एथलेटिक्स एसोसिएशन के संरक्षक बलराज हिंदवार अध्यक्ष कपिल महतो, सचिव राजेश महतो, जमुना सोय,संतोष बोबोंगा आदि खेल प्रेमियों द्वारा स्वागत किया गया.

### जेजीओएम अंतर खान क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू



**किरीबुरु।** सेल, बीएसएल, मेघाहातुबुरु खदान प्रबंधन के तत्वाधान में मेघाहातुबुरु खेल मैदान में आयोजित जेजीओएम अंतर खान क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारम्भ बतौर मुख्य अतिथि मेघाहातुबुरु के सीजीएम आर पी सेलबम, विशिष्ट अतिथि किरीबुरु के सीजीएम कमलेश राय, महिला समिति की अध्यक्ष स्टेला सेलबम ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया. प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच सेल की गुआ और मेघाहातुबुरु खदान प्रबंधन के बीच खेला जा रहा है. 20-20 ओवर के इस मैच में टॉस जीतकर गुआ के कप्तान महाप्रबंधक संजय बनर्जी ने बल्लेबाजी करना प्रारम्भ किया है.

श्रमिक संघ ने गुवा के सीजीएम को मांग पत्र सौंपा

# बीएमएस ने बीमा से जुड़े कई सवाल दागे

संवाददाता। किरीबुरु

बीएमएस से सम्बद्ध गुआ-चिड़िया खान श्रमिक संघ के महामंत्री विजय तीयू ने दुर्घटना बीमा से संबंधित समस्याओं का समाधान के लिए गुआ के सीजीएम कमल भाष्कर को मांग पत्र सौंपा. सौंपे गये मांग पत्र में कहा गया है कि कर्मचारियों के हित के लिए बोकारो इस्पात संयंत्र सह खदान क्षेत्र में दुर्घटना बीमा समिति बन गई है या उस समिति में मौजूद सदस्यों के लिए बनाई गई है. इस बीमा दुर्घटना से तो कर्मचारियों के वेतन का मोटा हिस्सा मात्र 25 लाख के बीमा के लिए सालाना 2396 रुपये चार किस्तों में किसी बेनाम कंपनी को जाता दिख रहा है.

**सर्कुलर में बीमा कंपनी का नाम का नहीं है :** इसमें बोकारो स्टील सामूहिक दुर्घटना बीमा समिति का सर्कुलर में बीमा कंपनी का नाम का उल्लेख ही नहीं किया गया है. बोकारो स्टील सामूहिक दुर्घटना समिति ने किस बीमा कंपनी के साथ दुर्घटना बीमा करने का करार किया है.सदस्यों को जानकारी होनी चाहिए कि किस बीमा कंपनी के द्वारा वह बिमित है.

यह जानकारी क्यो छुपाई गई है . यह घोर आश्चर्य है कि पूरे सेल में बोकारो स्टील प्लांट की सामूहिक दुर्घटना बीमा समिति ही एक मात्र समिति है जो प्रत्येक तीन माह में बीमा करवा रही है.

**वार्षिक प्रीमियम में भी कई पेंच :** उसमें भी 599 रुपया प्रति तिमाही का भारी भरकम प्रीमियम लेकर बीमा करवाई गई है. उस पर यह भी गारंटी नहीं है कि अगली तिमाही में प्रीमियम दर यथावत रहेगा या उसमे भी वृद्धि की संभावना है. जबकि सेल की दूसरी यूनिटों में वार्षिक प्रीमियम दर 1000 रुपया से लेकर 1800 रुपया तक है जिसमे बीमा राशी भी अधिक है. बोकारो इस्पात संयंत्र के वैसे कर्मचारी जो बीमा लेने हेतु इच्छूक नहीं होंगे उनको मात्र दो दिन का समय दिया गया है. उसमे भी अपने नियंत्राधिकारी से सत्यापित करवा कर डाक से भेजने के बाद उनके आवेदन पर विचार किया जायेगा.

**बीएमएस ने कई मामलों में जांच की मांग की**

बीएमएस ने कहा कि हमारी यूनियन निम्नलिखित मुद्दो पर जांच चाहती है, जिसमें बोकारो स्टील सामूहिक दुर्घटना समिति ने दुर्घटना बीमा करने हेतु, बीमा कंपनियों से आवेदन कब मंगवाया था तथा आवेदन मंगवाने के लिए क्या प्रक्रिया अपनाई गई थी तिमाही बीमा करने का निर्णय किस फोरम पर किया गया और क्यूं किया गया है. दुर्घटना बीमा करने हेतु किन किन बीमा कंपनियो ने अपना कोटेशन जमा किया था. पहले के वर्ष की तरह इस बार ई मेल से बीमा नहीं लेने की सूचना देने का नियम क्यों नहीं बनाया गया है.

महिला खिलाड़ियों की भगीदारी रही मैच का आकर्षण

# इंडस्ट्रियल टाईटन ने स्टील वॉरियर्स को 4 विकेट से हराया



संवाददाता। आदित्यपुर

टाटा स्टील टेक्निकल सर्विसेज लिमिटेड एवं टाटा स्टील सपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधन में टीजीएस मैदान गम्हरिया में क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया. जिसमें स्टील वारियर्स एवं इंडस्ट्रीयल टाईटन दो टीमों ने भाग लिया. दस ओवर के मैच में स्टील वारियर्स की टीम ने 64 रन का लक्ष्य रखा जिसे इंडस्ट्रीयल टाईटन की टीम ने 9.3 ओवर में 6 विकेट खो कर पूरा किया. स्टील वारियर्स की ओर से अजय सेठी ने 16 रन बनाने के साथ चार विकेट भी प्राप्त किया. जिन्हें मैन आॅफ द मैच का अवार्ड दिया गया. दोनों टीमों में एक-एक महिला खिलाड़ियों की उपस्थिति मैच के रौनक को बढा रही थी. मैच का आकर्षण इंडस्ट्रीयल टाईटन टीम की महिला खिलाड़ी सुदृथि बेरा रही जिन्होंने स्टील वारियर्स टीम के कैप्टन अजय बेहरा को आउट किया. मैच के सफल आयोजन में टाटा स्टील टेक्निकल सर्विसेज लिमिटेड के सीईओ संदीप धीर एवं टाटा स्टील सपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड के सीईओ दीपक पी कामथ की भूमिका सराहनीय रही.

**टूर्नामेंट**

मुख्य अतिथि आरपी सेलबम ने विजेता और उप विजेता टीम को बधाई दी

# मेघाहातुबुरु की टीम ने गुआ को 7 विकेट से हराया

संवाददाता। किरीबुरु



सेल, बीएसएल, मेघाहातुबुरु खदान प्रबंधन के तत्वाधान में मेघाहातुबुरु खेल मैदान में आयोजित जेजीओएम अंतर खान क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में सेल की गुआ टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 146 रन बनाये. इसमें वीरेन्द्र ने 18 गेंद में नाबाद 32 रन जिसमें दो छक्का व चार चौका शामिल था. जबकि शशीकांत ने तीन चौका व एक छक्का की मदद से 17 गेंद में 27 रन, सुरेन्द्र कुमार ने चार चौका की मदद से 22 गेंद में 22 रन बनाये. प्रवीण केरकेट्टा ने 4 ओवर में 25 रन देकर दो विकेट लिया.

लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेघाहातुबुरु की टीम ने 17.2 ओवर में 3 विकेट खोकर जीत प्राप्त की. मेघाहातुबुरु की तरफ से विक्की सिंह ने धुआंधार पारी खेलते हुये 7 चौका और 4 छक्के की मदद से 35 गेंद में 64 रन, जैकी अहमद ने 4 चौके की मदद से 30 गेंद में 23 रन तथा जे सशमल ने 4 चौके की मदद से 23 गेंद में 20 रन बनाये. कप्तान अरविन्द बिन्हा ने एक चौका व एक छक्का की मदद से 12 गेंद 15 रन बनाये. गुआ की तरफ से वीरेन्द्र, शशीकांत और संजय बनर्जी ने 1-1 विकेट लिये. विक्की सिंह मेन औफ द मैच रहे. 22 फरवरी को किरीबुरु एवं गुआ के बीच मुकाबला होगा. मुख्य अतिथि सीजीएम आर पी सेलबम ने विजेता और उप विजेता टीम को बधाई दी. इस दौरान सीजीएम आर पी सेलबम, सीजीएम कमलेश राय, सीजीएम एस एस साहा, महिला समिति की अध्यक्ष स्टेला सेलबम, सुषमा योगेश राम, नीलम वर्मा, महाप्रबंधक संजय कुमार सिंह समेत कई लोग मौजूद थे.

**चयन ट्रायल शिविर का आयोजन 1 और 2 मार्च को होगा**

**किरीबुरु।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड, बोकारो इस्पात संयंत्र (सेल) की फुटबॉल अकादमी झारखंड राज्य के खिलाड़ियों के लिए प्रारंभिक चयन ट्रायल शिविर का आयोजन आगामी 1 एवं 2 मार्च को सिंहभूम स्पोर्ट्स एसोसिएशन मैदान, चाईबासा में सुबह 7 बजे से प्रारम्भ करेगी. इसके लिये उम्र 1 जनवरी 2008 से 31 दिसम्बर 2009 के बीच होना चाहिए. खिलाड़ियों की ऊंचाई 5 फीट 7 इंच, जबकि गोलकीपर की ऊंचाई 5 फीट 10 इंच, दांतों की संख्या 28 होनी चाहिए. चयन ट्रायल में अपने साथ जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की सत्य-प्रति एवं फोटो कॉपी तथा साथ में दो फोटो लाना अनिवार्य है. खिलाड़ी अधिक जानकारी हेतु कूलचंद्र कुजूर (9204590817) एवं अर्जुन बानरा (9973704221) से सम्पर्क कर सकते हैं.

# हाथी ने ग्रामीण का घर तोड़ अनाज खाया

संवाददाता। किरीबुरु



दंतैल हाथी का उत्पात सारंडा जंगल स्थित शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आज पांचवे दिन भी जारी रहा. 21 फरवरी की अहले सुबह लगभग चार बजे उक्त हाथी गुवा वन क्षेत्र के छोटानागरा थाना अन्तर्गत बहदा गांव में जाकर गुरा चाम्पिया के घर को तोड़कर घर में रखा हुआ धान, चावल, मक्का आदि खा गया और सामानों को भी नुकसान पहुंचाया. घर में मौजूद गुरा चाम्पिया किसी तरह अपने परिवार व बच्चों के साथ भागकर जान बचाया. घटना की सूचना मिलते हीं सारे ग्रामीण सतर्क व एकत्रित होकर उक्त हाथी को गांव से भगाने में लग गये, जिस कारण वह हाथी और घरों को नुकसान नहीं पहुंचा सका. बहदा गांव निवासी पूर्व वार्ड सदस्य कामेश्वर माझी ने बताया की 20 फरवरी को कलैता, मर्चीगडा. के ग्रामीण उक्त हाथी को अपने गांव क्षेत्र से भगाये थे, जो आज सुबह हमारे गांव पहुंच गया. हम ग्रामीण भी भगा रहे हैं जिससे हाथी होंजोरदिरी गांव क्षेत्र के जंगलों में पुनः चला गया है. संभावना है कि उक्त हाथी फिर से कुमडीह, रांगरिंग, कलैता, मर्चीगड़ा, टोंटोगड़ा, झाड़बेड़ा अथवा किरीबुरु-मेघाहातुबुरु क्षेत्र के गावों अथवा शहरों की तरफ रुख करे. इससे उक्त गांवों व शहरों के लोग सतर्क रहें.

**हाथी ने किसी भी ग्राामीण को नुकसान नहीं किया :** इस हाथी की सबसे अच्छी खासियत अब तक यह दिखी है कि वह किसी ग्रामीण अथवा मानव समुदाय को निशाना नहीं बना रहा है. वह हमेशा लोगों के घरों को निशाना बनाकर घरों को तोड़ उसके अंदर रखे खाद्यान्न को हीं खा रहा है. दिन में वह जंगल में छुप जाता है और अंधेरा होते हीं गांव अथवा शहरों में जाकर उत्पात मचाने लग रहा है.

धर्मपुर में डाक जागरूकता शिविर का आयोजन, ग्रामीणों को विभिन्न बचत योजनाओं की दी गई जानकारी

# डाकघरों में सुरक्षा के साथ अधिकतम ब्याज पाएं : डाक अधीक्षक

**संवाददाता। टाटीझरिया**



प्रखंड के धर्मपुर पंचायत भवन में डाक विभाग हजारीबाग प्रमंडल द्वारा डाक शिविर का आयोजन किया गया. इस दौरान मुख्य अतिथि डाक अधीक्षक आशुतोष कुमार, सहायक डाक अधीक्षक ब्रजेश कुमार पासवान, शिकायत निरीक्षक विकास रंजन, मुखिया कांति कुमारी उपस्थित थी. अपने संबोधन में डाक अधीक्षक ने कहा कि डाक विभाग में किसी भी अन्य संस्थाओं की अपेक्षा अधिकतम ब्याज दर व सुरक्षा की गारंटी के साथ खाता का संचालन होता है.

डाक घर के माध्यम से अनेक प्रकार की बचत योजना, बीमा योजना, महिला सशक्तीकरण आदि को ध्यान में रख कर योजनाएं चलाई जा रही हैं. इसका आप सभी को लाभ उठाना चाहिए. उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय डाक आज अपनी सेवाओं के कारण अपनी पहुंच घर- घर तक बना चुका है. हम आर्टिकल की बुकिंग व वितरण में देश में अग्रणी है. सुकन्या समृद्धि खाता, बचत खाता, आवर्ती जमा खाता, सावधी जमा, महिला सम्मान बचत पत्र आदि के द्वारा लोगों को लघु बचत की सुविधा व अधिकतम ब्याज दे रहा है. डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा के माध्यम से लोगों को बीमा सुविधा न्यूनतम प्रीमियम पर अधिकतम बोनस के साथ प्रदान कर रहा है.

शिविर में 42 लोगों ने अपना जीवन बीमा कराया. वहीं 61 लोगों ने आईपीपीबी और 49 लोगों ने पोस्ट ऑफिस का खाता खुलवाया. इस दौरान मंच संचालन डाक अधिदर्शक राजीव कश्यप ने किया. मौके पर दारू डाकघर के उप डाकपाल रामाश्रय प्रसाद, डाक सहायक उत्तम महतो, पंचायत समिति सदस्य राजेश कुमार यादव, डाक कर्मचारी छोटेलाल मेहता, अभिमन्यु गुप्ता, सुषमा कुमारी, आभा कुजूर, अमन कुमार, प्रदीप कुमार, बजरंगी गोस्वामी, अनिल मुर्मू, चांदनी, अंकित सहित काफी संख्या में आसपास के ग्रामीण मौजूद थे.

**जरूरी जानकारी**

- आर्टिकल बुकिंग व वितरण में भारतीय डाक अग्रणी
- 42 ने जीवन बीमा और 61 ने आईपीपीबी खाता खुलवाया

**ग्रामीण डाकघरों में भी मिल रहीं कई सुविधाएं**

डाक अधीक्षक आशुतोष कुमार ने बताया कि सरकार द्वारा स्कॉलरशिप, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, पीएम किसान, गैस सब्सिडी आदि का भुगतान डाकघर के खाता पर उपलब्ध है. सभी ग्रामीण डाकघर में आधार मोबाइल अपडेशन एवं 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का नि :शुल्क आधार एनरोलमेंट की सुविधा दी जा रही है. जानकारी के अभाव में लोग चिटफंड कंपनियों के मकड़जाल में फंस कर अपनी गाढ़ी कमाई बर्बाद कर देते हैं. वहीं, भारतीय डाक आज अपनी गुणवत्तापूर्ण सेवाओं के लिए शिविर आयोजित कर लोगों को डाक योजनाओं की जानकारी और सेवाएं उपलब्ध करा रही है.

## उत्तरी छोटानागपुर अपडेट

### डीडीसी ने पंचायत सचिवों को किया शोकॉज

रामगढ़। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास योजना अंतर्गत संसूचित लक्ष्य के अनुरूप अब तक शत-प्रतिशत योग्य लाभुकों की स्वीकृति नहीं किए जाने पर डीडीसी रॉबिन टोप्पो ने संज्ञान लिया है. उन्होंने दुलमी प्रखंड अंतर्गत सिरू, चितरपुर प्रखंड अंतर्गत चितरपुर दक्षिणी, चितरपुर पश्चिमी, गोला प्रखंड अंतर्गत बरियातू, बरलंगा, बेटूलकला, सुतरी, बंदा, मांडू प्रखंड अंतर्गत बड़का चुंबा, मंझला चुंबा, बुमरी एवं पतरातू प्रखंड अंतर्गत चिकोर, जयनगर, सांकुल, बारीडीह एवं बीचा पंचायत के पंचायत सचिवों को दो दिनों के अंदर लक्ष्य के विरुद्ध शत-प्रतिशत योग्य लाभुकों की स्वीकृति सुनिश्चित करते हुए अब तक शत-प्रतिशत योग्य लाभुकों की स्वीकृति न किए जाने से संबंधित स्पष्टीकरण भी संबंधित बीडीओ के माध्यम से डीडीसी कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है. इसके साथ ही वैसे सभी पंचायत सचिवों की वेतन निकासी पर रोक लगाने की चेतावनी भी दी गई है.

### धारा 144 के बावजूद जमीन पर कब्जा की कोशिश

**कटकमसाडी।** प्रखंड क्षेत्र में खुटरा पंचायत में जमीन पर अवैध कब्जा का गोरखधंधा काफी फल-फूल रहा है. मामला खुटरा पंचायत में ओमप्रकाश ठाकुर के जमीन केवाला 22/01/1976 खाता नंबर 16 चकबंदी खाता संख्या 12 प्लांट संख्या 135, 629, 138,720, 728, रकबा 51.5 डिसमिल से जुड़ा है. इस भूखंड पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग के न्यायालय द्वारा धारा 144 लगाया गया है. वहीं ओमप्रकाश ठाकुर और द्वितीय पक्ष इरशाद अंसारी उर्फ दिलशान, अजीत खान, बबली खान, इरशाद मालिक के बीच सदर अनुमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग के न्यायालय में वाद चल रहा है. लेकिन द्वितीय पक्ष की ओर से धारा 144 लगे होने के बावजूद उक्त जमीन पर चहारदीवारी का निर्माण कार्य किया जा रहा है. इसे लेकर ओमप्रकाश ठाकुर की सूचना पर कई बार पेलावल थाना द्वारा चहारदीवारी का कार्य रोका गया, लेकिन द्वितीय पक्ष बार-बार चहारदीवारी का कार्य कर रहा है.

### जमीन पर जबरन कब्जा करने का हो रहा प्रयास

**रामगढ़।** बड़कीपोना क्षेत्र के बाघलाता में रहने वाले कुछ लोगों द्वारा जमीन पर जबरन कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है. इस संबंध में पीड़ित बड़की पोना निवासी गौतम राम दांगी, तुमेश कुमार व त्रिपुरारी कुमार ने रजरप्पा थाना में शिकायत दर्ज कराई है. थाना में दिए आवेदन के अनुसार, खाता नंबर 25, प्लाट नंबर 211, कुल रकबा 64 डिसमिल जमीन बड़की पोना के डुइगी में मौजूद है. उक्त जमीन सर्वे खतियान में किशुन महतो, लोखन महतो सहित कई अन्य के नाम से दर्ज है. इसमें 32 डिसमिल जमीन पर किशुन महतो व लोखन महतो के नाम अधिकार दर्ज है. वहीं, बड़की पोना के बघलता निवासी गुणी महतो, मुरली महतो, हितु महतो, रोहित महतो, प्रभु महतो, पंचम महतो, रंजीत महतो, केदार महतो, ईश्वर महतो, नेमचंद महतो, धनु महतो, भुलु महतो, नागेश्वर महतो, होनी महतो, गोविंद महतो उसकी जमीन में जबरन कब्जा करना चाहते हैं. पुलिस जांच में जुट गई है.

### डीपीआरओ रोहित कुमार को संभाला पदभार

**हजारीबाग।** सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय, हजारीबाग के नवपस्थापित डीपीआरओ रोहित कुमार ने बुधवार को अपना प्रभार ग्रहण किया. निर्वतमान डीपीआरओ पंचानन उरांव ने नए डीपीआरओ को फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया. प्रभार के आदान-प्रदान के उपरांत पंचानन उरांव ने कार्यालय कर्मियों के निरंतर सहयोग की सराहना की. इससे पूर्व निवर्तमान एवं नवपदस्थापित डीपीआरओ ने उपायुक्त नैंसी सहाय से उनके आवासीय कार्यालय में मुलाकात की तथा प्रभार ग्रहण करने की औपचारिकताओं की जानकारी दी. उपायुक्त ने पूर्व डीपीआरओ द्वारा किए गए कार्यों की तारीफ की. साथ ही नए डीपीआरओ को प्रभार ग्रहण करने की बधाई भी दी. पदभार ग्रहण करने के बाद नवपदस्थापित डीपीआरओ रोहित कुमार अपने कार्यकाल कक्ष में जनसंपर्क के अधिकारियों व कर्मियों से मिले व जनसंपर्कीय कार्यों की आगामी रूपरेखा पर चर्चा की.

### राम मंदिर के भूमि पूजन में उमड़े रामभक्त

**चौपारण।** अयोध्या की तर्ज पर चौपारण में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण होगा. इसे लेकर बुधवार को भूमि पूजन किया गया. मुख्य पुजारी भूमिदाता चेतलाल साव, मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष सुनील साहू, समाज के प्रखंड अध्यक्ष मुनेश्वर गुप्ता, युवा अध्यक्ष आशीष गुप्ता सपरिवार इसमें शामिल हुए. प्रखंड के पुरोहित आचार्य रामाधीन पांडेय व महेश पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन करवाया. मौके पर सुनील साहू ने बताया कि यह मंदिर सभी वर्गों के सहयोग से बनाया जाएगा. इसे लेकर बहुत जल्द विधानसभा स्तरीय एक कमेटी का गठन कर आगे का कार्य शुरू होगा. मौके पर संजय सिंह, भुनेश्वर यादव, राजेश सहाय, अरुण साहू, मुकेश सिन्हा, आशीष सिंह, गजाधर प्रसाद, सुधीर कौशल, मुखिया रेखा देवी, बासुदेव साव, बीरबल साहू, राजेदव गुप्ता, शेखर गुप्ता, उदय केशरी, मुनेश्वर साव, कृष्णा साव, संजय गुप्ता, चंदन कुमार, चंदन राणा, धीरेंद्र प्रजापति सहित सैकड़ों रामभक्त थे.

## ब्रीफ खबरें

### कार-बाइक में भिड़ंत बाइक सवार घायल

**बड़कागांव।** त्रिवेणी सैनिक लंगातु ऑफिस के पास क्रेटा और बाइक में जोरदार भिड़ंत में बाइक सवार घायल हो गया. वहीं क्रेटा कार के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बाइक सवार युवक मैट्रिक की परीक्षा देकर अपने घर चेपाखुर्द लौट रहे थे. बाइक पर कृष्णा कुमार, पावक कुमार व मोहन कुमार सवार थे. इस बीच हजारीबाग की ओर से तेज गति से आ रही क्रेटा कार (जेएच 02 बीके 8654) ने बाइक को अपने चपेट में लिया. घटना के बाद चालक कार को छोड़ कर भाग निकला. स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बड़कागांव सदर अस्पताल पहुंचाया गया. वहां से तीनों घायलों को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया.

### चोरी की बाइक के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**हजारीबाग।** सदर थाना पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. उनके पास से चोरी की बाइक और मोबाइल भी बरामद किया गया है. दोनों आरोपियों की पहचान बड़ा बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत गौस नगर निवासी मो. शाहरुख और शारिक अहमद के रूप में की गई है. दोनों की निशानदेही पर सदर थाना अस्पताल परिसर से चोरी की गई एक बाइक को पुलिस ने बरामद कर लिया है. यह जानकारी सदर थाना प्रभारी सह पुलिस इंस्पेक्टर ललित कुमार ने दी. उन्होंने बताया कि इस संबंध में सदर थाना में कांड संख्या 71/24 दर्ज किया गया था. दोनों गिरफ्तार आरोपियों को बुधवार के दिन न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

### ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का प्रशिक्षण संपन्न

**रामगढ़।** चितरपुर प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार कक्ष में आयोजित तीन दिवसीय ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का प्रशिक्षण बुधवार को संपन्न हो गया. बीडीओ ज्ञानमणि एक्का ने प्रशिक्षण में शामिल जीपीएफटी के सदस्यों को सबकी योजना सबका विकास को ध्यान में रखते हुए योजनाओं का चयन करने की बात कही. मास्टर ट्रेनर ओमप्रकाश भारती एवं प्रखंड समन्वयक विक्की नायक ने सभी को प्रशिक्षण दिया. मौके पर बीपीआरओ विनोद करमाली, पंचायत सचिव शत्रुंजय करमाली, रवि कुमार, नागेश्वर महतो, राजेंद्र बैठा, युगेश महतो, बासुदेव महतो, अजय मरांडी, सौभिक मंडल सहित सभी पंचायतों के वार्ड सदस्य, जल सहिया, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका एवं जेएसएलपीएस के महिला संगठन के अध्यक्ष व सचिव मौजूद थे.

बड़कागांव-केरेडारी मुख्य मार्ग पर ट्रक व हाइवा का अवैध परिचालन

# ट्रक ने महिला को रौंदा

**संवाददाता। केरेडारी**



हजारीबाग से बड़कागांव-केरेडारी मुख्य मार्ग पर बुधवार को भदईखाप चौक के पास 12 चक्का ट्रक ने एक महिला को कुचल दिया. घटना में महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके साथ मौजूद डेढ़ साल के बच्चे को गंभीर चोट आई है. मृतका की पहचान निरी गांव निवासी राजेंद्र गंझू की पत्नी पूनम देवी के रूप में हुई है. घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने हजारीबाग-केरेडारी मार्ग को जाम कर दिया गया.

घटना की सूचना मिलते ही केरेडारी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची. इसके बाद ग्रामीण पुलिस-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करने लगे. लोगों का कहना था कि ट्रक चालक नशे की हालत में था. इस मार्ग पर भारी वाहनों के परिचालन पर रोक के बावजूद खाली ट्रकों का तेज गति से परिचालन होता है. वहीं, आसपास घनी आबादी होने के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है. माह-दो माह में इन वाहनों की चपेट में आकर कई लोगों की जान चली जाती है. बीते माह 6 जनवरी को केरेडारी में सड़क हादसे में ट्रक ने एक स्कूली छात्र को मौत की नींद सुला दिया था. घटना के बाद ग्रामीणों ने घंटों सड़क मार्ग अवरुद्ध कर इस मार्ग से भारी वाहनों का परिचालन का विरोध किया था.

बड़कागांव 14 माइल बाइपास रोड के पास बड़कागांव पुलिस 24 घंटे सड़क मार्ग की निगरानी रखती है. इसके बावजूद भारी वाहन लेकर चालक केरेडारी कैसे पहुंच जाते हैं, यह बड़ा सवाल है. खाली ट्रक एवं हाइवा जो टंडवा के मगध आम्रपाली परियोजना से कोयला लेकर कुजू, गोला रेलवे साइडिंग एवं रामगढ़ के कई फैक्टरियों में कोयला अनलोड कर वापस लौटने के लिए प्रतिबंधित क्षेत्र बड़कागांव एवं केरेडारी सड़क मार्ग का इस्तेमाल करते हैं. ऐसे में हमेशा इस मार्ग पर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है. काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने जाम हटवाने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा.

**सड़क दुर्घटना**

- आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर किया उग्र प्रदर्शन
- कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने अवागमन सुचारु कराया

### यात्री बस की टक्कर से ससुर-बहू की दर्दनाक मौत

**विष्णुगढ़।** एनएच 522 स्थित विष्णुगढ़ के भेलवारा मोड़ के पास बुधवार देर शाम बस की ठोकर से महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई. मृतकों की पहचान बन्हे निवासी बासो सिंह व मंजू देवी के रूप में हुई. दोनों रिश्ते में ससुर-बहु थे. जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया. चिकित्सक ने जांचोपरांत दोनों को मृत घोषित कर दिया. जानकारी के मुताबिक बासो सिंह के घर से भैंस अपने बाड़े से निकल कर कहीं चली गई थी. उसकी खोज करने के लिए दोनों ससुर-बहु बाइक पर सवार होकर घर से निकले थे. विष्णुगढ़ के संभावित जगहों बरमोरिया, कुसुंभा में भैंस की खोज कर वापस अपने घर बन्हे लौट रहे थे. इसी क्रम में भेलवारा मोड़ के पास विपरीत दिशा से आ रही यात्री बस ने बाइक में ठोकर मार दी. घटना की सूचना पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी.

**2019 में तत्कालीन डीसी ने लगाई थी नो एंट्री**

वर्ष 2019 में तत्कालीन डीसी रविशंकर शुक्ला ने इस मार्ग पर पूर्ण रूप से भारी वाहनों के परिचालन पर रोक लगाया गया था. इसके बावजूद नो इंट्री को धत्ता बताते हुए केरेडारी व बड़कागांव थाना के बगल से लगातार हाइवा, ट्रक एवं अन्य भारी वाहनों का परिचालन बेरोक-टोक जारी है. इससे आए दिन नो एंट्री के बावजूद इस मार्ग पर दर्जनों दुर्घटनाएं होती रहती हैं. इस संबंध में अंचल प्रशासन से जिला प्रशासन तक वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था करने की बात करता है, लेकिन आज तक यह आश्वासन हवा-हवाई ही साबित हुआ है.

### घर से किशोर लापता थाने में शिकायत दर्ज

**रामगढ़।** रजरप्पा थाना क्षेत्र के कुल्ही गांव से एक किशोर के अपने ही घर से लापता होने का मामला सामने आया है. इस संबंध में कुल्ही गांव निवासी तरूपेश कुमार तरूण ने अपने 16 वर्षीय पुत्र राजदीप कुमार की गुमशुदगी की रिपोर्ट रजरप्पा थाने में दर्ज करवाई है. थाने में दिए आवेदन में उन्होंने कहा है कि 20 फरवरी को दिन के करीब एक बजे से उनका पुत्र राजदीप घर से गायब है. इसके बाद पूरे गांव में खोजबीन की. रिश्तेदारों और बेटे के दोस्तों के पास भी पता लगाया, लेकिन बेटे का कुछ अता-पता नहीं चल सका. आवेदन के आधार पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस लापता किशोर की खोजबीन में जुट गई है.

### एसपी को खालिस्तानी कहने पर सिख नाराज

**रामगढ़।** जिले के मरार रांची रोड निवासी बलजीत सिंह बेदी ने बुधवार को रामगढ़ थाने में आवेदन देकर भाजपा नेता शिवेंदु अधिकारी पर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है. बेदी ने दिए आवेदन में कहा है कि पश्चिम बंगाल के संदेशखाली की घटना को लेकर भाजपा द्वारा प्रोटेस्ट किया जा रहा था, जबकि वहां की तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए पश्चिम बंगाल की सरकार के निर्देश पर उत्तर 24 परगना के एसपी सरदार जसप्रीत सिंह अपनी ड्यूटी पर मौजूद थे. इस शिवेंदु अधिकारी व भाजपा के कार्यकर्ताओं ने सरदार जसप्रीत सिंह को कहा तुम खालिस्तानी हो और सरकार की चाटुकारिता करते हो. बलजीत सिंह बेदी ने कहा कि देश भर में सिख समाज इस टिप्पणी से मर्माहत है. अगर कार्रवाई नहीं की गई, तो सिख समाज आंदोलन व प्रदर्शन करेगा.

पुलिस-एनटीपीसी की अनूठी पहल से बढ़ेगी सुरक्षा व्यवस्था

# एनटीपीसी ने दी 15 बाइक की राशि

**संवाददाता। केरेडारी**



केरेडारी और चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजनाओं ने डिस्पैच कॉरिडोर के चारों ओर सुरक्षा कवर को बढ़ाने के लिए, जिला पुलिस के साथ एक पहल की. इसमें एनटीपीसी ने जिला पुलिस को 15 मोटर बाइक के राशि प्रदान की है. पुलिस कर्मियों द्वारा एनटीपीसी के माइनिंग एवं ग्रामीण क्षेत्र में दिन-रात गश्ती के लिए इन बाइकों का उपयोग किया जाएगा.

पिछले महीने केरेडारी माइंस में हुई गोलीबारी एवं अप्रिय घटनाओं के बाद डीआईजी और पुलिस अधीक्षक की पहल पर केरेडारी प्रखंड की पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था के लिए यह कदम उठाया जा रहा है. इस कड़ी में मंगलवार को केरेडारी और चट्टी बरियातु परियोजना के प्रमुख प्रभारी फैज तैय्यब ने 22,22,355 रुपये का चेक डीआईजी और एसपी को सौंपा. इस दौरान बरकागांव एसडीपीओ कुलदीप कुमार, केरेडारी-ए के अपर महाप्रबंधक रोहित पाल और चट्टी बरियातु के उप महाप्रबंधक मृत्युंजय वर्मा के अलावा दोनों परियोजना के प्रमुख एवं सभी कार्यरत एमडीओ के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे.

इसका मकसद है कि केरेडारी प्रखंड और पूरे एनटीपीसी खदान क्षेत्र में सुरक्षा की गुणवत्ता को बढ़ावा देने के लिए पुलिस संगठन के साथ सहयोगी दृष्टिकोण से एकजुट होकर काम करना है. पुलिस कर्मियों को बाइक प्रदान करने से उनकी तेज प्रतिक्रिया समय में मदद मिलेगी और संवेदनशील क्षेत्रों में ग्रामीणों की मदद के लिए जल्दी हस्तक्षेप किया जा सकेगा. इस अनूठी पहल से यह स्पष्ट होता है कि विभिन्न हिस्सेदारों के बीच पुलिस द्वारा मेलजोल बढ़ाया जा रहा है.

**सार्थक प्रयास**

- बाइक खरीदारी के लिए सौंपा 22,22,355 रुपये का चेक
- माइनिंग व ग्रामीण क्षेत्र में इन बाइकों से की जाएगी गश्ती

### स्थल का निरीक्षण कर जलापूर्ति कराएं : जयंत

**रामगढ़।** बुधवार को जिला समाहरणालय सभागार में सांसद जयंत सिन्हा की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट को-आर्डिनेशन एंड मॉनिटरिंग कमिटी (दिशा) की बैठक हुई. मौके पर विधायक सुनीता चौधरी, उपायुक्त चंदन कुमार, विधायक प्रतिनिधियों सहित अन्य लोग मौजूद थे. सांसद ने मिशन अमृत सरोवर एवं वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना के तहत जिले के अलग-अलग पंचायतों में बनाए गए खेल मैदाने की जानकारी ली. केंद्र एवं राज्य प्रायोजित पेंशन योजना के माध्यम से लोगों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया. पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल रामगढ़ द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में जनप्रतिनिधियों द्वारा कई क्षेत्रों में जलापूर्ति योजना के कार्य न करने से संबंधित मामले को सभी के समक्ष रखा गया. सांसद ने जनप्रतिनिधियों को कार्यपालक अभियंता के साथ समन्वय करते हुए संयुक्त रुप से स्थल निरीक्षण कर जलापूर्ति योजनाओं का कार्य करना सुनिश्चित करने को कहा.

साइबर अपराधियों ने ढूंढ़ लिया ठगी करने का नया तरीका

# बेटे को बचाने के नाम पर 10,000 ठगे

**संवाददाता। हजारीबाग**



जिले में सक्रिय साइबर अपराधी पैसों की ठगी को अंजाम देने के लिए नए-नए तरीकों का ईजाद करते रहते हैं. इसी तरह की घटना बुधवार को शहर के पीटीसी चौक पर किराए पर रहने वाले टेक्नीशियन महानंद मिस्त्री के साथ घटी. सुबह 10:15 बजे उनके मोबाइल पर एक फोन आया और कहा गया कि आपका बेटा मेरी गिरफ्त में है. वह एक लड़की के साथ दुष्कर्म करते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया है. लोग उसकी जमकर पिटाई कर रहे हैं.

उधर से किसी के रोने और पिटाई करने की आवाज भी महानंद मिस्त्री को सुनाई. उन्हें ऐसा लगा कि उनका बेटा बार-बार चिल्ला रहा है कि मुझे बचा लो. महानंद मिस्त्री डर गए कुछ भी सोचने समझने की स्थिति शून्य हो गई. उधर से फोन पर उन्हें कहा गया कि अगर आपको अपने बेटे को बचाना है, तो मैं जिस नंबर पर फोन किया हूं, इसी नंबर पर 10,000 रुपये तुरंत ट्रांसफर करो. महानंद मिस्त्री पुत्र मोह में इतना उलझ गए कि रो-रो कर उनका बुरा हाल होने लगा. उन्होंने आनन फानन में दो बार में 10,000 रुपये उक्त नंबर पर ट्रांसफर कर दिया. इसके बाद फिर दूसरे नंबर से एक फोन आया और कहा गया कि 10,000 रुपये भेज दिए, इसलिए तुम्हारे बेटे को अलग कमरे में बंद कर दिए हैं. बेटा सुरक्षित है, लेकिन युवती की मौत हो गई है.

लोग ज्यादा उग्र हो रहे हैं. तुम 12,000 रुपये और ट्रांसफर करो. लेकिन, महानंद के अकाउंट में पैसे नहीं थे, तो उसने कर्ज लेने के लिए अपने एक मित्र से संपर्क किया. इस पर मित्र ने पूछा कि आखिर बात क्या है, तो महानंद मिस्त्री ने उसे पूरा मामला बताया. फिर मिस्त्री का मित्र सीधे साइबर सेल गया, जहां पता चला कि उक्त नंबर फेक है और महानंद मिस्त्री साइबर ठगी का शिकार हो गया है. इस क्रम में साइबर अपराधी करीब एक घंटे तक लगातार लाइन पर रहते हुए महानंद मिस्त्री की गतिविधि को सुन रहा था. जब अपराधी को लगा कि अब उसकी दाल नहीं गलने वाली है, तो गाली-गलौज कर फोन काट दिया.

**साइबर ठगी**

- बेटे की जान बचाने के नाम पर पिता को झांसे में लिया
- कहा- एक लड़की के साथ दुष्कर्म करते पकड़ाया है बेटा

कोविड काल में मरीजों की जान बचाने वाले ग्रामीण डॉक्टरों को नहीं मिलता समाज में सम्मान

# ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों के लिए ग्रामीण डॉक्टर मसीहा

**प्रमोद उपाध्याय। हजारीबाग**



कोरोना काल में ग्रामीण चिकित्सकों (झोलाछाप डॉक्टर) ने हजारों लागों की जान बचाई. जब अस्पतालों में बेड नहीं थे, दवाईयां नहीं मिल रही थी और कोई संक्रमित के करीब नहीं आना चाहता था, उस वक्त हजारों मरीजों के लिए ग्रामीण चिकित्सक देवदूत बने हुए थे. अपने अनुभव से हजारों लोगों की जान बचाई थी. आज उन्हें समाज में सम्मान नहीं मिल रहा है और झोलाछाप डॉक्टर कहकर पुकारा जाता है.

हालांकि सुदूर गांव में रहनेवाले लोगों के लिए यही बड़े डॉक्टर हैं. एक तो घर पर जाकर उनका इलाज करते हैं और सिर्फ दवा के ही पैसे लेते हैं. जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में रहनेवाले लोग कहते हैं कि साहब हम गरीब लोग हैं, बीमार पड़ने पर गांव में ही घूमने वाले डॉक्टर उनका इलाज करते हैं और ठीक भी कर देते हैं. शहर जाने के लिए न तो उनके पास अपना साधन है और न ही वह डॉक्टरों की मोटी फीस भर सकते हैं. गांव में घूमने वाले डॉक्टर सौ-डेढ़ सौ में उनका इलाज कर देते हैं. शहर के डॉक्टरों के पास डिग्री होती है, मगर इनका अनुभव हमलोगों के काम आता है. ग्रामीणों का यह भी कहना है कि इलाज के लिए कभी शहर जाते भी हैं, तो सरकारी अस्पताल. मगर वहां नियम कानून ज्यादा होते हैं. दिन के 12 बजे तक ही पर्ची कटती है. इसके बाद डॉक्टर के पास जाते हैं, तो लंबी लाइन रहती है.

नंबर आते-आते कई बार डॉक्टर के बैठने का समय खत्म हो जाता है.

**चाहिए सम्मान**

- अपने अनुभव से इलाज कर बचाते हैं मरीजों की जान
- ग्रामीणों के लिए ग्रामीण चिकित्सक हर वक्त सुलभ

**क्या कहते हैं ग्रामीण**

इस संबंध में चट्टी बरियातू निवासी आशुतोष कुमार सोनी ने बताया कि सरकार तो पंचायत में भी जगह-जगह पर स्वास्थ्य केंद्र और उप स्वास्थ्य केंद्र है, मगर स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर नहीं आते हैं. वहां भी कंपाउंडर के भरोसे छोड़ दिया गया है. कभी कभार एक दो कंपाउंडर मिलेंगे, जो केवल इंजेक्शन देना जानते हैं. यहां तक की कई कंपाउंडर के पास डिग्री भी नहीं है, फिर भी वह सरकारी संस्थान में काम कर रहे हैं.

**क्या कहते हैं ग्रामीण डॉक्टर**

इस संबंध में ग्रामीण डॉक्टर बंगाली, राजेश ने बताया कि हम भले ही डिग्रीधारी नहीं हैं, पर अनुभव कम नहीं है. हम दवाई देने से पहले 100 बार से ज्यादा बीमारी को समझते हैं और फिर इलाज करते हैं. कोविड काल में इसी अनुभव से कई मरीजों की जान बचाई है.

### बाइक से गिर कर महिला घायल, सिर में गंभीर चोट

**टाटीझरिया।** नेशनल हाईवे-522 के पंडवा नदी पुल के पास बुधवार को सड़क हादसे में महिला घायल हो गई. घायल महिला की पहचान झरपो निवासी अर्जुन राणा की पत्नी सपना देवी के रूप में हुई है. जानकारी के मुताबिक महिला बाइक पर सवार होकर विष्णुगढ़ से टाटीझरिया आ रही थी. इस दौरान पंडवा नदी पुल के पास सड़क की हाल काफी जर्जर होने के कारण वह दुर्घटना का शिकार होकर घायल हो गई. दुर्घटना में महिला के सिर पर चोट लगी है. ग्रामीण चिंतामन महतो, सुरेंद्र महतो, मनोज महतो व अन्य स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस से महिला को विष्णुगढ़ अस्पताल भेजा. ग्रामीणों का कहना था कि सड़क पर गड्ढे होने के कारण आए दिन बाइक सवार गिर कर घायल हो रहे हैं. ग्रामीणों ने जर्जर सड़क को दुरुस्त कराने की मांग की है.

# ठगी मामले में भाजपा नेता टोनी जैन आरोप मुक्त हुए

**संवाददाता। हजारीबाग**

झारखंड हाई कोर्ट ने सदर थाना के कांड संख्या 134/18 के आरोपी भाजपा नेता टोनी जैन को ठगी के आरोप से मुक्त कर दिया है. हाईकोर्ट के जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी ने इस मामले की सुनवाई करते हुए वाद की क्वेसिंग करते हुए आपराधिक मुकदमे को खारिज कर दिया है. इस मुकदमे के कारण भाजपा नेता को जेल जाना पड़ा था. इससे समाज में उनकी प्रतिष्ठा को हनन हुआ था.

उक्त बातें भाजपा नेता टोनी जैन ने बुधवार को प्रेस वार्ता में कही. उन्होंने वादी राजेश कुमार जैन पर मानहानि की मुकदमा दर्ज करने की बात कही है. संवाददाता सम्मेलन में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजकुमार सिंन्हा के साथ दर्जनो अधिवक्ता उपस्थित थे. सीनियर एडवोकेट राजकुमार सिन्हा ने बताया कि अब उनके क्लांइट टोनी जैन निर्दोष साबित हो चुके हैं. इस मुकदमे के कारण उनकी प्रतिष्ठा का जो हनन हुआ है, इसके लिए सिविल वाद भी दायर कर सकते हैं और आपराधिक मामला भी दर्ज करवा सकते हैं. यह टोनी जैन के विवेक पर निर्भर करता है. बता दें कि वादी राजेश कुमार जैन ने 50 लाख रुपए लोन लेने का आरोप लगाया था.

**मिला न्याय**

- झारखंड हाई कोर्ट ने लगा गए आरोप को किया खारिज
- अब वादी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा करेंगे टोनी



## राशिफल
आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** चंद्रमा केमद्रुम दोष में है. माता को कष्ट होगा. बेकार के बहस से बचें. आपके कर्म से माता का सुख मैं वृद्धि करेगा. कार्यस्थल पर जो लोग आपको पसंद नहीं करते थे, वे आपके कार्यों की तारीफ करेंगे. गाय के शुद्ध घी का दीपक पूजा स्थान पर जलावें.

**वृषभ** धन का आगमन होगा. समय उत्तम फल प्रदान करेगा. आपके सही कार्य और प्रभाव से पराक्रम बढ़ेगा. आपके अपनों को आपकी जरूरत है. मौज मस्ती पर खर्च होगा. पिता के व्यवहार में परिवर्तन से चिंतित रहेंगे. अन्न और मिठाई का दान शिव मंदिर में करें.

**मिथुन** समय बहुत ही अनुकुल है, जिससे धन और प्रतिष्ठा बढ़ेगी. मानसिकता को बदलने की बेहद जरूरत है. उन्नति में बाधा आयेगी. कोई खुशखबरी सुन सकते हैं. यात्रा सुखद रहेगी. किये गए कार्य का लाभ होगा.

**कर्क** समय अनुकूल है. किसी की सिफारिश से कार्य हो सकता है. संचित धन का निवेश लाभप्रद रहेगा. किसी के बहकावे में आने से रिश्ते कमजोर होंगे. संतान सुख की प्राप्ति संभव. शिवलिंग पर पंचामृत से अभिषेक करें.

**सिंह** किसी अपने पर खर्च में वृद्धि होगी. साथ ही किसी विषय को समझने की जिज्ञासा रहेगी. अपने अधीनस्थों के किये कार्यों की सराहना करें, लाभ होगा. बाहर से शुभ समाचार मिलेगा. दूर्वा गणेश जी पर अर्पण करें.

**कन्या** पारिवारिक यात्रा का योग बन रहा है. आय के लिए किया गया प्रयास सफल होगा. कुछ नया सीखने को मिलेगा. जिंदगी से जुडी निजी बातें आज सामने आ सकती हैं. नौकरी में उत्साह की कमी रहेगी. जल का दान करें.

**तुला** आय के लिए दिन अच्छा है. सरकारी कार्य में गति आने से मन खुश होगा. प्रतियोगिता में सफल होंगे. जीवनसाथी के साथ मतभेद संभव है. अपने कार्य के प्रति ईमानदार रहें. मनचाहा जवाब न मिलने से निराश रहेंगे.

**वृश्चिक** ससुराल से लाभ का योग है. धर्म में मन लगेगा. आपके पूर्व कर्म के प्रभाव से भाग्य साथ है. स्वयं अपने आप पर से नियंत्रण खो देंगे. मित्रों से मतभेद हो सकते हैं. कार्य स्थल पर धन लाभ के योग है. इष्ट बल मजबूत करें.

**धनु** किसी महिला मित्र से विवाद हो सकता है. अपने प्रोफेशन से आप नाखुश हैं, समय के साथ स्थिति आपके अनुकूल बनेगी. जीवनसाथी का व्यवहार मनोबल बढ़ाएगा. कर्ज लेने की स्थिति निर्मित हो सकती है. चीनी का दान करें.

**मकर** समय उत्तम है. लोगों की मदद करें. मांगलिक कार्यक्रमों की रूप रेखा बनेगी. राजनीतिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे. पैसों का लेन देन संभव. खान पान पर ध्यान दें. मौसम के प्रभाव से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है. अन्न का दान करें.

**कुंभ** मौसमी बीमारियों से बचें. गलत दोस्तो से बचना चाहिए. विद्यार्थी परिणामों को लेकर चिंतित रहेंगे. मेहमानों का आगमान हो सकता है. जमीन जायदाद के मसले निपटेंगे. धन कमाने की चाह में कोई गलत फैसले न लें.

**मीन** शिक्षा का परिणाम अच्छा होगा. कुछ मानसिक भय और तनाव हो सकता है. पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे. मित्रों के साथ समय व्यतीत होगा. बुरी संगत छोड़ दें, अन्यथा नुकसान होगा. गायत्री मंत्र का जाप करें.

## एनओसी मिला नहीं और जेसीबी चला कर बिछा दिया जलापूर्ति पाइप

**गारू (लातेहार)।** गारू पूर्वी वन क्षेत्र में गारू हेस्वा वन मार्ग पर जेसीबी चलाकर जलापूर्ति पाइप डाल दिया गया है. गारू के कोयल नदी से प्रखंड मुख्यालय के आसपास के गांव में जलापूर्ति किया जा रहा है. जबकि उसी मार्ग पर पिछले वर्ष प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से बनने वाले सड़क और पुलिया निर्माण का कार्य वन विभाग द्वारा मंजूरी नहीं मिलने के कारण अधर में लटका हुआ है. पूछे जाने पर प्रभारी वनपाल रंजय कुमार ने कहा कि वे किसी कार्य के सिलसिले में बाहर हैं. विभाग को इसकी जानकारी देंगे. बताते चलें कि माँ यशोदा कंस्ट्रक्शन नामक कंपनी ने 8.1 किमी सड़क तथा कुड़िल नदी में पुलिया निर्माण का कार्य शुरू किया था. गारू पूर्वी रेंजर उमेश कुमार दुबे से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इसकी जानकारी मिली थी. फिलहाल काम रोक दिया गया है. वहीं, पलामू व्याघ्र आरक्ष दक्षिणी डीएफओ कुमार आशीष ने पूछे जाने पर कहा कि पीटीआर की वनभूमि में कोई भी कंस्ट्रक्शन कार्य बिना एनओसी के नहीं किया जाना है.

## बीडीओ से कहासुनी के बाद प्रधान सहायक ने लिखा त्याग पत्र

**गुमला।** पालकोट के प्रखंड विकास पदाधिकारी राजश्री ललिता बाखला ने बुधवार को अपने कार्यालय के प्रधान सहायक बीरेन होरो को किसी बात को लेकर फटकार लगाया तो प्रधान सहायक ने नौकरी से त्याग पत्र लिखकर बीडीओ को सौंप दिया और चेंबर से निकल गए. इतना ही नहीं प्रधान सहायक बीरेन होरो का ब्लड प्रेशर बढ़ गया और हार्ट की समस्या को लेकर किसी तरह गुमला सदर अस्पताल पहुंचे जहां डाक्टर ने रिम्स रेफर कर दिया. अधिकारी के फटकार के बाद नौकरी से त्याग पत्र देने की गुमला में यह पहली घटना है. अस्पताल में भर्ती बीरेन होरो कुछ बोलने से इंकार कर रहे हैं लेकिन पूछने पर जोर देते हुए कहा कि बीडीओ का फटकार बर्दाश्त से बाहर था इसलिए त्याग पत्र दिए हैं. होरो गुमला के बैंक कालोनी में रहते हैं. इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद झारखंड अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के सचिव भूषण कुमार ने एक सीनियर कर्मचारी के साथ बीडीओ के व्यवहार को निंदनीय बताया है.

### 1000 करोड़ रुपये के निवेश के साथ क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास और रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

# गोड्डा में अंबुजा की सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट स्थापित करने की योजना

- यह परियोजना टिकाऊ प्रथाओं के प्रति अंबुजा सीमेंट्स की प्रतिबद्धता का उदाहरण है, 2,500 से अधिक लोगों को मिलेगा रोजगार
- ग्राइंडिंग यूनिट का उद्देश्य फ्लाई ऐश का उपयोग करना, पर्यावरणीय प्रभाव को कम करना और सर्कुलर इकोनॉमी में योगदान देना है



संवाददाता। रांची/अहमदाबाद

भारत की अग्रणी सीमेंट विनिर्माण कंपनियों में से एक और विविधीकृत अडानी समूह की ईकाई अंबुजा सीमेंट्स ने 1000 करोड़ रुपये के निवेश के साथ एक अत्याधुनिक सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट स्थापित करने का प्रस्ताव रखा है. अपेक्षित मंजूरी के बाद 4 मिलियन टन प्रति वर्ष की क्षमता वाले इस प्रोजेक्ट की स्थापना झारखंड में गोड्डा जिले के मोतिया गांव में की जाएगी. पर्यावरण की दृष्टि से सुरक्षित तरीके से फ्लाई ऐश के निपटान और सर्कुलर इकोनॉमी में योगदान के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण के हिस्से के रूप में, इस प्रोजेक्ट की योजना अडानी पावर (झारखंड) लिमिटेड के निकट बनायी गयी है. यह परियोजना टिकाऊ प्रथाओं के प्रति अंबुजा सीमेंट्स की प्रतिबद्धता का उदाहरण है और झारखंड में समावेशी विकास को बढ़ावा देने के प्रति उसके समर्पण को दर्शाती है. सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट की स्थापना से 2,500 से अधिक लोगों के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे. यह टूनिट राज्य की आर्थिक और सामाजिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देगी.

### अंबुजा सीमेंट्स पहले से ही झारखंड में संयुक्त क्षमता के साथ दो प्लांट संचालित कर रही है

अंबुजा सीमेंट्स पहले से ही झारखंड में 6 मिलियन टन प्रति वर्ष की संयुक्त क्षमता के साथ दो सीमेंट प्लांट का संचालन कर रही है. प्रस्तावित विस्तार क्षेत्र की वृद्धि और विकास की क्षमता में कंपनी के विश्वास को दर्शाता है. अंबुजा सीमेंट बिजनेस के सीईओ अजय कपूर ने कहा कि इस नई सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट में हमारे प्रस्तावित निवेश के साथ, हम अपनी उपस्थिति का विस्तार करने और क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान देने की अपनी प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करना चाहते हैं. हमारा मानना है कि झारखंड में संसाधनों, बुनियादी ढांचे और कुशल जनशक्ति के मामले में अपार संभावनाएं हैं, जो इस परियोजना के लिए एक आदर्श स्थान बनाता है. हम इस परियोजना के सफल कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए राज्य के साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं. अंबुजा सीमेंट्स को इस पर गर्व है वह झारखंड की विकास गाथा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, साथ ही हम अपने शेयरधारकों, ग्राहकों, कर्मचारियों और बड़े पैमाने पर समुदाय के लिए और बेहतर कार्य करने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं.

### सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है अंबुजा सीमेंट्स

यह प्रोजेक्ट इनोवेशन, सस्टेनेबिलिटी और ग्रोथ के मामले में अंबुजा सीमेंट्स की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है और झारखंड को एक संपन्न व्यापार के अनुकूल राज्य में बदलने के लिए समूह की कंपनियों के साथ इसके तालमेल पर फोकस करता है. इस यूनिट की स्थापना से न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि बुनियादी ढांचे के विकास की दिशा में राज्य सरकार के प्रयासों में भी सहायता करेगा. अंबुजा सीमेंट्स रोजगार के अवसर पैदा करने और जिन समुदायों में यह काम करता है, उनके सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है.

### झामुमो ने फिर ईसी और ईडी की नीयत पर उठाए सवाल, कहा-

# भाजपा का नया नाम घूसखोर बैलेट चोर : सुप्रियो भट्टाचार्य

विशेष संवाददाता। रांची

झामुमो ने सुप्रीम कोर्ट के दो अहम निर्णयों का हवाला देते हुए कहा कि अब भाजपा का नया नामकरण हुआ है. जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने मुहर लगा दी है. सुप्रीम कोर्ट ने केवल लोकतंत्र को बचाने का काम नहीं किया, बल्कि भाजपा के लोकतंत्र और तानाशाही रवैया का पर्दाफाश कर दिया है. चंढ़ीगड़ मेयर चुनाव एक छोटा चुनाव नहीं था. यह चुनाव एनडीए के खिलाफ पहला दो अहम विपक्षी दलों का ज्वाइंट इलेक्शन था. जिसे भाजपा ने बैलेट की चोरी के जरिए अनैतिक तरीके से जीतने का प्रयास किया था. इस अनैतिक काम में भाजपा मुख्य रूप से अहम भूमिका में थी, वहीं मसीह नहीं मोदी पर्दे के पीछे से थे. इसलिए सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद भाजपा का अब नया नाम ''घूसखोर-बैलेट चोर'' हो गया है. उक्त बातें पार्टी के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने पार्टी कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में कही.

**इलेक्शन कमीशन के समक्ष कई सवाल :** भट्टाचार्य ने इलेक्ट्रोल बांड पर इलेक्शन कमीशन और ईडी की नियत पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि इन्हें यह बताना चाहिए कि काले धन के जरिए भाजपा के खाते में आए 6500 करोड़ रुपये पर इलेक्शन कमीशन और ईडी ने क्या कदम उठाए. यह देश की जनता जानना चाहती है. यह देश के सामने भी स्पष्ट हो गया, ये दोनों एजेसियां कैसे और किसके इशारे पर काम रही है. इलेक्शन कमीशन ने पीएम मोदी के चुनाव के पूर्व चुनाव रिजल्ट का दावा करने वाले बयान पर क्या एक्शन लिया. पटना में राजनीतिक दलों की मीटिंग के बाद पत्रकारों का वीवीपैड वोट को लेकर उठाए गए सवालों पर सही-सही जवाब क्यों न दे पाए. लोकसभा चुनाव के दौरान पीएम मोदी की लैंडिंग और फिर उड़ान भरने के दौरान आधा घंटा पहले और बाद में नो फ्लाईंग जोन घोषित करने पर क्या इलेक्शन कमीशन ने एक्शन लिया. क्या इस दौरान अगर उसी शहर या क्षेत्र में विपक्षी नेताओं को चुनावी सभा करनी है तो उसे अनुमति नहीं मिलेगी. यह सारे सवाल इलेक्शन कमीशन के साख से जुड़ा है. जिस पर इलेक्शन कमीशन को अपनी स्थिति स्पष्ट करनी होगी.




### बोले सुप्रियो

- भाजपा के काले धन पर ईडी क्यों नहीं बोलती है
- पीएम मोदी पर इलेक्शन कमीशन ने एक्शन क्यों नहीं लिया
- सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने लोकतंत्र को बचाया

### क्या इस देश में पगड़ी और टोपी पहनना गुनाह है ?

सुप्रियो भट्टाचार्य ने बंगाल में भाजपा नेता के द्वारा एक सिख आईपीएस अधिकारी का पगड़ी पहने रहने के कारण उन्हें खालिस्तानी करार देने पर कड़ा एतराज जताया है. उन्होंने कहा कि क्या इस देश में पगड़ी पहनने से कोई खलिस्तानी हो जाता है, टोपी पहनने से वह पाकिस्तानी हो जाता है. क्या इस देश में पगड़ी और टोपी पहना गुनाह है. भाजपा देश में अजीब हालात पैदा कर रही है.

### झामुमो केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक आज

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के जेल जाने और राज्य में बदले राजनीतिक हालात के बीच झामुमो केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक 22 फरवरी को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास पर होगी. यह जानकारी देते हुए पार्टी महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने बताया कि यह बैठक कई मायने में अहम होगी. हमलोग जल्द से जल्द अपने नेता हेमंत सोरेन को अपने बीच देखना चाहते हैं. पार्टी द्वारा जो कार्यक्रम-आंदोलन अभी चल रहा है, वह जारी रहेगा. आगे के आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी. इसके साथ ही गठबंधन को लेकर दिल्ली में हुई चर्चा, लोकसभा चुनाव की तैयारी, सांगठनिक मजबूती, तैयारी, सरकार द्वारा पेश किए जाने वाले बजट और कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक जाने सहित कई मुद्दों पर चर्चा होगी.

## शिक्षा विभाग के 27 पदाधिकारियों का तबादला, मो. वसीम बने रांची डीईओ

संवाददाता। रांची

झारखंड में शिक्षा विभाग के 27 पदाधिकारियों का तबादला किया गया है. स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है. गुमला में पदस्थापित जिला शिक्षा अधीक्षक मो वसीम अहमद को रांची का जिला शिक्षा पदाधिकारी बनाया गया है. पलामू के क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक शिवेंद्र कुमार और हजारीबाग के जिला शिक्षा पदाधिकारी उपेंद्र नारायण को माध्यमिक शिक्षा विभाग का उप निदेशक बनाया गया है.

### कौन कहां गये

| नाम | कहां थे | कहां गये |
|---|---|---|
| रजनी देवी | डीईओ, पाकुड़ | क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, दुमका |
| निर्मला बरेलिया | डीईओ, पूर्वी सिंहभूम | क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, चाईबासा |
| सुशील कुमार | डीईओ, गोड्डा | जिला शिक्षा पदाधिकारी, पलामू |
| दुर्गानंद झा | डीईओ, साहिबगंज | शिक्षा अधीक्षक का अतिरिक्त प्रभार |
| नूर आलम खां | डीएसई, बोकारो | डीएसई, लोहरदगा |
| दीपक राम | डीएसई, जामताड़ा | जिला शिक्षा अधीक्षक, सिमडेगा |
| अपरूपा चौधरी | डीएसई, लोहरदगा | डीईओ, खूंटी |
| मो. वसीम अहमद | डीएसई, गुमला | जिला शिक्षा पदाधिकारी, रांची |
| अभय कुमार शील | आरईओ, चाईबासा | जिला शिक्षा अधीक्षक, गुमला |
| प्रवीण रंजन | डीएसई, खूंटी | जिला शिक्षा पदाधिकारी, हजारीबाग |
| अतुल कुमार चौबे | आरईओ, तोरपा | जिला शिक्षा अधीक्षक, बोकारो |
| मुकुल राज | डीएसई, पाकुड़ | जिला शिक्षा अधीक्षक, गिरिडीह |
| निशु कुमारी | डीएसई, पूर्वी सिंहभूम | जिला शिक्षा पदाधिकारी, धनबाद |
| टोनी प्रेमराज टोप्पो | डीएसई, देवघर | जिला शिक्षा पदाधिकारी, प. सिंहभूम |
| अजय तोपनो | आरईओ, साहिबगंज | जिला शिक्षा अधीक्षक, प. सिंहभूम |
| मनोज कुमार | आरईओ, हजारीबाग | डीईओ, पूर्वी सिंहभूम |
| रणधीर कुजूर | प्राचार्य, म.शि. सं,पलामू | शिक्षा अधीक्षक का अतिरिक्त प्रभार |
| बिनोद कुमार | डीएसई, सिमडेगा | जिला शिक्षा अधीक्षक, देवघर |
| राजेश कु. पासवान | डीएसई, साहिबगंज | जिला शिक्षा अधीक्षक, जामताड़ा |
| विनय कुमार | डीएसई, गिरिडीह | जिला शिक्षा अधीक्षक, कोडरमा |
| नयन कुमार | डीएसई, कोडरमा | जिला शिक्षा अधीक्षक, पाकुड़ |
| मिथिला टुडू | आरईओ, धनबाद | जिला शिक्षा अधीक्षक, गोड्डा |
| आशीष कु. पांडेय | एसडीईओ, धालभूम | शिक्षा अधीक्षक का अतिरिक्त प्रभार |
| कैलाश मिश्रा | आरईओ, पेटरवार | क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी, रांची |
| सरिता कुमारी | आरईओ, धालभूमगढ़ | प्राचार्य, डायट, कोडरमा |

### झारखंड में पकड़ बनाने और हिंसा फैलाने के लिए गोला-बारूद व विदेशी हथियार खरीद रहा था

# टीपीसी उग्रवादी भीखन गंझू समेत 9 गिरफ्तार

संवाददाता। रांची

एनआईए जांच में खुलासा हुआ है कि टीपीसी उग्रवादी भीखन गंझू झारखंड में पकड़ और हिंसा फैलाने के लिए विदेशी हथियार और गोला बारूद खरीद रहा था. नागालैंड आर्म्स डील केस में मामले एनआईए ने केस संख्या आरसी-05/2019 दर्ज किया था. इस मामले में एनआईए ने नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों में चतरा जिले का रहने वाला भीखन भी शामिल है. एनआईए ने इस मामले को लेकर आरोपी भीखन गंजू पर चार्जशीट दाखिल किया है.

**लेवी वसूलने के लिए खरीद रहा था हथियार :** एनआईए की जांच से पता चला है कि भीखन गंझू टीपीसी का जोनल कमांडर है. वह कोयला ट्रांसपोर्टरों और ठेकेदारों को धमकी देकर लेवी वसूलने का काम करता है. जांच से पता चला कि भीखन गंझू झारखंड में टीपीसी की पकड़ मजबूत करने, आतंक और हिंसा फैलाने के लिए हथियार और गोला-बारूद खरीद रहा था. उसने हथियारों की खरीद के लिए आरा के शाहपुर के रहने वाले संतोष कुमार से मध्यस्थता की थी. हथियारों की डील के बाद पटना के चंद्रविजय प्रताप उर्फ सुशील को पैसों का भुगतान किया गया था. एनआईए की पूर्व की चार्जशीट में जिक्र है कि हथियारों का जखीरा बांग्लादेश और म्यांमार के रास्ते बिहार और झारखंड के टीपीसी उग्रवादियों तक पहुंचाया गया था. नागालैंड के एन सांगथम को एनआईए हथियार तस्करी गिरोह का मास्टरमाइंड मानती है. रांची के दो बैंकों में खाता खोलकर भी हवाला के जरिए पैसों का भुगतान किया जाता था.



### एनआईए जांच

- एनआईए ने भीखन गंजू पर चार्जशीट दाखिल किया
- उग्रवादी भीखन गंझू टीपीसी का जोनल कमांडर है
- रांची के दो बैंकों के जरिए होता था पैसों का भुगतान

### कैसे सामने आया था मामला

7 फरवरी 2019 को बिहार के पूर्णिया में पुलिस ने एसयूवी गाड़ी जब्त की थी. मौके से पुलिस ने सूरज प्रसाद, वीरेंगनॉव कहोरनगम, क्लेरशन काबो को गिरफ्तार किया था. जांच में पुलिस को दो ग्रेनेड लॉंचर, एक एके 47 रायफल, 5 .56 एमएम की 1800 राउंड गोली मिली थी. गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर रांची के अरगोड़ा, लातेहार के नेतरहाट से अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी हुई थी. बाद में हथियार तस्करों के टीपीसी लिंक का खुलासा हुआ था.

### पेज एक का शेष

### प्रसिद्ध रेडियो एनाउंसर अमीन सयानी नहीं रहे...

सयानी के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक व्यक्त किया. उन्होंने कहा, उनके निधन से दुखी हूं. उनके परिवार, प्रशंसकों और सभी रेडियो प्रेमियों के प्रति संवेदना. उनकी आत्मा को शांति मिले. सयानी के निधन पर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता डेरेक ओब्रायन और कांग्रेस नेता जयराम रमेश जैसे नेताओं ने भी शोक जताया. सयानी को बचपन से ही लिखने का शौक था और महज 13 वर्ष की उम्र में ही उन्होंने अपनी मां की पाक्षिक पत्रिका 'रहबर' के लिए लिखना शुरू कर दिया था. उसी दौरान वह अंग्रेजी भाषा में एक कुशल प्रस्तोता बन गए थे और उन्होंने आकाशवाणी मुंबई की अंग्रेजी सेवा में बच्चों के कार्यक्रमों में भाग लेना शुरू कर दिया था. जब आकाशवाणी से हिंदी फिल्मों के गानों के प्रसारण पर प्रतिबंध लगा दिया था तो रेडियो सीलोन लोकप्रिय होने लगा. सयानी को दिसंबर 1952 में रेडियो सीलोन पर 'बिनाका गीतमाला' पेश करने का मौका मिला और फिर उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा.

### 2027 तक 20 लाख परिवारों को...

**शिक्षा का ऐसा दीप जलाएंगे जो कभी बुझेगा नहीं :** सीएम ने कहा कि भाजपा की सरकार नहीं चाहती थी गरीब, आदिवासी, पिछड़े, किसान और मजदूरों के बच्चे पढ़ें. यही कारण था कि रघुवर सरकार ने 5000 से ज्यादा प्राइमरी स्कूलों को बंद कर दिया था और 11 लाख राशन कार्ड रद्द कर दिये थे. हमारी सरकार ने राज्य में संचालित सरकारी स्कूलों को स्कूल ऑफ एक्सीलेंस और मॉडल स्कूल के रूप में अपग्रेड किया और गरीबों को राशन देने के लिए 20 लाख हरा कार्ड बनाया. सीएम ने कहा कि सरकार की सोच है कि सभी वर्ग-समुदाय के बच्चे पढ़ लिखकर डॉक्टर, इंजीनियर, सरकारी ऑफिसर बन सके. हम शिक्षा का ऐसा दीप जलाएंगे, जो कभी बुझेगा नहीं.

**अब 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली :** मुख्यमंत्री ने कहा कि अब हमारी सरकार झारखंड वासियों को 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली उपलब्ध कराएगी. इससे पहले हेमंत सोरेन के नेतृत्व में हमारी सरकार ने 100 यूनिट बिजली निःशुल्क उपलब्ध कराने का कार्य कर दिखाया है. हेमंत सोरेन की सोच को आगे बढ़ते हुए हमारी सरकार ने यह निर्णय लिया कि अब 125 यूनिट बिजली राज्य वासियों को मुफ्त में उपलब्ध कराई जाएगी.

**धार्मिक स्थलों को किया जा रहा है संरक्षित :** चंपाई सोरेन ने कहा कि झारखंड के सभी वर्ग-समुदाय के लोगों की धार्मिक आस्था को सम्मान दिया जा रहा है. हमारी सरकार राज्य के सभी धार्मिक स्थलों को संरक्षित करने का कार्य कर रही है. किसी भी व्यक्ति के धार्मिक आस्था पर ठेस न पहुंचे इसका पूरा ख्याल रखा जा रहा है.

### फली. एस. नरीमन का निधन...

नरीमन को जनवरी 1991 में पद्म भूषण मिला और 2007 में उन्हें पद्म विभूषण से भी सम्मानित किया गया. उनके बेटे रोहिंटन नरीमन उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश रहे. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने फली नरीमन के निधन पर दुख व्यक्त किया है. कहा कि वे विधि जगत के प्रमुख स्तंभ थे. उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भी इस अपूरणीय क्षति पर उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी शोक जताते हुए कहा कि वे कानून के सर्वाधिक असाधारण ज्ञाता और प्रबुद्धजनों में शामिल थे.

**एजुकेशन**

### विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय में मास कम्यूनिकेशन की पढ़ाई 2018 में शुरू हुई थी

# कम रुपये में मास कम्यूनिकेशन से पीजी करा रहा बीबीएमकेयू

रजनीश प्रसाद। रांची

झारखंड में बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय (बीबीएमकेयू) मास कम्यूनिकेशन की पढ़ाई सबसे कम फी पर करवाती है. बीबीएमकेयू में मास कम्यूनिकेशन की पढ़ाई स्नातकोत्तर स्तर पर होती है, जिसमें प्रति साल छात्रों लिए 1505 और छात्राओं के लिए प्रति साल 1345 रुपये लिया जाता है. बीबीएमकेयू में मास कम्यूनिकेशन की पढ़ाई 2018 में शुरु की गई थी. शुरुआत में इसकी फी लगभग 14000 प्रति साल था. दूसरे बैच तक इसका फीस 14000 रुपये ही रहा. 2020 से इसका फीस घटा कर छात्रों के लिए 1505 और छात्राओं के लिए 1345 रुपये कर दिया गया. जिसके कारण 2020 में तीसरे बैच के छात्रों ने घटी हुई फी दे कर अपना नामांकन करवाया.

### खास बातें

- शुरुआत में इसकी फी लगभग 14000 प्रति साल था
- 2020 में फी घटा कर छात्रों के लिए 1345 रु. कर दिया
- छात्रों ने घटी हुई फी देकर अपना नामांकन करवाया

### मास कम्यूनिकेशन विभाग में 32 सीट के लिए नामांकन होता है

बता दें कि बीबीएमकेयू के मास कम्यूनिकेशन विभाग में 32 सीट के लिए नामांकन होता है. झारखंड के अन्य विश्वविद्यालय समय-समय पर मास कम्यूनिकेशन की फी में बढ़ोत्तरी करते आई है. कुछ विवि में फीस बढ़ाने पर विचार भी किया जा रहा है. शुरुआती दौर में मास कम्यूनिकेशन की कक्षाएं एक क्वाटर में चलती थी, उस वक्त विश्वविद्यालय का अपना भवन बन रहा था. अब विवि के नए भवन में इस विभाग को शिफ्ट किया गया है. ज्ञात हो कि रांची विवि में स्नातक और स्नातकोत्तर की भी पढ़ाई होती है, जिसके लिए प्रति सेमेस्टर 12000 रुपये फी लिया जाता है. साथ ही डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि में स्नातक और स्नातकोत्तर की पढ़ाई के लिए प्रति सेमेस्टर यूजी के लिए 15000 और पीजी के लिए 25000 फी लिया जाता है. तो संत मार्खम कॉलेज, हजारीबाग में मास स्नातक स्तर की कम्यूनिकेश की पढ़ाईकी फी प्रति सेमेस्टर नौ हजार है. गोस्सनर कॉलेज, रांची में स्नातक स्तर की पढ़ाई के लिए प्रति वर्ष 36000 फी लिया जाता है. वहीं, संत जेवियर कॉलेज में मास कम्यूनिकेशन स्नातक की पढ़ाई की फीस सलाना 65 हजार है.



# लोकतंत्र की हिफाजत

चंडीगढ़ मेयर चुनाव पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला बहुत दूरगामी है. यह सिर्फ एक मेयर के चुनाव तक सीमित नहीं है, बल्कि लोकतंत्र को पैरों तले रौंदने के विरोध में भी एक संदेश है. चंडीगढ़ मेयर चुनाव पर सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया. चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय बेंच ने आदेश दिया है कि मेयर चुनाव में अमान्य किए गए आठ बैलेट पेपर मान्य माने जाएंगे, जिसके बाद आम आदमी पार्टी के कुलदीप कुमार को मेयर घोषित कर दिया गया. पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता को 12 वोट मिले थे. आठ मतों को गलत तरीके से अमान्य करार दे दिया गया. बाद में ये आठ वोट याचिकाकर्ता के पक्ष में पाए गए. इस तरह आठ मतों को जोड़ देने पर याचिकाकर्ता के 20 वोट हो जाते हैं. लिहाजा, आप पार्षद और याचिकाकर्ता कुलदीप कुमार को चंडीगढ़ नगर निगम के महापौर पद पर निर्वाचित घोषित किया जाता है. पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह द्वारा भाजपा प्रत्याशी को विजेता घोषित करने का फैसला अमान्य है. इलेक्टोरल बॉन्ड के बाद यह सबसे महत्वपूर्ण फैसला है, जो चुनाव परिणामों पर डाका डालने के प्रयास को न केवल रोकता है, बल्कि भविष्य के लिए चेतावनी भी देता है कि चुनावों को पारदर्शी, निष्पक्ष और स्वच्छ माहौल देना जरूरी है. हमारे पड़ोसी देश पाकिस्तान में 11 दिनों पहले हुए चुनावों के परिणामों पर जिस तरह का डाका सेना की मदद से पाकिस्तान चुनाव आयोग ने डाला है, उससे चुनावों को लेकर दुनिया भर में संशय पैदा हो गये हैं.

> पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता को 12 वोट मिले थे. आठ मतों को गलत तरीके से अमान्य करार दे दिया गया. बाद में ये आठ वोट याचिकाकर्ता के पक्ष में पाए गए. इस तरह आठ मतों को जोड़ देने पर याचिकाकर्ता के 20 वोट हो जाते हैं.

पाकिस्तान के ही एक अधिकारी ने स्वीकार किया है कि उसने चुनाव नतीजों को बदलने के लिए अपने अधीनस्थ अधिकारियों पर दबाव डाला और इसके लिए पाकिस्तान चुनाव आयोग के प्रमुख तथा वहां के मुख्य न्यायाधीश भी उसमें शामिल हैं. इस बयान ने पूरी दुनिया को चौंका दिया है. अभी हाल ही में बंगलादेश में जिस तरह चुनाव हुए और विपक्ष के बगैर हुए उसने भी अनेक सवाल पैदा कर दिए हैं. चंडीगढ़ में जो कुछ हुआ वह मामूली घटना नहीं थी. भारत में चुनावों में हेराफेरी को ले कर आशंकाएं प्रकट की जाती रही हैं. चुनाव आयोग की निष्पक्षता को ले कर भी विपक्ष सवाल उठता रहा है. अब जब भारत एक और आम चुनाव के मुहाने पर खड़ा है, चंडीगढ़ का मामला दंश बन कर लोगों के बीच मौजूद रहेगा. सवाल तो यह भी है कि वोट की गिनती करने वाले अधिकारी के पीछे कौन लोग थे. ऐसे तत्वों को जो भी सियासी पार्टी या ताकतें पोषती हैं, उनसे भी सवाल किया जाना चाहिए. वैसे भी दुनिया भर में लोकतंत्र की रेटिंग में भारत अब नीचे के पायदानों से थोड़ा ही ऊपर है. यानी भारत को लोकतंत्र की एक बड़ी ऐसी अग्नि परीक्षा से हो कर गुजरना है, जो भारत के चुनावी अखलाक का दुनिया भर में डंका बजा दें. इसमें चुनाव आयोग और सर्वोच्च अदालत दोनों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी. लोकतंत्र का बुनियाद इसी पर टीका है कि वोटरों के फैसले के अनुरूप ही सत्ता करने वालों को मौका मिले न कि उन्हें, जो इस पर डाका डालते हैं.

## सुभाषित

**गुणी गुणं वेत्ति न वेत्ति निर्गुणो बली बलं वेत्ति न वेत्ति निर्बलः।**
**पिको वसन्तस्य गुणं न वायसः करी च सिंहस्य बलं न मूषकः॥**

गुणी पुरुष ही दूसरे के गुण पहचानता है, गुणहीन पुरुष नहीं. बलवान पुरुष ही दूसरे का बल जानता है, बलहीन नहीं. वसन्त ऋतु आए तो उसे कोयल पहचानती है, कौआ नहीं. शेर के बल को हाथी पहचानता है, चूहा नहीं.

# न्याय यात्रा का सियासी भविष्य

**गांधी जी विदेशी गोरों के खिलाफ सत्याग्रह कर रहे थे तो राहुल गांधी देशी संघी सत्ता के खिलाफ सड़क पर संघर्ष कर रहे हैं. भारत जोड़ो यात्रा ने संविधान और लोकतंत्र के प्रति लोगों के विश्वास को मजबूत किया. स्मरणीय है कि 'भारत के विचार' पर हमेशा से संघियों की टेढ़ी नजर रही है. दलितों-वंचितों को सम्मान और अधिकार सुनिश्चित करने वाले समावेशी राष्ट्र की जगह वे भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने का सपना देखते रहे हैं.**



• देश-काल



प्रो. रविकान्त

पूरब से पश्चिम को जोड़ने वाली राहुल गांधी की न्याय यात्रा बीजेपी और संघ के सबसे मजबूत गढ़ में प्रवेश कर चुकी है. 14 जनवरी को मणिपुर से शुरू हुई मुम्बई तक 6700 किलोमीटर की होने वाली इस यात्रा में राहुल गांधी नागालैंड, असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, पश्चिम बंगाल, झारखंड, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ और बिहार होते हुए सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक न्याय के लिए संकल्पबद्ध राहुल गांधी मान्यवर कांशीराम की कर्मभूमि उत्तर प्रदेश पहुंच चुके हैं. उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा सूबा है, जो देश की तकदीर लिखता है. 80 लोकसभा सीटों वाले उत्तरप्रदेश में जो पार्टी चुनाव जीतती है, वही देश पर राज करती है. भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और वर्तमान गृहमंत्री अमित शाह का कहना है कि बीजेपी अगले 50 साल तक देश में राज करेगी. यानी भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस की राजनीति, नितांत राज करने की नीति है. लोगों के साथ न्याय करना, उन्हें अधिकार सम्पन्न और आत्मनिर्भर बनाना, भारत को समृद्ध और सशक्त करना नरेंद्र मोदी एंड कंपनी का कोई उद्देश्य नहीं है. यही वजह है कि मोदी को कोई फर्क नहीं पड़ता, जब नीरव मोदी, मेहुल चौकसी और विजय माल्या जैसे धनकुबेर देश का करोड़ों रुपया लेकर फरार हो जाते हैं. नरेंद्र मोदी को नहीं फर्क पड़ता, जब किसान आंदोलन में साढ़े सात सौ किसानों की मौत हो जाती है. नरेंद्र मोदी को तब भी फर्क नहीं पड़ता, जब देश का मान ऊंचा करने और तिरंगे को सम्मान दिलाने वाली महिला पहलवान न्याय की गुहार लगाते हुए दिल्ली की छाती पर धरना देती हैं. जब गुजरात के ऊना में दलित नौजवानों को नंगा करके पीटा जाता है, नरेंद्र मोदी को तब भी फर्क नहीं पड़ता. जब मणिपुर में पागल नफरती भीड़ दो महिलाओं को नंगा करके हांककर ले जाती है और सामूहिक बलात्कार करके हत्या कर देती है, नरेंद्र मोदी को तब भी फर्क नहीं पड़ता. जब चीन गलवान घाटी में घुसपैठ करता है, अरूणाचल प्रदेश में बस्तियां बसा लेता है, नरेंद्र मोदी को तब भी फर्क नहीं पड़ता. नोटबन्दी में सैकड़ों लोग लाइन में लगकर मर जाते हैं, कोरोना में लाखों लोग बेमौत मारे जाते हैं तब भी नरेंद्र मोदी को कोई फर्क नहीं पड़ता. नरेंद्र मोदी को तब भी फर्क नहीं पड़ता जब तालाबंदी में करोडों लोगों के पैर लहूलुहान हो जाते हैं, और हजारों गरीब मजदूर रास्ते में दम तोड़ देते हैं. नरेंद्र मोदी को तब भी फर्क नहीं पड़ता, जब आंध्र प्रदेश से लेकर विदर्भ, बुंदेलखंड में आर्थिक तंगी और कर्ज के बोझ से दबा हुआ किसान आत्महत्या करता है और बेरोजगारी की मार से बदहाल नौजवान सड़क पर बदहवास घूमता है.

नरेंद्र मोदी ने देश को हिंदुत्ववादी उपनिवेश में तब्दील कर दिया है. '50 साल तक राज' करने के लिए लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है. मीडिया को सरकारी भोंपू बना दिया गया है. चुनाव आयोग रीढ़विहीन केंचुआ बन गया. रिजर्व बैंक, नरेंद्र मोदी की पोशाक वाले रंगों के नोट छापने की मशीन हो गया. सरकारी एजेंसियां विपक्ष को ठिकाने लगाने का हथियार बन गईं. आज देश चुनाव के मुहाने पर खड़ा है. देश बदलाव की बाट जोह रहा है, न्याय की पुकार लगा रहा है. ऐसे समय में राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकले हैं. गांधी जी विदेशी गोरों के खिलाफ सत्याग्रह कर रहे थे तो राहुल गांधी देशी संघी सत्ता के खिलाफ सड़क पर संघर्ष कर रहे हैं. भारत जोड़ो यात्रा ने संविधान और लोकतंत्र के प्रति लोगों के विश्वास को मजबूत किया. स्मरणीय है कि 'भारत के विचार' पर हमेशा से संघियों की टेढ़ी नजर रही है. दलितों-वंचितों को सम्मान और अधिकार सुनिश्चित करने वाले समावेशी राष्ट्र की जगह वे भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने का सपना देखते रहे हैं. नागपुर कार्यालय पर आज़ादी के बाद चार दशक तक तिरंगा नहीं फहराने वाले संघी आज भी संविधान से बेपनाह नफरत करते हैं! समता, न्याय, बंधुत्व, समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता आदि संवैधानिक मूल्यों के प्रति आरएसएस का कोई विश्वास नहीं रहा है. संघी और उनसे जुड़े अन्य हिंदुत्ववादी संविधान के इन बुनियादी मूल्यों को चिन्दी-चिन्दी करके ध्वस्त करना चाहते हैं. इन्हीं मूल्यों को बचाने के लिए राहुल गांधी एक बार फिर सड़क पर हैं. राम मनोहर लोहिया ने कहा था कि 'अगर सड़कें सूनी हो जाएंगी तो संसद आवारा हो जाएगी.' आज संसद को बंधक बना लिया गया है. विपक्षी सांसदों के माइक बन्द करना आम बात है. उनका उपहास उड़ाया जाता है और अपमान किया जाता है. संसद में धार्मिक नारेबाजी की जाती है. बिना बहस के कानून पारित होते हैं. धार्मिक कर्मकांड के जरिए उनके विवेक पर हमला किया जा रहा है. आज जब उनकी उम्मीदों, सपनों और स्वाभिमान को छलनी किया जा रहा, तब राहुल गांधी सड़क पर आकर इन वर्गों के अधिकारों और सम्मान की रक्षा की बात कर रहे हैं. देश के पहले मालिक आदिवासियों के जंगल और जमीन के अधिकार के साथ आर्थिक न्याय दिलाने की बात राहुल गांधी कर रहे हैं. सदियों से वंचना और प्रताड़ना का शिकार रहे दलितों को सम्मान, शिक्षा और सरकारी नौकरी चाहिए. ओबीसी के हक और न्याय के लिए जातिगत जनगणना जरूरी है. किसानों को एमएसपी और मजदूरों को सम्मानजनक रोजगार मिले तभी उनके साथ आर्थिक न्याय होगा. देश के संसाधनों में सबकी हिस्सेदारी हो. राजनीति में सबको प्रतिनिधित्व मिले. गरीबी रेखा ही क्यों तय हो, अमीरी की रेखा भी तय होनी चाहिए. असमानता, अपमान और अन्याय की इस व्यवस्था को बदलने के लिए अम्बेडकर के तेवर और नेहरू की समझ के साथ गांधी की डगर पर निकले राहुल गांधी को देश का दलित वंचित और अल्पसंख्यक तबका बहुत उम्मीद की निगाह से देख रहा है.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## क्रोध शमन उपचार

क्रोध मन का एक अस्वस्थ आवेग है. जीवन में अप्रिय प्रसंग, वंचनाएं, भूलें, असावधानियां, मन-वचन-काया की त्रृटियों से, जाने अनजाने में विभिन्न दुष्करण होते रहते है. मनोकामनाएं असीम होती है, कुछेक की पूर्ति हो जाती है और अधिकांश शेष रहती हैं. पूर्ति न हो पाने और संतोषवृत्ति के अभाव में क्रोधोदय की स्थितियां उत्पन्न होती हैं. क्रोध एक ऐसा आवेश है जो उठकर शीघ्र चला भी जाय, किन्तु अपने पीछे परेशानियों का अम्बार लगा जाता है. क्रोध आपके स्वभाव में घृणा भाव को स्थाई बना देता है. क्रोध एक व्यापक रोग है. यह अपने उदय और निस्तारीकरण के मध्य क्षण मात्र का भी अवकाश नहीं देता. जबकि यही वह क्षण होता है जब विवेक को त्वरित जगाए रखना बेहद जरूरी होता है. यदपि क्षमा, सहनशीलता और सहिष्णुता ही क्रोध नियंत्रण के श्रेष्ठ उपाय हैं. तथापि क्रोध को मंद करने के लिए निम्न प्रथमोपचार कारगर हो सकते है, यथा... पहला किसी की भी गलती को कल पर टाल दो! दूसरा स्वयं को मामले में अनुपस्थित समझो! तीसरा मौन धारण करो! चौथा वह स्थान कुछ समय के लिए छोड दो! पांचवां क्रोध क्यों आ रहा है, इस बात पर स्वयं से तर्क करो! छठा क्रोध के परिणामों पर विचार करो! क्रोध के परिणाम इस प्रकार सामने आते हैं. संताप-क्रोध केवल और केवल संताप ही पैदा करता है. अविनय-क्रोध, विनम्रता की लाश लांघ कर आता है. क्रोधावेश में व्यक्ति बद से बदतरता में भी, प्रतिपक्षी से कम नहीं उतरना चाहता. अविवेक-क्रोध सर्वप्रथम विवेक को नष्ट करता है, क्योंकि विवेक ही क्रोध की राह का प्रमुख रोडा है. यहां तक कि क्रोधी व्यक्ति स्वयं का हित-अहित भी नहीं सोच पाता. असहिष्णुता - क्रोध परस्पर सौहार्द को समाप्त कर देता है. यह प्रीति को नष्ट करता है और द्वेष भाव को प्रबल बना देता है. क्रोध के लगातार सेवन से स्वभाव ही असहिष्णु बन जाता है. इस प्रकार क्रोध, वैर की अविरत परम्परा का सर्जन करता है. उद्वेग-क्रोध उद्वेग का जनक है. आवेश, आक्रोश एवं क्रोध निस्तार से स्वयं की मानसिक शान्ति भंग होती है. जिसके परिणाम स्वरूप तनाव के संग संग, मानसिक विकृतियां भी पनपती है. पश्चाताप - क्रोध सदैव पश्चाताप पर समाप्त होता है. चाहे क्रोध के पक्ष में कितने भी सुविधाजनक तर्क रखे जाय, अन्ततः क्रोध घोर अविवेक ही साबित होता है. अधिकांश, असंयत व्यक्ति अनभिज्ञ ही रहता है कि उसकी समस्त परेशानियों का कारण उसका अपना क्रोध है.

# चीन का बांध बांग्लादेश और भारत के लिए खतरा

• देशांतर

सलीम समद

चीन गुप्त रूप से शक्तिशाली ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया का सबसे बड़ा बांध बना रहा है, जिससे पारिस्थितिकी, पर्यावरण और आकृति विज्ञान को खतरे में पड़ने की संभावना है. यदि यह मेगा परियोजना सिरे चढ़ती है तो इससे भारत और निश्चित रूप से बांग्लादेश के निचले हिस्से में कई मिलियन लोगों को काफी कठिनाई होगी. ब्रह्मपुत्र पर चीन के 1.5 अरब डॉलर के बांध, जिसे जंगमू हाइड्रोपावर स्टेशन के नाम से जाना जाता है, ने बांग्लादेश और भारत में गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं.चीन ने दोनों पड़ोसी देशों के साथ परामर्श नहीं किया, जो कि अंतर्राष्ट्रीय नदियों के जल के उपयोग पर हेलसिंकी नियमों के अनुसार अनिवार्य है, यह एक अंतरराष्ट्रीय दिशानिर्देश है, जो यह नियंत्रित करता है कि राष्ट्रीय सीमाओं को पार करने वाली नदियों और उनसे जुड़े भूजल का उपयोग कैसे किया जा सकता है, जिसे 1966 में हेलसिंकी, फिनलैंड में इंटरनेशनल लॉ एसोसिएशन द्वारा अपनाया गया है. ढाका और नई दिल्ली अच्छी तरह से जानते हैं कि कूटनीतिक बातचीत से अहंकारी बीजिंग प्रशासन के साथ चल रहे मुद्दे पर कोई असर नहीं पड़ेगा. शक्तिशाली ब्रह्मपुत्र नदी पर जलविद्युत बांध, चीन भारत के साथ एक और टकराव का बिंदु खोल रहा है, क्योंकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पार्टी पूर्वोत्तर राज्य असम में सत्ता में है, जहां नदी दक्षिण की ओर बहती है और बांग्लादेश डेल्टा में प्रवेश करती है.

ब्रह्मपुत्र नदी बांग्लादेश में प्रवेश करते ही जमालपुर के बहादराबाद में एक स्थानीय नाम प्राप्त कर लेती है. शोधकर्ता और लेखक मोहिउद्दीन अहमद ने कहा, जमुना नदी सीधे ब्रह्मपुत्र नदी से बहती है.पूर्वोत्तर भारत में बहने वाली एक प्रमुख नदी पर चीन की योजनाबद्ध सुपर बांध नई दिल्ली और बीजिंग के साथ टकराव की एक श्रृंखला में एक और बांध में बदलने की धमकी दे रही है और इससे बांग्लादेश में चिंताएं पैदा होने की संभावना है. ब्रह्मा चेलानी नई दिल्ली में सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च में रणनीतिक अध्ययन के एमेरिटस प्रोफेसर और भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के पूर्व सलाहकार हैं. वह नौ पुस्तकों के लेखक हैं, जिनमें 'वॉटर' एशियाज न्यू बैटलग्राउंड' भी शामिल है. विश्व में जलविद्युत प्रभुत्व के मामले में चीन बेजोड़ है, जिसके पास संयुक्त रूप से अन्य सभी देशों की तुलना में अधिक बड़े बांध हैं. अब वह भारत के साथ अपनी भारी सैन्यीकृत सीमा के करीब दुनिया का पहला सुपर बांध बना रहा है. 60 गीगावाट की नियोजित क्षमता वाला यह मेगाप्रोजेक्ट, थ्री गोरजेस बांध से तीन गुना अधिक बिजली पैदा करेगा, जो अब दुनिया का सबसे बड़ा जलविद्युत संयंत्र है.

> ब्रह्मपुत्र नदी बांग्लादेश में प्रवेश करते ही जमालपुर के बहादराबाद में एक स्थानीय नाम प्राप्त कर लेती है. शोधकर्ता और लेखक मोहिउद्दीन अहमद ने कहा, जमुना नदी सीधे ब्रह्मपुत्र नदी से बहती है.पूर्वोत्तर भारत में बहने वाली एक प्रमुख नदी पर चीन की योजनाबद्ध सुपर बांध नई दिल्ली और बीजिंग के साथ टकराव की एक श्रृंखला में एक और बांध में बदलने की धमकी दे रही है और इससे बांग्लादेश में चिंताएं पैदा होने की संभावना है.

हालांकि, मार्च 2021 में नेशनल पीपुल्स कांग्रेस द्वारा इसे मंजूरी दिए जाने के बाद से चीन ने परियोजना की स्थिति के बारे में कुछ अपडेट दिए हैं. चीन ने भारी उपकरण, सामग्री और श्रमिकों को दूरस्थ स्थल तक पहुंचाना शुरू करने के लिए पर्याप्त बुनियादी ढांचे का निर्माण करने के बाद ही नेशनल पीपुल्स कांग्रेस की मंजूरी के लिए सुपर बांध परियोजना प्रस्तुत की.बांग्लादेश डेल्टा प्लान (बीडीपी) के लिए 100 वर्षों तक काम करने वाले अहमद ने कहा, बांग्लादेश ब्रह्मपुत्र नदी पर अध्ययन करने में पीछे चल रहा है. समझने के लिए ब्रह्मपुत्र, जिसे तिब्बती लोग यारलुंग त्संगपो के नाम से जानते हैं, जब यह हिमालय से भारत की ओर एक तेज दक्षिणी मोड़ लेती है तो यह लगभग 3,000 मीटर नीचे गिरती है, जिसमें दुनिया की सबसे ऊंचाई वाली प्रमुख नदी दुनिया की सबसे लंबी और सबसे खड़ी घाटी से होकर बहती है. अमेरिका में ग्रांड कैन्यन से दोगुना गहरा, ब्रह्मपुत्र कण्ठ एशिया का सबसे बड़ा अप्रयुक्त जल भंडार रखता है, जबकि नदी का तीव्र बहाव पृथ्वी पर नदी ऊर्जा की सबसे बड़ी सांद्रता में से एक बनाता है. इस संयोजन ने चीनी बांध निर्माताओं के लिए एक शक्तिशाली चुंबक के रूप में काम किया है. पूर्वोत्तर भारत में नदियों की आकृति विज्ञान, जीवन और इतिहास पर एक पत्रकार और शोधकर्ता सनत चक्रवर्ती ने कहा कि ब्रिटिश राज के दौरान, कई ब्रिटिश अभियान और शोधकर्ता तिब्बत में प्रवेश करने में विफल रहे, जो अब चीन का क्षेत्र है.तिब्बती पठार के पूर्वी किनारे पर 2008 में आए सिचुआन भूकंप में 87,000 लोग मारे गए और बांध के जलाशय से उत्पन्न दबाव की घटना पर अंतर्राष्ट्रीय ध्यान आकर्षित हुआ, जिसने भूकंप को ट्रिगर करने में मदद की हो सकती है.कुछ चीनी और अमेरिकी वैज्ञानिकों ने भूकंप और सिचुआन के जिपिंगपु बांध के बीच एक संबंध बनाया, जो दो साल पहले एक भूकंपीय खराबी के कारण सेवा में आया था. उन्होंने सुझाव दिया कि बांध के जलाशय में जमा कई सौ मिलियन क्यूबिक मीटर पानी के भार के कारण आरटीएस या गंभीर टेक्टोनिक तनाव उत्पन्न हो सकता है.

# लोकतंत्र को लेकर इतने सवाल क्यों?

• सामयिकी

प्रफुल्ल कोलख्यान

नौवीं बार नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बने हैं. बिहार विधान सभा के अंदर सरकार में विश्वासमत के प्रति राजनीतिक आस्था के पराक्रम का प्रयास पराकाष्ठा पर चल रहा है. जब राजनीतिक उलट-पलट का खेल चल ही रहा है, तो नागरिक जमात भी थोड़ा पलटकर देखने की कोशिश करे तो क्या बुरा है! जनता दल (यू) के नेता नीतीश कुमार के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने बिहार में 2020 के चुनाव में जीत दर्ज करवाई. राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव के नेतृत्व में महागठबंधन को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) से कम सीटें मिली थीं. गठबंधन के तौर पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के विधायक दल के नेता के रूप में नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बने. नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बन तो गये, लेकिन उनका जनता दल (यू) संख्या के आधार पर तीसरे नंबर का दल ठहर गया था, जिसे दूसरे नंबर के दल भारतीय जनता पार्टी का समर्थन हासिल था. यह लोकतंत्र की विडंबना थी कि सब से बड़े राजनीतिक दल, राष्ट्रीय जनता दल का नेता विपक्ष में था और तीसरे नंबर के दल, जनता दल (यू) का नेता मुख्यमंत्री के पद पर आसीन हो गया था. तकनीकी और राजनीतिक रूप से यह सही था, तो था! इस पर कोई नैतिक सवाल खड़ा करना इस समय के राजनीतिक व्यवहार के लिहाज से प्रासंगिक नहीं है, बिल्कुल नहीं. असल में, आज भारत के जीवन के हर क्षेत्र में नैतिकता बहुत कमजोर हो गई है, राजनीति में तो खैर वह किसी के काम की बची ही नहीं है. मनुष्य का जीवन ही ऐसा है कि स्थिति चाहे जैसी भी हो विवेक, नीति और नैतिकता की बात उठ ही जाती है. पश्चिम बंगाल में 2021 के विधान सभा चुनाव के दौरान अखिल भारतीय तृण मूल कांग्रेस की नेता और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण के जवाब में कहा था — खेला होबे. इस चुनाव में अखिल भारतीय तृण मूल कांग्रेस की भारी जीत के बाद ममता बनर्जी का यह बयान राजनीतिक चर्चा-परिचर्चा में बहुत लोकप्रिय हुआ. 'खेला होबे' या 'खेला होगा' अब भारत में लोकप्रिय राजनीतिक मुहावरा बन गया है. महाभारत में जुआ को क्रीड़ा, यानी खेल कहा गया है. महाभारत युद्ध की पटकथा लिखने में यह खेल बड़ा कारण बना. कहा जा सकता है, खेल नहीं, खेल में बेईमानी. खेल में असल खेल तो बेईमानी ही करती है. बेईमानी में ही मजा है! इस मजा का चक्कर भी बड़ा विचित्र है! चक्कर अपनी जगह, लेकिन यह सच है कि बेईमानी का मजा कुछ और ही होता है! बेईमानी का असल मजा तो तब है, जब हारने वाले को बेईमानी का पता ही न चले और जीतने वाला मंद-मंद मुसकुराता रहे. हारने वाला टुकुर-टुकुर ताकता रह जाये. यानी आंख बंद भी नहीं और डब्बा गोल! इसलिए बेईमानी जीवन के हर प्रसंग को खेल बना देती है. हर खेल में मजा के लिए पर्याप्त जगह सुरक्षित रहती है. भारत में लोकतंत्र के संदर्भ में पंचायत व्यवस्था को देखा जा सकता है. पंचायत व्यवस्था को संगठित राजनीतिक दलों के 'प्रकोप'से बचाने पर जोर था. फिर भी ऐसा नहीं हो सका. कुछ खेल यहां भी ज़रूर होता रहता है! यहां, राजनीतिक दलों के व्यवहार में निहित एक तरह की बेईमानी की भूमिका को पहचाना जा सकता है. परम आदर्श स्थिति तो कहीं होती नहीं है, इसलिए व्यावहारिक स्तर पर इस स्थिति को निराशाजनक मानना उचित नहीं है. यह भी ध्यान में होना चाहिए कि पंचायत के चुनावों में आम चुनाव से अधिक मतदान देखा गया है. महिलाओं, दलितों, आदिवासी जैसे विभिन्न सामाजिक संवर्गों के लिए आनुपातिक तौर पर राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रावधान हैं. बड़ी मशक्कत के बाद 20 से अधिक दलों का साथ-सहयोग लेकर इंडिया गठबंधन (आईएनडीआईए यानी इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लुसिव अलायंस) बन भी गया. इंडिया गठबंधन में सब कुछ ठीक-ठाक ही था, ऐसा नहीं कहा जा सकता है. इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि जनता दल (यू) के नेता नीतीश कुमार ने एक बार फिर पाला बदल लिया. महागठबंधन से इस्तीफा देकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में शामिल हो गये. मुख्यमंत्री बनना भी तय हो ही गया था. अतः फिर शपथ लेकर, नौवीं बार मुख्यमंत्री की शपथ लेने का रिकॉर्ड बनाया. राष्ट्रीय जनता दल और महागठबंधन के नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि खेल तो अभी शुरू हुआ है, खेल अभी बाकी है. इस बीच बिहार की राजनीति में तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं. इस बार भी चर्चा-परिचर्चा का केंद्रीय विषय 'खेल' ही था. लोग बाग इस चर्चा-परिचर्चा में बार-बार और तरह-तरह से चित्र-विचित्र ढंग की भाव-भंगिमा के साथ भाग लेते रहे. 12 फरवरी 2024 को बिहार विधान सभा में विनीत नीतीश कुमार विश्वासमत के लिए सदन के समक्ष उपस्थित हुए और विश्वासमत प्राप्त भी कर लिया.

> यह भी ध्यान में होना चाहिए कि पंचायत के चुनावों में आम चुनाव से अधिक मतदान देखा गया है. महिलाओं, दलितों, आदिवासी जैसे विभिन्न सामाजिक संवर्गों के लिए आनुपातिक तौर पर राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रावधान हैं. बड़ी मशक्कत के बाद 20 से अधिक दलों का साथ-सहयोग लेकर इंडिया गठबंधन बन भी गया.

## मीडिया में अन्यत्र

# उदारीकरण के दौर में मातृभाषा का हाल

**उदारीकरण** के दौर में जब अंग्रेजी अपनी चमक बिखेर रही है, ऐसे में सवाल उठ सकता है कि मातृभाषाओं की जरूरत क्या है? चूंकि उदारीकरण और वैश्वीकरण की भाषा के रूप में अंग्रेजी अघोषित तौर पर प्रतिनिधित्व हासिल कर चुकी है, इसलिए ऐसा स्वाभाविक भी है. खासकर अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के मौके पर इस प्रश्न पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए. दुनिया भर के समाजशास्त्री और बाल मनोविज्ञानी मानते हैं कि शिक्षा हासिल करते वक्त बच्चा अपनी मातृभाषा में सबसे ज्यादा सहज रहता है. इसकी वजह यह है कि मातृभाषाओं का रिश्ता व्यक्ति के दिल से ज्यादा रहता है. दरअसल, दिमाग के जरिये जो कुछ ग्रहण होता है, वह तार्किकता से पूर्ण होता है. तार्किकता मनुष्य के नजरिये को वैज्ञानिक तो बनाती है, पर वह कई बार मर्म को छू नहीं पाती. वहीं दिल से स्नेह और प्यार का रिश्ता है.



मातृभाषा को इसी संदर्भ में समझें, तो वह दिमाग नहीं, दिल की भाषा है. मां के दूध में जिस तरह पौष्टिकता के साथ ही स्नेह होता है, मातृभाषाएं भी मनुष्य के लिए स्नेह और पौष्टिकता-दोनों सहज उपलब्ध करा देती हैं. नेल्सन मंडेला कहते हैं कि अगर किसी शख्स से आप उस भाषा में बात करते हैं, जो उसकी दूसरी भाषा है, जिसे वह समझ सकता है, तो वह भाषा उसके मस्तिष्क में जाती है. लेकिन अगर आप उसकी मातृभाषा में बात करते हैं, तो वह सीधे उसके दिल तक पहुंच जाती है. यह दिल का रिश्ता ही है कि जब एक भाषा क्षेत्र के लोग मिलते हैं, तो वे अपनी मातृभाषा में बात करने में सहज महसूस करते हैं. दुनिया ने लोकतंत्र को शासन की बेहतर प्रणाली माना है. उदारीकरण और वैश्वीकरण की व्यवस्थाएं इसी लोकतांत्रिक समाज में उपजी हैं, लेकिन दुर्भाग्य है कि उदारीकरण कम से कम भाषाओं के लिहाज से लोकतांत्रिक नहीं हो पाया है. उसकी प्रतिनिधि भाषा अंग्रेजी है. अगर उसने किसी अन्य भाषा को इस दिशा में कुछ छूट दी है, तो वह फ्रेंच, स्विस या यूरोप की कुछ ताकतवर समुदायों की भाषाएं ही हैं. लेकिन इनमें भी अंग्रेजी का ही वर्चस्व है. कुछ लोग कह सकते हैं कि बाजार की बढ़ती ताकत के दौर में उदारीकरण अंग्रेजी के साथ स्थानीय भाषाओं को भी बढ़ावा दे रहा है. पर यह आधी सच्चाई है. अगर उदारीकरण स्थानीय भाषाओं को बढ़ावा दे रहा है तो वह भाषाओं का लोकतंत्रीकरण नहीं कर रहा है, बल्कि उनके जरिये अपना ही विस्तार कर रहा है. इसका यह मतलब नहीं है कि मातृभाषाओं की जरूरत ऐसी ही रहेगी. मातृभाषाएं इसलिए जरूरी हैं कि शख्स सहज बना रहे. **(अमर उजाला)**

## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### अंक/अंग

**हिंदी सिनेमा** के महान गीतकार एवं संगीतकार रवींद्र जैन ने सौदागर फिल्म के लिए संयोग श्रृंगार रस का अद्भुत गीत तैयार किया था-सजना है मुझे सजना के लिए, जरा उलझी लटे संवार लूं, हर अंग का रंग निखार लूं, मैं सजना के लिए. गीत की पहली पंक्ति में सजना शब्द दो बार आया है और दोनों सजना के अर्थ अलग-अलग. पहला सजना सजने-धजने के अर्थ में तो दूसरा पति के अर्थ में. इस काव्य शास्त्र में यमक अलंकार कहा जाता है. तीसरी पंक्ति में तो श्रृंगार रस निखर कर सामने आया है-हर अंग का रंग निखार लूं और इसका केंद्र बिंदु है अंग. हिंदी भाषा का बहुप्रचलित शब्द अंग संस्कृत का तत्सम संज्ञा पुल्लिंग शब्द है. अंग शब्द के दर्जनों अर्थ हैं, लेकिन मुख्य रूप से अंग मतलब शरीर, बदन, देह तथा समक्ष के रूप में ही जाना जाता है. इससे कई मुहावरे प्रचलित हैं. जैसे अंग उभरना यानी युवावस्था आना, अंग छूना यानी शपथ खाना, अंग टूटना यानी जम्हाई के साथ आलस्य से अंगों का फैलाया जाना, अंगड़ाई आना, अंग लगना यानी आलिंगन करना. इसके साथ ही अंग का मतलब भाग, अंश, टुकड़ा, खंड, अध्याय, ओर, तरफ, पक्ष, भेद, सहायक, सुहृद, तरफदार, जन्मलग्न, नाटक में श्रृंगार और वीर रस को छोड़ कर शेष रस जो अप्रधान रहते हैं, ध्रुव के वंश का एक राजा, उपाय, लक्षण. अंग की ही भांति अंक भी तत्सम संज्ञा पुल्लिंग शब्द है. इसके भी दर्जनों अर्थ हैं. अंक को सामान्यतः संख्या के चिह्न के रूप में जाना जाता है. मुख्य रूप से अंकों की संख्या दस ही होती है. जैसे 0, 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8 तथा 9. इसके अतिरिक्त अंक का अर्थ है चिह्न, निशान, छाप, आंक, काजल की बिंदी जिसे नजर से बचाने के लिए बच्चों के माथे पर लगाया जाता है, डिठौना, अनखी, अक्षर, लेख, भाग्य, किस्मत, नाटक का एक अंश जिसकी समाप्ति पर जवनिका गिरा दी जाती है.

# सठियाते नहीं राजनीति करनेवाले!

• तीर-तुक्का

सुशील यादव

सठियाने की एक उम्र होती है. बुड्ढा सठिया गया है कहने मात्र से किसी पुल्लिंग के साठ क्रास किये जाने की जानकारी ही नहीं मिलती, वरन कुछ हद तक उसके सनकी हो जाने या दिमाग के 'वन बीएच के छाप ' हो जाने का अंदाजा भी होने लगता है. मैं आम आदमी के तजुर्बे की बात कह रहा हूं.'राजनीती के धुरंधरों' को इस रचना-परिधि से दूर रखता हूं, क्योंकि इने-गिनो को छोड़, वे आजीवन नहीं सठियाते. अपनी कालोनी में रिटायर्ड लोगों का ठलुआ-क्लब है. बसंत में उनकी खिली-बाछों को देखने का लुत्फ आसानी से पार्क में सुबहो-शाम उठाया जा सकता है ।आठ -दस को मै बहुत करीब से जानता हूँ. शर्मा, चक्रवर्ती, राणा, सक्सेना, दुबे, असगर अली, भिड़े, सुब्बाराव, ये लोग जब मिलते हैं तो करेंट-टॉपिक पर इनकी तपसरा या टिप्पणी से बसंत में खिले हुए सैकड़ों फूलों का एहसास होता है.



दिल्ली वाले ने छेड़ दिया कि ये 'मफलर-बाबा' को किसी ने समझाइश दे दी है कि दिल्ली की बेशुमार गाड़ियों में हवा ही हवा है, इसी को लेकर, आगे वे दिल्ली को प्रदूषण मुक्त करने की मुहिम में योजनारत हैं. सप्ताह में एक दिन सभी गाड़ियों की हवा निकाल दी जावे तो इससे वातावरण को हवा मिल जायेगी. यदि कहीं लोगों के बीच से अल्टरनेट आड- इवन के फार्मूला का सुझाव आता है तो उस पर भी गौर किया जा सकता है. राणा जी के उदघोष पर पार्क के बुजुर्गों की सामूहिक हो- हो से पार्क गुजायमान हो गया. कुछ आदतन छीछालेदर करने वाले, धीरे- धीरे इसके अंदरुनी पहलू की काट-छांट में, अपनी पुश्तैनी आदत के अनुसार लग गये. अपने इधर एक परंपरा है, तथ्य और तर्क के पेंदे को उलट कर देखना हम जरूरी समझते हैं. चलो बुढाऊ लोगों के दूसरे सत्र की बात देखे...भाई साब ये गलत बात है, आप वोट अलग तर्ज पर मांगते हो और वाहवाही बटोरने के लिए अलग फार्मूला ले आते हो, कहां की शराफत है.....? अरे दूबे जी आप वहीँ अटक गए, वह टॉपिक तो सुबह ख़त्म हो गया था. बुढउ लोगों के दिमाग की केतली से, दफ्तर के प्यून से लेकर बराक ओबामा तक सबकुछ गर्मागर्म बाहर निकलता है. एक न्यूज की कतरन दिखाता है, देखो साला है तो महज चपरासी, मगर एक करोड़ की नगदी, गहना, बेनामी संपत्ति, कार और जमीन के कागज मिले हैं.

**बालू का संकट**

# बालू की कालाबाजारी से निर्माण कार्य ठप,पलायन का खतरा बढ़ा



- राज्य में 135 बालू घाटों की निविदा प्रक्रिया चल रही है
- श्रम विभाग के अनुसार 7 .18 लाख मजदूर पंजीकृत हैं
- कुली,रेजा और मिस्त्री के रोजगार हो रहे प्रभावित

**झा**रखंड में बालू की कालाबाजारी होने से निर्माण कार्य प्रभावित हो रहे हैं. इसका असर इससे जुड़े लोगों पर पड़ रहा है. रोज कमाने खाने वाले मजदूरों, राज मिस्त्री, रेजा-कुली बुरी तरह प्रभावित हैं. काफी ऊंचे कीमत पर बालू मिल रहा है. जिसके कारण बहुत से लोगों ने अपना काम बंद कर दिया है. बाजार दाम पर बालू खरीदना आमलोगों के लिए आसान नहीं है. इस वजह से बालू की कालाबाजारी भी हो रही है. चाहे अबुआ आवास हो या प्रधानमंत्री आवास योजना, सभी निर्माण कार्यों में शिथिलता आ गई. इसकी ढुलाई में लगे ट्रक चालकों के सामने भी बेरोजगारी का संकट छा गया है. इसके अलावा राजमिस्त्री को भी रोज काम नहीं मिल रहे हैं. इस वजह से मजदूर हो या मिस्त्री सभी काम की तलाश में पलायन करने लगे हैं. अगर बालू की समस्या का निदान हो जाये, तो काफी हद तक तात्कालिक पलायन को रोका जा सकता है. जबकि कुछ समय पहले कोरोना काल में करीब 8.5 लाख मजदूर राज्य में लौटे थे. तब ई-श्रम निबंधन पोर्टल भी शुरू किया गया था. श्रम विभाग के आंकड़ों के अनुसार इस क्षेत्र से जुड़े 7.18 लाख मजदूर पंजीकृत हैं. राज्य में 444 बालू घाटों में से 216 घाटों की नीलामी प्रक्रिया पूरी हुई है. वहीं 135 घाटों की निविदा प्रक्रिया चल रही है. जबकि पूरे राज्य में केवल 21 बालू घाट चालू हैं. इन्हीं घाटों से वैध रूप से बालू का उठाव हो रहा है. शेष सभी घाटों से अवैध रूप से बालू का उठाव हो रहा है और कालाबाजारी हो रही. आम दिनों में तीन हजार रुपए प्रति टर्बो बालू की कीमत अब 8000 से 8500 रुपये तक पहुंच गई है. बालू की समस्या को देखते हुए शुभम संदेश की टीम ने इससे प्रभावित लोगों से बात की है. पेश है रिपोर्ट...

### बोकारो

## महंगे दामों में बालू लेकर घर बनाने में लग रहा है ज्यादा पैसा : पंकज



बोकारो जिले के कसमार प्रखंड निवासी पंकज जायसवाल ने बताया कि बालू के मामले पर कई साल से सरकार की चुप्पी समझ से परे है. राज्य में गरीब हो या अमीर, पूंजीपति हो या कंगाल सभी को घर निर्माण से लेकर अन्य कार्यों में महंगे दामों में बालू की खरीद करनी पड़ती है. कुछ साल पहले राज्य सरकार ने एक पहल की थी, जिसमें हर पंचायत के राजस्व गांव की सीमा पर नदियों में बालू उठाव एवं राजस्व संग्रह का जिम्मा ग्राम सभा को सौंपा गया था, लेकिन कुछ दिनों बाद ही ये सिस्टम टूट गया और कालाबाजारी शुरू हो गया. इसमें गरीबों को घर बनाने में सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है. राज्य सरकार को इस दिशा में ठोस पहल कर पंचायती राज व्यवस्था के तहत बालू घाटों की नीलामी करवानी चाहिए. यह सबसे अच्छा होगा. इसमें गांव में लोगों को काम भी मिल जाएगा और सरकार को पर्याप्त राजस्व भी मिलेगा. इसमें सरकार को भी फायदा होगा और आमलोगों को लाभ होगा. इसलिए इस पर अब ध्यान देने की जरुरत है.

## कमीशन के खेल में महंगे दामों में बिक रहा है बालू : सुनील कपरदार



बोकारो जिले के खैराचातर निवासी सुनील कपरदार ने बताया कि जब ट्रैक्टर मालिक नदियों से सीधे बालू उठाकर गांव में लाकर बेचते थे तो एक हजार से डेढ़ हजार रुपए प्रति ट्रैक्टर बालू बड़ी आसानी से मिल जाता था, लेकिन जब से स्थानीय प्रशासन की नजर बालू की बिक्री पर पड़ी और प्रति ट्रैक्टर प्रशासन का कमीशन तय हो गया है, तब से बालू का रेट अचानक महंगा हो गया है. बड़े बड़े ठेकेदार तो महंगे दामों में बालू खरीद लेते हैं, लेकिन एक गरीब व किसान अपना पीएम आवास या अन्य कोई निर्माण कार्य मे महंगे दामों में बालू खरीदकर ज्यादा पैसा चुका रहे हैं. राज्य सरकार को आसन्न कैबिनेट की बैठक में इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर निर्णय लेने की जरूरत है. शुरू में जब सरकार आयी थी तो रोजगार और अन्य मामलों पर बहुत कुछ कहा गया था, लेकिन यहां पर बालू पर ही संकट छा गया है. सरकार को इस मामले पर गंभीरता से विचार करना चाहिए.

### बेरमो

## बालू नहीं मिलने से सभी परेशान हैं : राजकुमार



जरीडीह बाजार निवासी राजकुमार ने कहा कि बालू नहीं मिलने के कारण वे परेशान हैं. जरीडीह बाजार में वे अपना मकान का निर्माण करने वाले हैं. कुछ काम हुआ भी है, लेकिन हाल के दिनों में बालू नहीं मिलने से निर्माण कार्य प्रभावित हो गया है. बालू न मिलने के कारण निर्माण कार्य तो बंद हुआ ही साथ ही साथ राजमिस्त्री और मजदूरों को इन दिनों घर चलाने के लिए जद्दोजहद करनी पड़ रही है. ऐसे में सभी इस समस्या से परेशान हैं.

## लोग चोरी-छिपे बालू नदी से लाते हैं : अभय कुमार



गोमिया के स्वांग निवासी अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि बालू का टेंडर नहीं होने के कारण लोग चोरी छुपे बालू नदी से लाते हैं और अपना काम निकाल रहे हैं. लेकिन इसके लिए लोगों को अधिक कीमत चुकानी पड़ती है. ट्रैक्टर चालक भी पुलिस और प्रशासन से बच कर बालू मुहैया कराते हैं. ट्रैक्टर में काम करने वाले मजदूर भी दो वक्त की रोटी के लिए गलत काम करने को विवश हैं.


### धनबाद

## तीन दिन बाद किसी तरह काम मिला है: कुन्नू मिस्त्री



झरिया चार नंबर के रहने वाले कुन्नू मिस्त्री ने बताया कि तीन दिनों बाद मंगलवार को काम मिला है. मकान बनवा रहे मालिक के पास बालू की कमी हो गई थी. अंत में बराकर के बजाय दामोदर का बालू मंगवाया गया. इसके बाद काम शुरू हुआ है. लेकिन ऐसा कब तक चलेगा, कहा नहीं जा सकता है. इसलिए इस पर सरकार को ध्यान देना चाहिए. इससे हर वर्ग के लोग परेशान हैं.

## महीने में 10 दिन ही काम मिल पाया है : सुमित कुमार



कुन्नू मिस्त्री से साथ ही लेबर का काम करने उनके पड़ोसी सुमित कुमार ने बताया कि जब मिस्त्री जी बैठ गए तो हमें भी काम से बैठना पड़ गया. हम भी आज तीन दिनों के बाद काम पर लौटे हैं. उन्होंने बताया कि इस पूरे महीने बालू की कमी के कारण मात्र दस दिन ही काम कर पाए है. समझ में नहीं आता है कि सरकार इस पर गंभीरता से पहल नहीं कर रही है.

## अब मजदूरी मिलना मुश्किल हो गया है : कलावती देवी



भौरा 7 नंबर निवासी दिहाड़ी मजदूरी करने वाली कलावती देवी ने कहा कि अब इस इलाके में मजदूरी मिलना काफी मुश्किल हो गया है. क्योंकि इधर बराकर का बालू नहीं पहुंच पा रहा है. इससे काम-धाम प्रभावित हो गया है. प्रतिदिन मजदूरी नहीं मिलने से इस बढ़ती महंगाई में घर परिवार चलाना काफी मुश्किल है. कई तरह के खर्चे हैं.


## हफ्ते में दो से तीन दिन ही कार्य मिल रहा है : राजू



झरिया के भौरा स्थित न्यू विलेज के रहने वाले मजदूर राजू कुमार का कहना है कि प्रतिदिन 300 रुपया हाजिरी पर कार्य करता हूं. लेकिन बढ़ते बालू की कीमत और किल्लत से स्थिति ऐसी हो गई है कि हफ्ता में मात्र दो से तीन दिन ही कार्य मिल रहा है. इसके कारण घर चलाना काफी मुश्किल हो गया है.

### हजारीबाग

## बालू नहीं रहने से निर्माण कार्य बंद काम मिलने में परेशानी : मिथलेश




बालू संकट पर बड़कागांव के उरीमारी निवासी मिथलेश सिंह ने कहा कि बालू नहीं रहने से काम बंद है और मजदूरी नहीं हो पा रही है. काम नहीं मिल रहा है. हमलोग रोज कमाते हैं और रोज खाते हैं. ऐसे कब तक चलेगा. अगर काम मिलता भी है तो मजदूरी कम मिलता है. इसके चलते दूसरे राज्यों में जाने का मन बना रहे हैं. हम मजदूरों के पास मजदूरी ही उपाय है. यह बालू से जुड़ा है. सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए.

## अब बालू के अभाव में काम न के बराबर है, बेरोजगार हैं: रत्न राम



कटकमसांडी निवासी रत्न राम ने बताया कि हम मिस्त्री हैं. हम हजारीबाग में काम करते थे. वहां मजदूरी 600 रुपया था. सबकुछ ठीक चल रहा था. लेकिन अचानाक बालू आना बंद हो गया. अब बालू के अभाव में काम ना के बराबर है. ऐसे में मजदूरी कम मिलता है. अगर मिलता है तो 400-500 देने कि बात कही जाती है. वह भी माहभर काम नहीं मिलता है. अब ऐसे में घर परिवार को खाना खिलाने और फिर बच्चों की पढ़ाई लिखाई व दवाई के लिए पैसे का जुगाड़ कहां से करें. पहले बालू होता था तो काम खूब मिलता था. दुसरे राज्यों में जाने के लिए ज़रूरत नहीं पड़ती थी. लेकिन अब हो रही है.

## बालू के अभाव में आवास अधूरा रह गया है, काम बंद है : रामा भुईयां



कटकमदाग निवासी रामा भुईयां ने बताया कि कि प्रधानमंत्री आवास मिला था. जिसमें दो किस्त में 80 हजार रुपया मिला. जिसमें लिलटन तक बनाना था. लेकिन बालू के अभाव में आवास अधूरा रह गया. कुछ बनाया गया था, जिसमें आधा से अधिक पैसा बालू में चला गया. ऐसे में चार माह बाद बरसात आ जायेगा. अब रहने के लिए घर नहीं है. छोटे बच्चे को लेकर कहा जायेंगे. इधर विभाग से जल्द मकान बह जाने का दबाव बनाया जा रहा है. जिससे चिंता हो रही है. सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए.


### जमशेदपुर

## लोन से घर बना रहे हैं, अब बढ़ गई है निर्माण की लागत: अमित सरकार




मानगो निवासी अमित सरकार ने अपना खुद का घर बनाने का सपना देखा था. सपना पूरा करने के लिए अमित ने बैंक से भारी ब्याज पर लोन ले रखा है. शुरुआत में उन्होंने खर्च को जो आंकलन किया था वह बालू, सीमेंट और छड़ के दाम बढ़ने से बढ़ता चला गया. लागत में भी बढ़ोतरी हो गई. अमित कहते हैं कि पहले किसी तरह बालू का जुगाड़ हो जाया करता था पर तस्करी और कालाबाजारी के कारण तस्कर मनमाना दाम वसूलते हैं. जिससे कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है. शहर में बालू बंगाल और ओडिशा से आता है पर कई लोग स्थानीय नदियों से बालू की चोरी करते हैं.

## बालू नहीं मिलने से ठेके का पूरा काम बंद पड़ा है: रवि कर्मकार



घर बनाने का ठेका लेने वाले रवि कर्मकार कहते हैं कि कई दिनों से बालू की कमी चल रही है. बालू की कमी से कई जगह चल रहा काम ठप पड़ा है. वहीं कई जगह बालू नहीं मिलने से समय पर काम पूरा नहीं हो पा रहा है. इसी डर से ज्यादा काम नहीं ले रहे हैं. रवि का कहना है कि बालू की तस्करी करने वाले बड़े व्यापारियों को मनमाने दामों पर बालू की सप्लाई की जाती है पर छोटे ठेकेदारों को बालू नहीं मिल पाता है. ऐसे में हमलोगों के लिए बालू लाना काफी मुश्किल होता है. अगर यही हालत रही तो यहां हमलोगों को भी काम बंद कर बाहर जाना होगा.

## हालत खराब है, अधूरा घर छोड़कर रह रहे हैं किराए के मकान में: गौरव



बिरसानगर निवासी गौरव मजदूरी कर जीवन-यापन करते हैं. उनपर कुल 9 लोगों की जिम्मेदारी है. किसी तरह काम कर घर बनाने के लिए पैसे रखे थे. जमीन भी खरीदी और घर बनाने का काम भी शुरु करवा दिया. पर बालू समेत अन्य सामानों के बढ़ते दामों ने कमर तोड़ दी है. घर का काम अधूरा है और परिवार संग किराए के मकान में रहने को विवश हैं. बालू की तस्करी के कारण बालू के दाम आसमान छू रहे हैं. ऐसे में उनका काम बंद हो गया है. उन्हें अब दाम घटने का इंतजार है. वे कहते हैं कि सरकार कुछ पहल करे तो दाम गिर सकते हैं. तब निर्माण फिर शुरू करेंगे.

### चक्रधरपुर

## बालू की समस्या पर राज्य सरकार नहीं दे रही है ध्यान: मनीष कुमार



चक्रधरपुर निवासी मनीष कुमार ने कहा कि बालू नहीं मिलने के कारण लोगों को घर-मकान इत्यादि निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है. लेकिन राज्य सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है. राज्य सरकार द्वारा अबुआ आवास जैसी योजना प्रारंभ की गई है, लेकिन सरकार को इस बात की चिंता नहीं है कि अगर लोगों को बालू महंगे दाम पर मिलेंगे तो अबुआ आवास योजना के तहत लाभुक घर कैसे बना पाएंगे. महंगे दाम पर बालू मिलने के कारण लोग अपना घर मकान नहीं बनाना चाहते हैं.सभी को बालू के दाम कम होने के इंतजार है. लेकिन ऐसे कितने दिनों तक चलेगा. बालू का दाम कम होता तो शुरू करते.

## बालू की कमी से मजदूरों की परेशानी तेजी से बढ़ती जा रही है : विवेक कुमार



चक्रधरपुर निवासी विवेक कुमार ने कहा कि बालू नहीं मिलने के कारण भवन निर्माण संबंधित रुक रहे हैं. इससे मजदूरों को भी काम मिलने में परेशानी हो रही है. मजदूरों के पास काम नहीं होने के कारण उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. राज्य सरकार को इस ओर ध्यान देकर बालू के सभी घाटों की बंदोबस्ती जल्द किया जाना चाहिए. बालू नहीं मिलने की वजह से विकास संबंधित कार्य प्रभावित हो रहा है. बालू के दाम प्रति ट्रैक्टर गिट्टी के दाम पर बिक रहे हैं. इसका सीधा असर निर्माण के काम पर पड़ रहा है. सरकार इस पर कुछ कर भी नहीं रही है.

## बालू की कालाबाजारी पर जल्द ही लगनी चाहिए रोक: सूरज सोनी



चक्रधरपुर निवासी सूरज सोनी ने कहा कि बालू की कालाबाजारी पर रोक लगनी चाहिए, ताकि बालू के दामों में गिरावट आ सके. उन्होंने कहा कि घर का निर्माण कार्य छह महीने पहले शुरु किया था. उम्मीद थी कि बालू के दाम में कमी आएगी, लेकिन पिछले छह महीने में बालू के दाम में कमी नहीं हो रही है. चोरी-छिपे पश्चिमी सिंहभूम के चाईबासा, गुदड़ी क्षेत्र इत्यादि शहर में बालू पहुंचता है, लेकिन प्रशासनिक अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं. इसके कारण बालू माफिया मनमाना दाम में बालू बेच रहे हैं. लेकिन कोई उपाय नहीं है तो लोग इसे ही खरीद रहे हैं.

## जेएससीए मेजबानी के लिए तैयार



रांची में भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट मैच कल से

फोटो : रमीज

### रांची टेस्ट : चौथे टेस्ट से पहले शुभमन गिल ने की तेज गेंदबाजों की तारीफ, कहा-

# गेंदबाजों ने श्रृंखला में पैदा किया अंतर



अभ्यास सत्र के दौरान रिवर्स स्वीप लगाते जैक क्रॉली.

**शुभम किशोर । रांची**

भारत और इंग्लैंड के बीच चौथे टेस्ट से पहले प्रेस वार्ता के दौरान बल्लेबाज शुभमन गिल ने कहा कि भले ही पिचें भारतीय तेज गेंदबाजों के पूरी तरह से पक्ष में नहीं रही हों लेकिन महत्वपूर्ण मौकों पर विकेट झटकने की उनकी काबिलियत ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में काफी अंतर पैदा किया. अब तक भारत के चार स्पिनरों ने तीन मैच में कुल 36 विकेट चटकाए हैं.

वहीं तेज गेंदबाजों ने अब तक 22 विकेट ही चटकाए हैं. हालांक विकेटों की संख्या भले ही स्पिनरों के पक्ष में हो, लेकिन गिल का मानना है कि तेज गेंदबाजों ने परिस्थितियों के अनुसार अच्छी गेंदबाजी कर टीम को आगे बनाये रखा है. गिल ने कहा कि बुमराह जैसा गेंदबाज नहीं खेल रहा है तो किसी भी टीम को उसकी कमी खलेगी, विशेषकर तब जब वह हमारे



तेज गेंदबाजी आक्रमण का अगुआ हो लेकिन अगर आप देखें तो पिछले मैच में सिराज ने चार महत्वपूर्ण विकेट लिए थे, जिससे टीम को जीत हासिल करने में आसानी हुई थी. उन्होंने कहा कि भारतीय टीम के पास अश्विन और जडेजा जैसे विश्वस्तरीय स्पिनर्स हैं, जो टीम के लिए काफी महत्वपूर्ण हैं. इसके अलावा अक्षर पटेल और कुलदीप जैसे खिलाड़ियों का प्रदर्शन भी टीम के लिए काफी अहम है.

### बल्लेबाजों का शानदार प्रदर्शन टीम के लिए अच्छा

शुभमन गिल ने कहा कि हर मैच में हमारी टीम चार सौ के करीब स्कोर कर रही है और टीम के सभी बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं. हमारी टीम काफी अच्छी है. इस श्रृंखला में सभी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है और हम इस आगे भी बरकरार रखने की कोशिश करेंगे. उन्होंने सरफराज की तारीफ करते हुए कहा कि सरफराज जैसे खिलाड़ियों का बेहतर प्रदर्शन करना टीम के लिए काफी अच्छा है. उन्होंने साथ ही कहा कि विराट जैसे खिलाड़ी का टीम में नहीं होने से फर्क तो पड़ता है पर इस दौरान सरफराज को मौका मिला है.

### अपनी उम्मीदों पर खरा नहीं उतरने से निराशा हुई

शुभमन गिल कहा कि अपनी अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर पाना थोड़ा मुश्किल था. जब बाहर बैठे लोग इस बारे में बात करते हैं तो मुझ पर खास प्रभाव नहीं पड़ता, लेकिन मैंने जो उम्मीदें खुद से लगाई थी उन पर खरा नहीं उतर पाने के कारण मैं थोड़ा निराश था. उन्होंने कहा कि आप निश्चित तौर पर खुद से कुछ अपेक्षाएं रखते हैं लेकिन मुझे नहीं लगता कि इससे मेरी मानसिकता बदली. मैं अब भी स्वयं से इस तरह की उम्मीदें रखता हूं. यह इस बात से जुड़ा है कि आप उन्हें कितनी जल्दी भूल पाते हैं और अगली चुनौती के लिए तैयार रहते हैं.

### स्पिनरों के लिए मददगार होगी विकेट: ओली पोप

इंग्लैंड की टीम की ओर से बल्लेबाज ओली पोप ने प्रेस वार्ता की. ऑलीपॉप ने कहा कि दो मैच में हार के बाद इस मैच में टीम पूरी तैयारी के साथ उतरेगी और सभी खिलाड़ी अच्छे मानसिकता के साथ खेलेंगे. इंग्लैंड की टीम ने पिच का जायजा लिया और उन्होंने कहा कि रांची की पिच पर काफी दरार हैं, जिसे देखते हुए लगता है कि स्पिनरों को पिच से काफी मदद मिलेगी. हमने महसूस किया है कि जडेजा, अश्विन और कुलदीप स्पिन लेती पिचों पर खतरा पैदा कर सकते हैं इसलिए हमारा सर्वश्रेष्ठ प्रयास उन्हें दबाव में बनाये रखना होगा जैसा हमने हैदराबाद में दूसरी पारी में किया था. अगर पिच वैसे ही स्पिन करती है तो टेस्ट से पहले हमारा मनोबल काफी बढ़ा हुआ होगा.



अभ्यास सत्र के दौरान स्पिन गेंदबाजी पर चर्चा करते रविंद्र जडेजा व रविचंद्रन अश्विन.

## ब्रीफ खबरें

### चोट के कारण रियो ओपन से हटे अल्कराज

**रियो डी जनेरियो ।** दो बार के ग्रैंडस्लैम विजेता कार्लोस अल्कराज टखने की चोट के कारण रियो ओपन टेनिस टूर्नामेंट से हट गए हैं. पहले सेट में जब स्कोर 1-1 से बराबरी पर था तब अल्कराज को कोर्ट छोड़ना पड़ा. इससे ब्राजील के थियागो मोंटेइरो दूसरे दौर में पहुंच गए। क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए उनका मुकाबला हमवतन फेलिप मेलिगेनी अल्वेस से होगा. पहले गेम के शुरू में ही अल्कराज का टखना मुड़ गया लेकिन इसके बावजूद उन्होंने मोंटेइरो की सर्विस तोड़ी. ब्राजील के खिलाड़ी ने हालांकि अगले गेम में हिसाब बराबर कर दिया.

### यूएई के मुख्य कोच बने लालचंद राजपूत

**दुबई ।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर लालचंद राजपूत को तीन साल के लिए संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की पुरुष टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया. इस तरह राजपूत पाकिस्तान के मुदस्सर नजर की जगह लेंगे. बतौर मुख्य कोच उनकी पहली जिम्मेदारी आईसीसी क्रिकेट विश्व कप लीग 2 त्रिकोणीय श्रृंखला होगी, जिसमें स्कॉटलैंड और कनाडा की टीम मौजूद हैं जिसकी मेजबानी 28 फरवरी से संयुक्त अरब अमीरात कर रहा है. इसके बाद अगले महीने स्कॉटलैंड के खिलाफ तीन मैच की टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेली जायेगी.

### आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में लगायी 14 पायदान की छलांग

# शीर्ष 20 में यशस्वी जायसवाल की इंट्री

- 15वें स्थान पर पहुंचे यशस्वी
- ऑल राइंडर की सूची में शीर्ष पर हैं जडेजा

**भाषा । दुबई**

युवा भारतीय बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल इंग्लैंड के खिलाफ चल रही श्रृंखला में लगातार दोहरे शतक जड़कर 14 पायदान की छलांग से आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष 20 में पहुंच गये. वह अभी बल्लेबाजी रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज हैं. जायसवाल लगातार दो टेस्ट में दोहरे शतक जड़ने वाले सात क्रिकेटरों की जमात में शामिल हो गये. 22 साल के बायें हाथ के बल्लेबाज जायसवाल इस तरह विनोद कांबली और विराट कोहली के बाद लगातार दो टेस्ट शतक जड़ने वाले तीसरे भारतीय हैं. जायसवाल ने विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में पहली पारी में 209 रन जड़े. फिर राजकोट में दूसरी पारी में नाबाद 214 रन की पारी खेलकर उन्होंने भारत को इंग्लैंड पर 434 रन की बड़ी जीत दिलायी, जिससे घरेलू टीम ने श्रृंखला में 2-1 से बढ़त बना ली. अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने एक बयान में कहा कि राजकोट में 'प्लेयर ऑफ द मैच' रहे रविंद्र जडेजा भी पहली पारी में 112 रन की शतकीय पारी की बदौलत बल्लेबाजी रैंकिंग में 41वें से 34वें स्थान पर पहुंच गये. जडेजा ने मैच में सात विकेट भी झटके थे जिससे वह गेंदबाजी रैंकिंग में तीन पायदान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंच गये.



### गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष दो स्थान भारतीयों के नाम

राजकोट में 500 टेस्ट विकेट के क्लब में शामिल हुए अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन एक पायदान ऊपर चढ़कर तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गये. जडेजा और अश्विन टेस्ट ऑल राउंडर रैंकिंग में पहले दो स्थानों पर कायम हैं. जडेजा ने ऑल राउंडर सूची में करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग से अपना शीर्ष स्थान मजबूत किया. रोहित शर्मा बल्लेबाजी रैंकिंग में एक पायदान के फायदे से 12वें स्थान पर पहुंच गये. उन्होंने राजकोट में पहली पारी में 131 रन बनाये थे. शुभमन गिल तीन पायदान के लाभ से 35वें स्थान पर पहुंच गये. पदार्पण कर रहे सरफराज खान और ध्रुव जुरेल ने रैंकिंग में 75वें और 100वें स्थान से प्रवेश किया.

### बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष 10 में एकमात्र भारतीय हैं विराट

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली हालांकि व्यक्तिगत कारणों से श्रृंखला में नहीं खेल रहे हैं लेकिन वह सातवें स्थान शीर्ष 10 बल्लेबाजी सूची में एकमात्र भारतीय हैं. इंग्लैंड के लिए सलामी बल्लेबाज बेन डकेट पहली पारी में 153 रन की मदद से 12 पायदान के फायदे से 13वें स्थान पर पहुंचने में सफल रहे. न्यूजीलैंड के केन वेलियमसन ने बल्लेबाजी रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान मजबूत किया. उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शतक जड़ा था जिससे वह सात टेस्ट में सातवें सैकड़े से अरविंद डा सिल्वा, मोहम्मद युसूफ और क्लाइड वालकॉट के साथ यह उपलब्धि हासिल करने वाले खिलाड़ियों की जमात में शामिल हो गये.

### टी-20 : टिम डेविड ने की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी

# रोमांचक मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया जीता

- 10 गेंदों नें टिम डेविड ने 31 रन बनाए
- तीन मैच की श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया 1-0 से आगे

**भाषा । वेलिंगटन (न्यूजीलैंड)**

टिम डेविड ने मैच की आखिरी गेंद पर चौका लगाकर ऑस्ट्रेलिया को न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार को यहां पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में छह विकेट से रोमांचक जीत दिलाई. न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 215 रन बनाए, जिसमें 13 छक्के और 10 चौके शामिल हैं. उसकी तरफ से डेवोन कॉनवे (46 गेंद पर 63 रन, पांच चौके, दो



छक्के) और रचिन रविंद्र (35 गेंद पर 68 रन, दो चौके, छह छक्के) ने अर्धशतक जमाए जबकि सलामी बल्लेबाज फिन एलेन ने 17 गेंद पर 32 रन का योगदान दिया. ऑस्ट्रेलिया को लक्ष्य तक पहुंचाने में मिशेल मार्श का अहम योगदान रहा जिन्होंने 44 गेंद पर नाबाद 72 रन बनाए. उनकी इस पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया अपना तीसरा सर्वोच्च लक्ष्य हासिल करने में सफल रहा. मार्श ने अपनी पारी में दो चौके और सात छक्के लगाए. उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया. मैच के आखिर में डेविड (10 गेंद पर नाबाद 31 रन, दो चौके तीन छक्के) ने जिम्मेदारी संभाली. उन्होंने 19वें ओवर की अंतिम तीन गेंद पर दो छक्के और एक चौका लगाया. ऑस्ट्रेलिया को अंतिम तीन गेंद पर 12 रन की जरूरत थी. डेविड ने चौथी गेंद पर छक्का लगाया और अगली गेंद पर दो रन लिए. इसके बाद उन्होंने विजयी चौका लगाकर ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाया.

### एटीपी रैंकिंग : शीर्ष 100 से बाहर हुए नागल

**नयी दिल्ली ।** भारत के सुमित नागल 16 अंक गंवाने के कारण विश्व रैंकिंग में शीर्ष 100 से बाहर हो गए हैं. नागल एटीपी की नवीनतम विश्व रैंकिंग में तीन पायदान नीचे 101वें स्थान पर खिसक गए हैं. पिछले साल इसी सप्ताह नागल ने एक क्वालीफायर के रूप में चेन्नई चैलेंजर के सेमीफाइनल में पहुंचने के कारण 41 अंक हासिल किए थे. नागल को इन अंकों का बचाव करना था लेकिन वह बेंगलुरु ओपन में केवल 25 अंक ही हासिल कर पाए. नागल ने इस साल चेन्नई ओपन का खिताब जीतकर शीर्ष 100 में जगह बनाने वाले खिलाड़ियों में अपना नाम लिखाया था.

## पीएसवी आइंडहोवेन ने बोरूसिया डोर्टमंड को 1-1 से ड्रॉ पर रोका

**भाषा । आइंडहोवेन (नीदरलैंड)**

लुक डि जोंग के पेनल्टी से किए गए गोल की बदौलत पीएसवी आइंडहोवेन ने चैंपियंस लीग राउंड-16 मुकाबले के पहले चरण में बोरूसिया डोर्टमंड से 1-1 से ड्रा खेला. डोनिल मालेन के 24 वें मिनट में किये गये गोल से बोरूसिया डोर्टमंड ने बढ़त बना ली थी, लेकिन मंगलवार को लुक डि जोंग ने अपने पूर्व साथी के गोल की बढ़त को खत्म कर दिया. दूसरे चरण का मैच 13 मार्च को डोर्टमंड में खेला जायेगा. पीएसवी ग्रुप बी में आर्सेनल के पीछे



दूसरे स्थान पर रहकर पहली बार चैंपियंस लीग के राउंड 16 में जगह बनाने में सफल रहा.

### डब्ल्यूटीटी टीम चैंपियनशिप | पुरुष टीम ने रोमांचक व महिला टीम ने एकतरफा मुकाबला जीता

# भारतीय पुरुष व महिला टीम प्री क्वार्टर फाइनल में

**भाषा । बुसान (दक्षिण कोरिया)**

हरमीत देसाई के निर्णायक पांचवां मैच जीतने से भारतीय पुरुष टीम बुधवार को यहां प्री क्वार्टरफाइनल में पहुंच गयी जबकि महिला टीम ने 3-0 की आसान जीत से विश्व टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप के अंतिम 16 चरण में प्रवेश किया. पुरुष टीम को कजाखस्तान को 3-2 से हराने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी लेकिन महिला टीम ने इटली को आसानी से 3-0 से शिकस्त देकर अगले दौर में प्रवेश किया.

पुरुष टीम अब मजबूत दक्षिण कोरिया से भिड़ेगी जबकि महिला टीम का सामना बुधवार को चीनी ताइपे से होगा. हरमीत पहले मैच में किरिल गेरासिमेंको से 3-2 से हार



गये जिसके बाद सीनियर साथी और राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता शरत कमल ने अलान कुरमांगालियेव से दो गेम पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 3-2 से हराकर भारत को बराबरी पर ला दिया.

जी साथियान ने फिर 3-1 की आसान जीत से भारत को 2-1 से आगे कर दिया. शरत कमल हालांकि अपना दूसरा एकल मैच में किरिल से 3-1 से हार गये.

### खास बातें

- पुरुष टीम ने कजाखस्तान को 3-2 से हराया
- महिला टीम ने इटली को 3-0 से हराया

### निर्णायक मैच में हरमीत ने दिखाया संयम



निर्णायक मैच में हरमीत ने संयम बनाये रखा और 3-1 की जीत से पुरुष टीम को प्री क्वार्टरफाइनल में पहुंचा दिया. महिला वर्ग में श्रीजा अकुला ने निकोलेटा स्टेफानोवा को 3-0 से, मनिका बत्रा ने जियोर्जिया पिकोलीन को 3-0 से और अयहिका मुखर्जी ने गाइया मोनाफार्डिनी को 3-1 से हरा दिया जिससे टीम ने अंतिम 16 में प्रवेश किया.

# मॉडल की आत्महत्या मामले में क्रिकेटर अभिषेक को समन

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पहले सनराइजर्स हैदराबाद के स्टार खिलाड़ी अभिषेक शर्मा विवादों में फंस गए हैं. अभिषेक शर्मा को सूरत की मॉडल तानिया सिंह के आत्महत्या मामले के संबंध में स्थानीय पुलिस से समन मिला . तानिया फैशन और मॉडलिंग के क्षेत्र में काम कर रही थीं और सोशल मीडिया पर उनकी अच्छी खासी फॉलोइंग थी.

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 28 वर्षीय तानिया मूल रूप से राजस्थान की रहने वाली थी. वह फैशन डिजाइनिंग की पढ़ाई कर रही थीं. उन्होंने अपने अपार्टमेंट की छत से लटककर आत्महत्या कर ली.



पुलिस को तानिया की आत्महत्या के पीछे प्रेम प्रसंग का संदेह है. पुलिस तानिया के मोबाइल फोन की कॉल डिटेल की जांच कर रही है. इस दौरान अभिषेक शर्मा का नाम सामने आया है. कथित तौर पर अभिषेक का नाम ही तानिया की आखिरी डायल



सूची में था. प्रारंभिक विवरण से पता चलता है कि तानिया और अभिषेक के बीच लंबे समय से कोई वास्तविक संपर्क नहीं था. हालांकि, दोनों लंबे समय से दोस्त थे. इस कारण पुलिस ने अभिषेक को सामान्य पूछताछ के लिए बुलाया है.

## ब्रीफ खबरें

### पुलिस टीम पर हमला दो पुलिसकर्मी घायल

**नवादा।** नवादा में दो पुलिसकर्मियों पर बुधवार को एक युवक ने हमला कर दिया. वाहनों की जांच के दौरान युवक ने पुलिस पर हमला कर दो पुलिस कर्मियों को घायल कर दिया. आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए उसकी बाइक जब्त कर ली. आरोपी युवक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पूर्णाडीह गांव के रविन्द्र प्रसाद के बेटे मनीष कुमार है. घटना के वक्त पुलिस वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर बाबा का ढाबा के समीप वाहनों की जांच कर रही थी.

### नेपाल के वीरगंज में दूसरे दिन कर्फ्यू जारी

**पूर्वी चंपारण।** नेपाल के वीरगंज में दूसरे दिन भी तनाव व्याप्त रहा. मंगलवार की सुबह चार घंटे तक कर्फ्यू में ढील के दौरान प्रदर्शन और टायर फूंके जाने की घटना के बाद प्रशासन ने कर्फ्यू को यथावत रखा है. इस बीच जिलाधिकारी दिनेश सागर भुसाल की अध्यक्षता में मंगलवार की शाम सर्व दलीय और सर्व पक्षीय सद्भावना बैठक हुई. जिसमें शांति व सद्भाव बनाने को लेकर कई निर्णय लिये गये. साथ ही असामाजिक तत्वों की पहचान, सोशल मीडिया पर भडकाऊ पोस्ट डालने वालों पर नकेल कसने सहित कई मुद्दों पर सहमति बनी. वहीं इसमें निर्णय लिया गया कि बुधवार को सुबह 6 बजे से 11 बजे तक कर्फ्यू में छूट दी जायेगी.

### सिलेंडर लीक होने से लगी आग, नुकसान

**पूर्वी चंपारण।** जिले के ढाका थाना क्षेत्र स्थित सिंचाई विभाग के निरीक्षण भवन के समीप गैस सिलेंडर लीक होने के बाद दो घरों में आग लग गई. जिससे लाखों की संपत्ति जलकर राख हो गई. आग लगने की सूचना पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. मिली जानकारी के अनुसार ढ़ाका-घोड़ासहन रोड में निरीक्षण भवन के समीप गैस सिलेंडर लीक होने से राजेंद्र साह के घर में आग लगी. जिसकी लपटे पड़ोस में मिश्रीलाल साह के मकान को भी अपने जद में ले लिया.आग लगने के बाद पूरे क्षेत्र में अफरा तफरी मचा रहा.

लखीसराय जिले में रामगढ़ चौक थाना चौक क्षेत्र के झुलौना गांव के पास ट्रक और ऑटो में भीषण टक्कर

# कैटरिंग करके लौट रहे नौ यात्रियों की मौत, पांच की हालत नाजुक

**संवाददाता। पटना**

लखीसराय जिले में रामगढ़ चौक थाना चौक क्षेत्र के झुलौना गांव के पास बुधवार सुबह ट्रक और सीएनजी टेंपो की सीधी टक्कर में नौ लोगों की मौत हो गई. इस हादसे में घायल पांच लोगों की हालत नाजुक है. इस टक्कर में टेंपो के परखच्चे उड़ गए. टेंपो में कुल 14 लोग सवार थे. इनमें से आठ की मौत घटनास्थल पर हो गई. एक व्यक्ति ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. घायलों की हालत को देखते हुए उन्हें सदर अस्पताल से पीएमसीएच पटना रेफर किया गया है.

मृतकों में टेंपो ड्राइवर मनोज कुमार भी शामिल है. प्रत्यक्षदर्शी अनिल मिस्त्री ने बताया कि मनोज को सूचित किया गया था कि कुछ लोगों को रिजर्व कर हलसी से लखीसराय लाना है. हलसी से लखीसराय आने के दौरान झूलौना के पास यह हादसा हो गया. हादसे में 14 लोग जख्मी हो गए. इनमें आठ लोगों की मौत हो गई . बाकी छह लोगों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया. वहां पर एक व्यक्ति की मौत हो गई. गंभीर रूप से घायलों को पीएमसीएच पटना रेफर किया गया है. सभी की स्थिति नाजुक है. प्रत्यक्षदर्शी अनिल तेतरहाट थाना क्षेत्र के महिसोना गांव निवासी हैं.

नगर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अमित कुमार ने बताया की टेंपो पर सवार सभी लोग हलसी से लखीसराय आ रहे थे. मृतकों के परिजन मुंगेर में रहते हैं. सभी को सूचित कर दिया गया है. बताया जाता है कि सभी लोग शादी में कैटरिंग का काम खत्म करते सिकंदरा से लखीसराय स्टेशन आ रहे थे. घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है



### हाइवा-एंबुलेंस में टक्कर, चालक और मरीज की मौत

**नवादा :** नवादा जिले के हिसुआ थाना क्षेत्र के हिसुआ-बोधगया एनएच 82 पर हिसुआ बाइपास में बुधवार को एक एंबुलेंस और एक हाइवा की जोरदार टक्कर हो गयी, जिसमें एंबुलेंस चालक एवं एंबुलेंस पर सवार मरीज की मौत हो गयी . वहीं दो अन्य जख्मी है . पकरीबरावां थाना क्षेत्र के एरुरी गांव निवासी 40 वर्षीय रूप लाल चौधरी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई . वहीं पत्नी रूनी देवी की हालत गंभीर है,जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है . मृतक रूप लाल चौधरी की पेट में काफी दिनों से दर्द था और परेशान रहता था, जिसकी इलाज की जा रही थी . मृतक रूप लाल चौधरी ने अपने परिवार के साथ गया जाने के लिए एक प्राइवेट एंबुलेंस किया था और एंबुलेंस में पति-पत्नी और बच्चे के साथ गया जा रहे थे .

### कार की ठोकर से दो बाइक सवार की मौत

**पूर्वी चंपारण।** जिले के सुगौली थाना क्षेत्र के छपरा बहास में इनोवा कार की ठोकर से बाइक सवार दो की मौत हो गई. मिली जानकारी के अनुसार सुगौली प्रखंड के दक्षिणी मनसिंघा पंचायत के लक्ष्मीपुर निवासी शेख कमरुल हक और शेख रोजदिन अपने बाइक से सुगौली छपरा बहास सड़क से राष्ट्रीय उच्च पथ की ओर आर रहे थे. इसी दौरान छपरा बहास हनुमान मंदिर के समीप इनोवा कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी. जिससे शेख कमरुल हक की घटना स्थल पर हीं मौत हो गई, जबकि दूसरा शेख रोजदिन को गंभीर रूप से घायल अवस्था में अस्पताल लाया. जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया. पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया गया है.

बिहार ग्रामीण कार्य विभाग की योजना

# सीएम ने 4,446 करोड़ रुपये की योजनाओं का किया उद्घाटन

**संवाददाता। पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को ग्रामीण कार्य विभाग की 4446.188 करोड़ रुपये की लागत की 3590 पथों एवं 28 पुलों यानी कुल 3618 योजनाओं का उद्घाटन किया. इसमें मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के तहत 1735.814 करोड़ रुपये लागत की 1583 पथों एवं 11 पुलों, मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ परत नवीनीकरण कार्यक्रम अन्तर्गत 2576.070 करोड़ रुपये की 1977 पथों तथा राज्य योजना अन्तर्गत 134.304 करोड़ रुपये की 30 पथों एवं 17 पुलों का उद्घाटन किया गया. वर्ष 2005 में सरकार में आने के बाद से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में राज्य में कई सड़कों एवं पुलों का निर्माण कराया गया. राज्य के किसी भी सुदूर क्षेत्र से राजधानी पटना पहुंचने के लिये 6 घंटे के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया गया है और अब 5 घंटे के लक्ष्य पर काम किया जा रहा है.

ग्रामीण कार्य विभाग के अन्तर्गत भी कई ग्रामीण पथों एवं पुलों का निर्माण किया गया है. ग्रामीण कार्य विभाग का बजट जो वर्ष 2007-08 में लगभग 1390 करोड़ रुपये था वह वर्ष 2023-24 में बढ़कर 11569 करोड़ रुपये हो गया. ग्रामीण कार्य विभाग के द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना, ग्रामीण टोला संपर्क निश्चय योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ अनुरक्षण कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जा रहा है.

मुख्यमंत्री का यह निर्देश रहा है कि जो नई सड़कें बनायी जाती हैं, उनका नियमित रूप से रख-रखाव भी होता रहे ताकि आमजनों को बारहमासी सुगम सम्पर्कता का लाभ मिलता रहे. क्षतिग्रस्त महत्वपूर्ण पथों के उन्नयन के लिए मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना 2023 से प्रारंभ की गयी है ताकि निर्धारित समय अवधि में सड़कों का पुनर्निर्माण, सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ीकरण किया जा सके और लोगों का आवागमन हमेशा सुलभ बना रहे.



### हमें मुर्दाबाद कहते रहिए, हम आपको जिंदाबाद ही कहेंगे: नीतीश

**पटना :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को बिहार विधानसभा में कहा कि आप (विपक्ष) लोगों को जितना बाद मेरे खिलाफ मुर्दाबाद का नारा लगाना है लगाइये, हम आप लोगों का जिंदाबाद करेंगे. ताकि आप जिंदा रहिये. दरअसल बिहार विधानसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी विधायक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा करने लगे. राजद, कांग्रेस और वामपंथी पार्टियों के विधायक वेल में आ गये और नारेबाजी करने लगे. वे नीतीश कुमार मुर्दाबाद के नारे लगा रहे थे. उस दौरान सदन में प्रश्नोत्तर काल चल रहा था और डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा पथ निर्माण से जुड़े सवाल का जवाब दे रहे थे.

मोतिहारी में खूब गरजे तेजस्वी यादव, बोले-

# राजद एमवाई की पार्टी नहीं है

**संवाददाता। मोतिहारी**

जिले के छतौनी स्थित स्पोर्ट्स क्लब में बुधवार को पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव की जन विश्वास यात्रा के दौरान हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं की भीड़ पहुंची थी. इस दौरान तेजस्वी यादव ने जमकर सीएम नीतीश पर हमला बोला. उन्होंने कहा कि राजद केवल 'एमवाई' की नहीं, बल्कि माई-बाप और ए टू जेड की पार्टी है. आप मंच पर देख लीजिए कि सभी जाति के लोग बैठे हैं. इसलिए जो यह भरम में हैं कि राजद 'एमवाई' की पार्टी है तो वह भ्रम से बाहर आ जाएं. यह केवल विकास और रोजगार की पार्टी है. तेजस्वी ने कहा कि आपलोगों का आशीर्वाद लेने हम मोतिहारी आए हैं. दस साल नरेंद्र मोदी की सरकार रही और मोदी को दस साल काम करने का मौका दिया. दस साल बीजेपी के कैंडिडेट को जिताया और आज लोग बेरोजगार हैं.



कृषि अनुसंधान परिषद के स्थापना दिवस पर राज्यपाल ने कहा-

# कृषि अर्थव्यवस्था की रीढ़ है

**विशेष संवाददाता। पटना**

राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने बुधवार को कहा कि कृषि हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है. वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए किसानों का समृद्ध होना आवश्यक है. राज्यपाल भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के पूर्वी अनुसंधान परिसर (पटना) के 24वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय कृषि मेला-सह- जनजातीय कृषक सम्मेलन का आज उद्घाटन कर रहे थे. उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती को अपनाने से किसानों की आय दुगुनी हो सकती है. उन्होंने कहा कि किसानों के परिश्रम से ही हमें खाने को अन्न मिलता है. वे प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित कर खेती करना जानते हैं और खेत ही उनका प्रयोगशाला होता है. हमारे पूर्वजों द्वारा खेतों में रासायनिक खादों का प्रयोग नहीं करने के बावजूद अच्छी उपज होती थी, परंतु बाद में इनके प्रयोग से जमीन की उर्वरा शक्ति का ह्रास होने लगा. रासायनिक खाद खरीदने के लिए किसान कर्ज के जाल में फंसते चले गए.

### महेश्वर ने उपाध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा

**पटना।** बिहार विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के बीच विस के उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है. महेश्वर हजारी का इस्तीफा 21 फरवरी की दोपहर से प्रभावी हो गया है. विस सचिवालय ने भी इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है. जदयू नेता महेश्वर हजारी ने कहा कि हमने स्वेच्छा से इस्तीफा दिया है..आगे आलाकमान का जो भी फैसला होगा, हम उसका पालन करेंगे. कोई नाराजगी नहीं है. बता दें कि कल्याणपुर निर्वाचन क्षेत्र (आरक्षित) से दूसरी बार विधायक बने हजारी मार्च 2021 से उपाध्यक्ष पद पर थे.

## कारोबार

### मजबूत मांग से सोना वायदा कीमतों में तेजी

**नयी दिल्ली।** मजबूत हाजिर मांग के बीच सटोरियों द्वारा ताजा सौदों की लिवाली किए जाने से वायदा कारोबार में बुधवार को सोने की कीमत 36 रुपये की तेजी के साथ 62,203 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी. मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में अप्रैल माह में आपूर्ति वाले अनुबंध का भाव 36 रुपये यानी 0.06 प्रतिशत की तेजी के साथ 62,203 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया. इसमें 13,491 लॉट का कारोबार हुआ. बाजार विश्लेषकों ने कहा कि कारोबारियों द्वारा ताजा सौदों की लिवाली करने से सोना वायदा कीमतों में तेजी आई.

### ईवी मंच ने अजय को सीएफओ किया नियुक्त

**मुंबई।** ईवी मंच अल्ट्रावॉयलेट ऑटोमोटिव ने अजय शंकर को अपना मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) नियुक्त करने की बुधवार को घोषणा की. अल्ट्रावायलेट ऑटोमोटिव के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नारायण सुब्रमण्यम ने कहा, हमारे कई व्यावसायिक क्षेत्रों में एक वैश्विक स्तर की उत्पाद कंपनी बनने की दिशा में अजय का अद्वितीय अनुभव और रणनीतिक अंतर्दृष्टि महत्वपूर्ण होगी. कंपनी के अनुसार, अजय शंकर का 25 वर्षों से अधिक लंबा करियर है.

### एक्सिकॉम टेली का आईपीओ 27 को

**नयी दिल्ली।** ईवी चार्जर निर्माता एक्सिकॉम टेली-सिस्टम्स लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 27 फरवरी को खुलेगा. आईपीओ दस्तावेज के अनुसार, आईपीओ 29 फरवरी को संपन्न होगा. एंकर (बड़े) निवेशक 26 फरवरी को बोली लगा पाएंगे. आईपीओ में 329 करोड़ रुपये तक के ताजा इक्विटी शेयर और प्रवर्तक नेक्स्टवेव कम्युनिकेशंस द्वारा 70.42 लाख इक्विटी शेयर की बिक्री पेशकश शामिल हैं. एक्सिकॉम-टेली सिस्टम्स एक पावर प्रबंधन समाधान प्रदाता है. यह दो व्यावसायिक क्षेत्रों ईवी चार्जर समाधान व्यवसाय और पावर समाधान व्यवसाय के तहत काम करती है.

कॉन्फ्रेंस में दिखाया कैसे काम करता है बॉट, जिओ ब्रेन पर भी काम कर रही कंपनी

# अगले महीने एआई चैटबॉट 'हनुमान' लॉन्च करेगी रिलायंस

**एजेंसी। मुंबई**

मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड अगले महीने चार्ट जीपीटी के जैसा एआई चैटबॉट 'हनुमान' लाने तैयारी कर रही है. कंपनी इसके लिए 8 एफिलिएट यूनिवर्सिटीज के साथ मिलकर काम कर रही है, जिसे 'भारत जीपीटी ग्रुप' नाम दिया गया है. मंगलवार को कंपनी नेएक टेक्नोलॉजी कॉन्फ्रेंस के दौरान ये एआई चैटबॉट दिखाया. प्रेजेंटेशन के दौरान दक्षिण भारत के एक मोटरसाइकिल मैकेनिक ने अपनी मूल भाषा तमिल में एआई बॉट के साथ बात की. जबकि, एक बैंकर ने हिंदी में टूल के साथ बातचीत की और हैदराबाद के एक डेवलपर ने कंप्यूटर कोड लिखने के लिए इसका इस्तेमाल किया.

### हनुमान के पास होगी स्पीच-टू-टेक्स्ट कैपेबिलिटी

आईआईटी बॉम्बे के कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के चेयरमैन गणेश रामकृष्णन ने कहा कि यह एलएलएम (लार्ज लैंग्वेज मॉडल) की एक अलग स्टाइल है. हनुमान के पास स्पीच-टू-टेक्स्ट कैपेबिलिटी भी होगी. उन्होंने कहा, ''रिलायंस जियो स्पेसिफिक यूजर्स के लिए कस्टमाइज मॉडल भी तैयार करेगा. कंपनी जिओ ब्रेन पर भी काम कर रही है, जो लगभग 45 करोड़ कस्टमर्स के नेटवर्क पर एआई इस्तेमाल करने के लिए एक प्लेटफॉर्म है. ये इसलिए भी जरूरी है क्योंकि देश में 1.4 अरब की आबादी में लाखों लोग पढ़ या लिख नहीं सकते.

### बड़े डेटासेट से ट्रेन होते हैं लार्ज लैंग्वेज मॉडल

लार्ज लैंग्वेज मॉडल एक डीप लर्निंग एल्गोरिदम है. इन्हें बड़े डेटासेट का इस्तेमाल करके ट्रेन किया है. इसीलिए इसे लॉर्ज कहा जाता है. यह उन्हें ट्रांसलेट करने, प्रेडिक्ट करने के अलावा टेक्स्ट और अन्य कंटेंट को जनरेट करने में सक्षम बनाता है. लॉर्ज लैंगवेज मॉडल को न्यूरल नेटवर्क के रूप में भी जाना जाता है, जो मानव मस्तिष्क से प्रेरित कंप्यूटिंग सिस्टम हैं. लार्ज लैंगवेज मॉडल को प्रोटीन संरचनाओं को समझने, सॉफ्टवेयर कोड लिखने जैसे कई कामों के लिए ट्रेन किया जा सकता है.

### ऑपरेटिंग सिस्टम भी लॉन्च करेगी

दो महीने पहले जियो इंफोकॉम के चेयरमैन आकाश अंबानी ने बताया था कि कंपनी टेलीविजन के लिए जियो अपना ऑपरेटिंग सिस्टम भी लाने पर विचार कर रही है. इसके अलावा रिलायंस जियो कॉमर्स, कम्युनिकेशन और डिवाइसेज जैसे अलग-अलग सेक्टर्स में प्रोडक्ट और सर्विसेज लॉन्च करने की तैयारी कर रही है.

### सितंबर में लॉन्च किया था एयर फाइबर

कंपनी ने इसी साल 19 सितंबर को गणेश चतुर्थी पर अपनी एयर फाइबर सर्विस लॉन्च की थी. तब ये सर्विस 8 शहरों- अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद, कोलकाता, मुंबई और पुणे में शुरू की गई थी. जियो ने एयर फाइबर के इंस्टॉलेशन के लिए 1000 रुपए की फीस रखी थी. अब इसकी सर्विस 3939 कस्बों में अवेलेबल है.



### दुनिया के टॉप टेन अमीरों में शामिल हुए मुकेश अंबानी

**मुंबई :** रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी दुनिया के टॉप 10 अमीरों की लिस्ट में शामिल हो गए हैं. फोर्ब्स की रियल टाइम बिलेनियर्स लिस्ट के अनुसार मुकेश अंबानी की नेटवर्थ अब 114 बिलियन डॉलर (करीब 9.45 लाख करोड़ रुपए) हो गई है. उन्होंने गूगल के को-फाउंडर सर्गी ब्रिन को पीछे छोड़कर टॉप 10 में जगह बनाई है. इस लिस्ट में फ्रांसीसी अरबपति और लुई विटॉ मोएट हेनेसी (एलवीएमएच) के सीईओ बर्नार्ड अरनॉल्ट टॉप पर हैं. अरनॉल्ट की नेटवर्थ 222 बिलियन डॉलर (करीब 18.60 लाख करोड़ रुपए) है. वहीं इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर टेस्ला के सीईओ एलन मस्क हैं. उनकी नेटवर्थ 16.74 लाख करोड़ रुपए है. मुकेश अंबानी की नेटवर्थ 5 साल में 36 बिलियन डॉलर (करीब 2.89 लाख करोड़ रुपए) से बढ़कर 114 बिलियन डॉलर (करीब 9.45 लाख करोड़ रुपए) पर पहुंच गई है. यानी अंबानी की नेटवर्थ 5 साल में दोगुने से भी ज्यादा बढ़ी है.

**किया खंडन** दो दिन में 40% भाव बढ़े तो केंद्र सरकार ने कन्फ्यूजन दूर किया

# प्याज के एक्सपोर्ट पर लगी रोक जारी रहेगी

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

केंद्र सरकार ने साफ कर दिया है कि प्याज के एक्सपोर्ट पर बैन जारी रहेगा. उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने उन खबरों का खंडन किया है, जिसमें कहा जा रहा था कि प्याज के एक्सपोर्ट पर लगी रोक को हटा दिया गया है. प्याज के निर्यात पर बैन हटाने की झूठी खबरों के बाद देश की सबसे बड़ी थोक प्याज मंडी, लासलगांव में 19 फरवरी को इसका थोक बिक्री मूल्य 40.62% बढ़कर 1,800 रुपए प्रति क्विंटल हो गया, जो 17 फरवरी को 1,280 रुपए प्रति क्विंटल था. सिंह ने समाचार एजेंसी पीटीआई से कहा, प्याज के एक्सपोर्ट पर बैन नहीं हटाया गया है. ये प्रतिबंध लागू है और स्थिति में कोई बदलाव नहीं किया गया है. कंज्यूमर्स को उचित मूल्य पर प्याज उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है. उन्होंने कहा, प्याज की कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए इसके निर्यात पर पहले से घोषित समय सीमा 31 मार्च 2024 तक बैन जारी रहेगा. केंद्र सरकार ने प्याज की बढ़ती कीमतों के बीच 8 दिसंबर 2023 को प्याज के एक्सपोर्ट पर रोक लगा दी थी.



### चुनाव तक प्याज पर बैन जारी रह सकता है

पीटीआई के अनुसार,प्याज के एक्सपोर्ट पर बैन 31 मार्च के बाद भी जारी रह सकता है. क्योंकि, अगले महीने लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होगा और मई महीने में मतदान होने की संभावना है. ऐसे में सरकार महंगे प्याज का जोखिम नहीं लेगी. रबी (सर्दियों) सीजन में प्याज का प्रोडक्शन कम होने की आशंका है. खासतौर पर महाराष्ट्र में रकबा कम कवरेज होने से प्याज का उत्पादन कम हो सकता है. 2023 रबी सीजन में प्याज का प्रोडक्शन 22.7 मिलियन टन होने का अनुमान था. कृषि मंत्रालय के अधिकारी आने वाले दिनों में महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और गुजरात जैसे प्रमुख उत्पादक राज्यों में प्याज के रबी फसल का आंकलन करेंगे.

### अगस्त में लगाई थी 40% एक्सपोर्ट ड्यूटी

इससे पहले सरकार ने अगस्त में प्याज के डोमेस्टिक स्टॉक को मेंटेन रखने और कीमतों में बढ़ोतरी को रोकने के लिए 40% एक्सपोर्ट ड्यूटी लगाई थी. वहीं अक्टूबर महीने के आखिर में प्याज के एक्सपोर्ट के लिए मिनिमम एक्सपोर्ट प्राइस 800 डॉलर प्रति टन फिक्स किया था. सरकार ने मौजूदा फाइनेंशियल ईयर 2023-24 के लिए 5 लाख टन प्याज बफर में स्टॉक रखा है. इसके अलावा सरकार स्टॉक को 2 लाख टन और बढ़ाकर 7 लाख टन करने के प्लान पर काम कर रही है.

# ब्लूस्मार्ट ने टाटा पावर ट्रेडिंग कंपनी के साथ समझौता

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

इलेक्ट्रिक मोबिलिटी राइड हेलिंग सेवा प्रदाता ब्लूस्मार्ट ने हरित ऊर्जा के स्रोत के लिए टाटा पावर ट्रेडिंग कंपनी लिमिटेड के साथ एक बहु-वर्षीय बिजली खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं. ब्लूस्मार्ट ने एक बयान में कहा, बिजली खरीद समझौते (पीपीए) के तहत टाटा पावर ट्रेडिंग कंपनी लिमिटेड (टीपीटीसीएल) द्वारा राजस्थान के बीकानेर जिले में टाटा पावर के 200 मेगावाट के सौर पीवी बिजली संयंत्र से 30 मेगावाट क्षमता प्राप्त की जाएगी. ब्लूस्मार्ट के सह-संस्थापक पुनित गोयल ने कहा, हम बड़े पैमाने पर गतिशीलता को पूरी तरह से कार्बन मुक्त करने का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं. हम अपने ईवी चार्जिंग बुनियादी ढांचे को 100 प्रतिशत स्वच्छ बिजली के साथ शक्ति प्रदान करते हैं. इस दिशा में टाटा पावर के साथ अपने गठबंधन को और मजबूत करने के लिए उत्साहित हैं. टीपीटीसीएल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) तरुण कटियार ने कहा, ब्लूस्मार्ट के साथ हमारी साझेदारी उन्हें देश में कार्बन मुक्त गतिशीलता लाने में मदद करेगी. हम अपने टिकाऊ, अभिनव और किफायती ऊर्जा समाधानों के जरिए अपने नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों को प्राप्त करने में कई उद्योगों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं.

# डीआरआई ने मारुति सुजुकी के खिलाफ शुरू की जांच

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

मारुति सुजुकी इंडिया ने राजस्व खुफिया निदेशालय के एक आयातित पुर्जे के गलत एचएसएन (हार्मोनाइज्ड सिस्टम ऑफ नॉमेनक्लेचर) कोड को लेकर उसके खिलाफ जांच शुरू करने की बुधवार को जानकारी दी. कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि उसे 20 फरवरी 2024 को राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की हैदराबाद इकाई से पूछताछ के संबंध में एक पत्र मिला. मारुति सुजुकी इंडिया के अनुसार, पूछताछ के अनुसार आयातित वस्तु 'शाफ़्ट अस्सी प्रोपेलर' को डब्ल्यूसीओ (विश्व सीमा शुल्क संगठन) के व्याख्यात्मक नोट्स के अनुसार गलत एचएसएन कोड के तहत आयात किया गया. साथ ही कुछ मोटर वाहन पुर्जों पर 18 प्रतिशत की दर से आईजीएसटी (एकीकृत वस्तु एवं सेवा कर) का भुगतान किया गया है, जबकि सही आईजीएसटी 28 प्रतिशत है. कंपनी ने कहा कि वह उचित जवाब दायर करेगी. इस पूछताछ का वित्तीय, संचालन या अन्य गतिविधियों पर कोई बड़ा प्रभाव नहीं पड़ेगा.

# सेंसेक्स 434 और निफ्टी 141 अंक गिरावट के साथ हुआ बंद

**एजेंसी। मुंबई**

शेयर बाजार में बुधवार को गिरावट देखने को मिली है. सेंसेक्स 434 अंक की गिरावट के साथ 72,623 के स्तर पर बंद हुआ.

वहीं निफ्टी में भी 141 अंक की गिरावट रही. ये 22,055 के स्तर पर बंद हुआ. बुधवार को निफ्टी ने 22,249 का नया ऑल टाइम हाई बनाया था. लेकिन इसके बाद इसमें गिरावट देखने को मिली. पेटीएम के शेयर में बुधवार को लगातार चौथे कारोबारी दिन 5% का अपर सर्किट लगा.

बाजार में शुरुआती कारोबार में जी एंटरटेनमेंट शेयर में 14.02% से ज्यादा की गिरावट देखने को मिली है. कंपनी के शेयरों में ये गिरावट एसईबीआई की ओर से की गई कंपनी की फाइलों में 2,000 करोड़ रुपए की गड़बड़ी के बाद आई है. इससे पहले पिछले मंगलवार को शेयर बाजार में तेजी देखने को मिली थी.

▼ ब्रीफ खबरें

### कोर्ट ने देश के लोकतंत्र को बचाया : केजरीवाल

**नयी दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में बुधवार को मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने उच्चतम न्यायालय द्वारा चंडीगढ़ महापौर चुनाव के नतीजे को पलटने के मुद्दे पर भाजपा पर निशाना साधा. भगवद् गीता का हवाला देते हुए केजरीवाल ने कहा कि भगवान ने हस्तक्षेप करने का फैसला किया और भाजपा के प्रचलित अधर्म का सर्वनाश कर दिया. उन्होंने चंडीगढ़ महापौर चुनाव परिणाम के फैसले के लिए कोर्ट को भी धन्यवाद दिया.

### छत से गिर कर तीन भारतीयों की मौत

**अलमालिक।** उज्बेकिस्तान के अलमालिक शहर में मंगलवार को परियोजना साइट पर छत गिरने से तीन भारतीय श्रमिकों की मौत हो गई. हादसे में 30 श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गए. इसकी पुष्टि वहां स्थित भारतीय दूतावास ने की है. हादसे की जानकारी देते हुए उज्बेकिस्तान में भारतीय दूतवास ने एक्स पोस्ट में मृतकों परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की. इस हादसे पर भारतीय दूतावास के अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया.

### चार दिन में चार हजार करोड़ की ड्रग जब्त

**मुंबई।** पुणे पुलिस ने पिछले चार दिन में तकरीबन चार हजार करोड़ रुपये की एमडी ड्रग बरामद करने में सफलता हासिल की है. पुलिस ने एक बड़े ड्रग्स रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए तस्करी कारोबार से जुड़े तीन लोगों को गिरफ्तार किया है. पुणे पुलिस ने 18 फरवरी को पुणे पेठ इलाके में छापेमारी कर दो किलो एमडी जब्त किया था. इसकी जांच के बाद पुलिस ने 19 फरवरी को विश्रांतवाड़ी के एक गोदाम से एक सौ करोड़ से अधिक मूल्य की 55 किलोग्राम एमडी जब्त की.

### उत्तरी गाजा में खाद्य आपूर्ति रोकी गई

**रफह (गाजा पट्टी)।** विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) ने मंगलवार को कहा कि इजराइल-फलस्तीन युद्ध के कारण पूरे क्षेत्र में बढ़ती अराजकता के बीच उसने उत्तरी गाजा में खाद्य पदार्थ की अपूर्ति रोक दी है, जिससे भुखमरी की आशंका बढ़ गयी है. संयुक्त राष्ट्र बाल कोष द्वारा किए गए अध्ययन में यह चेतावनी दी गई है कि उत्तरी गाजा में छह में से एक बच्चा अत्यंत कुपोषित है. संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार पिछले दो हफ्तों में बढ़ते युद्ध के कारण ट्रकों का प्रवेश आधा हो गया है.

### भारत और यूनान के बीच बनी सहमति

**नयी दिल्ली।** भारत और यूनान ने व्यापार, रक्षा उत्पादन जैसे क्षेत्रों के साथ ही आतंकवाद से निपटने के लिए अपने समग्र सहयोग को बढ़ाने एवं प्रवासन तथा गतिशीलता साझेदारी को मजबूत करने पर बुधवार को चर्चा की. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूनान के अपने समकक्ष किरियाकोस मित्सोटाकिस के साथ व्यापक वार्ता के दौरान समग्र रणनीतिक सहयोग के विस्तार पर चर्चा की. मित्सोटाकिस भारत की दो दिवसीय यात्रा पर हैं. यह 15 वर्षों में यूनान के किसी राष्ट्राध्यक्ष की भारत की पहली यात्रा है.

## 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के तहत कानपुर पहुंचे राहुल गांधी, बोले



# कैसा राम राज्य, जहां 90% लोगों को रोजगार नहीं मिलता

भाषा। कानपुर/उन्नाव

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने 'राम राज्य' की परिकल्पना को साकार करने का दावा करने वाली केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए बुधवार को कहा कि यह कैसा राम राज्य है जहां कुल आबादी में लगभग 90 फीसद हिस्सेदारी रखने वाले पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों को रोजगार नहीं मिल सकता. अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के तहत कानपुर पहुंचे राहुल ने शहर स्थित घंटाघर चौराहे पर एक जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी सरकार पर देश की आबादी में करीब 90 प्रतिशत की हिस्सेदारी रखने वाले पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों के साथ नाइंसाफी करने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा, देश में 50 प्रतिशत आबादी पिछड़े वर्गों की है, दलित 15 प्रतिशत, आठ प्रतिशत आदिवासी और अल्पसंख्यक 15 प्रतिशत हैं. आप जितना चिल्लाना चाहते हैं चिल्लाएं लेकिन इस देश में आपको रोजगार नहीं मिल सकता.

### न्याय यात्रा के बीच इंग्लैंड जाएंगे राहुल गांधी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा से कुछ दिनों का विराम लेकर इस महीने के आखिर में ब्रिटेन के प्रतिष्ठित कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में व्याख्यान देंगे. फिर पार्टी से जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण बैठकों में भी हिस्सा लेंगे. पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने बुधवार को यह जानकारी दी. रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, भारत जोड़ो न्याय यात्रा का 39वां दिन बुधवार को कानपुर में समाप्त होगा. 22 और 23 फरवरी को यात्रा में विराम होगा. उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा 24 फरवरी की सुबह मुरादाबाद से फिर शुरू होगी.

**राहुल 27 और 28 फरवरी को इंग्लैंड में रहेंगे:** रमेश ने कहा, 26 फरवरी से एक मार्च तक विराम होगा ताकि राहुल गांधी 27 और 28 फरवरी को इंग्लैंड के कैम्ब्रिज विवि (जहां से वह पढ़े हैं) में दो विशेष व्याख्यान देने के अपने एक साल पहले के वादे को पूरा कर सकें और उन्हें दिल्ली में होने वाली अन्य महत्वपूर्ण बैठकों में शामिल होने का मौका मिल सके.

### राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा में आदिवासी राष्ट्रपति को भी नहीं बुलाया गया

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, यह कैसा राम राज्य है जिसमें 90 प्रतिशत लोगों को रोजगार नहीं मिल सकता. लोग भूखे मर रहे हैं. मीडिया में बड़े-बड़े उद्योगों में आपका कोई नहीं है. किसी संस्था में आपका कोई नहीं. नौकरशाही में आपका कोई नहीं. राहुल ने गत 22 जनवरी को अयोध्या में हुए राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भी पिछड़े, दलित और आदिवासी वर्गों की उपेक्षा का आरोप लगाया और कहा, आपने प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम देखा. उसमें कितने लोग पिछड़े वर्ग के थे, दलित और आदिवासी कितने थे. आदिवासी राष्ट्रपति (द्रौपदी मुर्मु) को भी नहीं बुलाया गया. राहुल ने जातिवार गणना पर जोर देते हुए कहा, हमने कहा है कि हिंदुस्तान की प्रगति के लिए सबसे बड़ा क्रांतिकारी कदम जातिवार जनगणना है. इससे दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा. जातिवार जनगणना के बाद आर्थिक सर्वे और वित्तीय सर्वे करके हम पता लगाएंगे कि दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों के हाथ में कितना पैसा है. उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा, देश का पूरा का पूरा धन दो तीन प्रतिशत लोगों के हाथ में है. अडाणी, अंबानी, टाटा, बिड़ला, यह दो-तीन प्रतिशत लोग आप पर राज कर रहे हैं.

### कांग्रेसी नेता निकेत पटेल भाजपा में हुए शामिल

**सूरत।** राम मंदिर मुद्दे पर उदासीन वाले रुख से कांग्रेस में भगदड़ सी मची है. लोकसभा चुनाव से पूर्व बड़े नेता से लेकर पार्टी के ग्रास रूट लेवल के कार्यकर्ता तक कांग्रेस छोड़कर केसरिया खेस धारण कर रहे हैं. बुधवार को सूरत में कांग्रेस के सीनियर नेता और राहुल गांधी के नजदीकी माने जाने वाले निकेत पटेल ने भी कांग्रेस छोड़कर अपने दो सौ से अधिक कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा में शामिल हो गए. सूरत शहर कार्यालय में बुधवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटिल की मौजूदगी में निकेत पटेल ने कांग्रेस का हाथ छोड़कर भाजपा का केसरिया खेस पहन लिया. इस अवसर पर निकेत पटेल ने कहा कि कांग्रेस राम मंदिर मुद्दे पर अपना रुख साफ नहीं कर पाई. राम मंदिर के निर्माण की बात हो या प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम, इन सभी पर कांग्रेस अपनी बात स्पष्टता से नहीं कह सकी. इसका उन्हें बहुत दुख था. पटेल ने कहा कि कांग्रेस में गुटबाजी पहले की तरह ही है. इन सभी बातों को ध्यान में रखकर काफी समय से उनका मन व्यथित था.

## पीपीपी व पीएमएल-एन गठबंधन सरकार बनाएंगे, बनी सहमति

संवाददाता। इस्लामाबाद

पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के बीच सरकार गठन को लेकर जारी बातचीत आखिरकार रंग लाई और दोनों दलों के बीच नयी गठबंधन सरकार बनाने को लेकर समझौता हो गया है. पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने यह जानकारी दी. पीपीपी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी ने मंगलवार देर रात एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में घोषणा की कि पीएमएल-एन के अध्यक्ष शहबाज शरीफ (72) प्रधानमंत्री पद संभालेंगे, वहीं पीपीपी के सह-अध्यक्ष आसिफ जरदारी (68) दूसरी बार देश के राष्ट्रपति बनेंगे. बिलावल ने संवाददाताओं से कहा, पीपीपी और पीएमएल-एन के पास पर्याप्त संख्या बल है और (अब) हम सरकार बनाने की स्थिति में हैं.



### पीपीपी के साथ सरकार बनाने के लिए हमलोग तैयार हैं : शहबाज शरीफ

उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) समर्थित उम्मीदवार और सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) केंद्र में सरकार बनाने के लिए संसद में बहुमत हासिल नहीं कर सके. इस दौरान शहबाज शरीफ ने कहा कि पीपीपी के साथ सरकार बनाने के लिए उनकी पार्टी पीएमएल-एन के पास अब आवश्यक संख्या बल है. साथ ही उन्होंने वार्ता के सकारात्मक निष्कर्ष के लिए दोनों दलों के नेतृत्व को धन्यवाद दिया. इस बीच पूर्व प्रधानमंत्री खान की पार्टी पीटीआई ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में पीपीपी और पीएमएल-एन गठबंधन पर निशाना साधा है.

### मैं 'इंडिया' में शामिल नहीं हूं : कमल हासन

**चेन्नई।** अभिनेता से नेता बने कमल हासन ने बुधवार को कहा कि उनकी पार्टी मक्कल निधि मय्यम (एमएनएम) अभी विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में शामिल नहीं हुई है और वह देश के बारे में 'निस्वार्थ' भाव से सोचने वाले किसी भी गठबंधन का समर्थन करेंगे. उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी के राजनीतिक गठबंधन के लिए बातचीत की जा रही है, लेकिन उनकी पार्टी 'सामंती राजनीति' का हिस्सा बनने से बचेगी. अपनी पार्टी की सातवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह के बाद यहां पत्रकारों से बातचीत में हासन ने मशहूर तमिल अभिनेता विजय के हाल में राजनीति में आने का भी स्वागत किया. यह पूछने पर कि क्या एमएनएम विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) में शामिल होगी, इस पर हासन ने कहा, मैंने पहले ही कहा है कि यह वक्त दलगत राजनीति से ऊपर उठने और देश के बारे में सोचने का है. जो भी देश के बारे में निस्वार्थ भाव से सोचता है, मेरी एमएनएम उसका हिस्सा बनेगी.

## शशि थरूर को फ्रांस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान मिला

एजेंसी। नयी दिल्ली

अंग्रेजी के प्रख्यात लेखक, पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस सांसद शशि थरूर को यहां एक समारोह में फ्रांस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्रदान किये जाने की सूचना है. शशि थरूर को मंगलवार को फ्रांसीसी सीनेट के अध्यक्ष जेरार्ड लार्चर द्वारा फ्रांसीसी दूतावास में प्रतिष्ठित पुरस्कार शेवेलियर डे ला लीजियन डीऑनूर से सम्मानित किया गया. जेरार्ड लार्चर ने डॉ थरूर फ्रांस का सच्चा मित्र करार दिया. थरूर केरल के तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद हैं. जान लें कि फ्रांस सरकार ने अगस्त 2022 में थरूर को पुरस्कार देने की घोषणा की थी.



### डॉ थरूर फ्रांस के एक सच्चे मित्र हैं : लार्चर

जेरार्ड लार्चर ने थरूर को सम्मान देते हुए कहा, शशि थरूर ने एक राजनयिक, लेखक और राजनीतिज्ञ के रूप में अपने उत्कृष्ट करियर के जरिए बुद्धिमत्ता के साथ दुनिया को अपना लिया है, जिसने उन्हें एक साथ कई जीवन जीने के लिए प्रेरित किया है. वे भारत और एक बेहतर दुनिया की सेवा में लगे हुए हैं. डॉ. थरूर फ्रांस के एक सच्चे मित्र भी हैं और वे फ्रांस की संस्कृति की गहरी समझ रखने वाले एक फ्रांसीसी भाषी भी हैं. मुझे यह पुरस्कार देने का सौभाग्य मिला है.

### फर्जी कॉल सेंटर घोटाला मामला

## कोलकाता में ईडी ने की कई जगहों पर छापेमारी

एजेंसी। कोलकाता

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फर्जी कॉल सेंटर घोटाला मामले में कोलकाता में कई स्थानों पर छापेमारी करके तलाशी ली. एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी. अधिकारी ने बताया कि बेनियापुकुर और बागुइहाटी इलाकों में 'मेट टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड' के मालिक के सहयोगियों के आवासों और कार्यालयों पर यह कार्रवाई की गई. ईडी अधिकारी ने कहा, हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि पैसा कहां भेजा गया था और इन लोगों की क्या भूमिका रही. ऐसा लगता है कि कई करोड़ रुपये अवैध रूप से विदेशों में भेजे गये. हवाला कारोबार से इसके जुड़े होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता. एजेंसी के मुताबिक राज्य के अपराध अन्वेषण विभाग




(सीआईडी) ने पिछले साल सितंबर में कंपनी के मालिक को गिरफ्तार किया था. उस पर फर्जी कॉल सेंटर के जरिये विदेशी और भारतीय नागरिकों से लगभग 1,000 करोड़ रुपये ऐंठने का आरोप है. इस कॉल सेंटर को उसने 2005 में खोला था. ईडी अधिकारी ने दावा किया कि सीआईडी की हिरासत में रहते हुए आरोपी ने अपने कुछ सहयोगियों के माध्यम से सबूत नष्ट करने की कोशिश की.

### पूजा में प्रसाद खाने से 200 लोग हुए बीमार

**बुलढाणा।** महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में स्थित लोनार में एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान प्रसाद खाने के बाद संदिग्ध खाद्य विषाक्तता के कारण लगभग 200 लोग बीमार हो गये. अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी. बुलढाणा जिलाधिकारी किरण पाटिल ने बताया कि यह घटना लोनार तालुका के सोमथाना गांव में धार्मिक आयोजन 'हरिनाम सप्ताह' के दौरान मंगलवार रात को हुई. उन्होंने कहा, समारोह के दौरान प्रसाद खाने के बाद लगभग 200 ग्रामीणों ने जी मिचलाने और उल्टी की शिकायत की. उन्होने कहा, 142 मरीजों को बीबी के ग्रामीण अस्पताल में, 20 अन्य को लोनार में और 35 मरीजों को मेहकार के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया. पाटिल ने कहा, सभी मरीजों की हालत स्थिर है और उनमें से ज्यादातर को बुधवार को छुट्टी दे दी गई है. उन्होंने कहा कि चिकित्सकीय आपात स्थिति उत्पन्न होने पर गांव में एम्बुलेंस और अन्य आवश्यक उपकरणों के साथ डॉक्टरों के दस्ते को भी तैनात किया गया है.

### ईडी ने बिश्नोई गिरोह के चीकू को गिरफ्तार किया

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह एवं अन्य के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गैंगस्टर सुरेंद्र सिंह उर्फ चीकू को गिरफ्तार किया है. आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि प्रवर्तन निदेशालय ने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह और अन्य के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के तहत सुरेंद्र सिंह उर्फ चीकू को गिरफ्तार किया है. चीकू को पंचकुला में धन शोधन निवारण अधिनियम 2002 (पीएमएलए) की विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया. अदालत ने उसे पांच दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया है. उल्लेखनीय है कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने 5 दिसंबर, 2023 को हरियाणा और राजस्थान में गैंगस्टर लॉरेंस विश्नोई गिरोह और खालिस्तानी आतंकी समूहों के नजदीकी गुर्गे चीकू और अन्य से संबंधित 13 परिसरों पर छापेमारी की थी. ईडी का आरोप है कि चीकू ने अपने सहयोगियों के जरिये अवैध खनन, शराब और टोल व्यवसाय में अपराध से मिली रकम का निवेश किया है.

### इसरो ने लगाई लंबी छलांग

## मानव मिशन के लिए 'क्रायोजेनिक इंजन' परीक्षण में सफल रहा

संवाददाता। बेंगलुरु

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का 'सीई-20 क्रायोजेनिक इंजन' अंतरिक्षयात्री वाले गगनयान मिशन के लिए अंतिम परीक्षणों में सफल साबित हुआ है. इसे इसरो के लिए एक बड़ी उपलब्धि के तौर पर देखा जा रहा है. क्रायोजेनिक इंजन, गगनयान मानव अंतरिक्ष मिशन के लिए एलवीएम प्रक्षेपणयान के 'क्रायोजेनिक चरण' को शक्ति प्रदान करता है. अंतरिक्ष एजेंसी ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि इसरो का सीई-20 क्रायोजेनिक इंजन मानव मिशन के लिए अंतिम परीक्षणों में सफल रहा. इसने कहा कि कठिन परीक्षण से इंजन की क्षमता का पता चलता है. इसरो के मुताबिक, पहली मानव रहित उड़ान 'एलवीएम3 जी1' के लिए पहचाना गया सीई-20 इंजन आवश्यक परीक्षणों से गुजरा. इसने



कहा कि अंतिम परीक्षण उड़ान स्थितियों का जायजा लेने के लिए 'इसरो प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स' महेंद्रगिरि में 13 फरवरी को किया गया जो इस श्रृंखला का सातवां परीक्षण था. इसरो ने कहा कि गगनयान अभियान के लिए सीई20 इंजन के सभी जमीनी परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे कर लिए गए हैं. इसरो ने 2024 की दूसरी तिमाही के लिए संभावित पहले मानवरहित गगनयान (जी1) मिशन के लिए पहचाने गए इस उड़ान इंजन के आवश्यक परीक्षणों को भी सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है.

### कॅरियर-काउंसिलिंग

# संस्कृत की पढ़ाई कर बना सकते हैं कॅरियर



बीए संस्कृत में 3 साल की अवधि का बैचलर डिग्री कोर्स है. इस कोर्स में भगवद-गीता और महाभारत के कुछ वर्गों के साथ संस्कृत गद्य, कविता, व्याकरण शामिल हैं. यह कोर्स छात्रों को विभिन्न संस्कृत ग्रंथों और साहित्य का समालोचनात्मक विश्लेषण करना भी सिखाता है. संस्कृत की पढ़ाई कर न सिर्फ संस्कृत के बारे में बल्कि विभिन्न साहित्यिक गतिविधियों के बारे में ज्ञान अर्जित कर सकेंगे, बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपराओं के बारे में भी बहुत कुछ सीख सकेंगे. बीए संस्कृत पाठ्यक्रम की पढ़ाई के लिए उम्मीदवार को किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से किसी भी स्ट्रीम में 10 2 तक पढ़ाई किया होना जरूरी है. उम्मीदवारों को अनिवार्य विषय के रूप में स्कूल स्तर पर संस्कृत की पढ़ाई के साथ उसमें पास होना होना जरूरी है.



### जानिए कहां-कहां होती है संस्कृत की पढ़ाई

- ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी, लंदन
- महर्षि यूनिवर्सिटी ऑ2 मैनेजमेंट, अमेरिका
- नरोपा विश्वविद्यालय, अमेरिका
- सिडनी यूनिवर्सिटी, ऑस्ट्रेलिया

### स्नातक संस्कृत पाठ्यक्रम में क्या-क्या

- संस्कृत प्राचीन भारतीय ग्रंथों और साहित्य की भाषा है. इसलिए यदि आप किसी प्राचीन ग्रंथ को पढ़ना चाहते हैं, तो आपको सबसे पहले संस्कृत जानना जरूरी होगा.
- प्राचीन भारत में प्रचलित परंपरा और जीवन शैली के बारे में जानने के लिए भी बीए संस्कृत का पाठ्यक्रम सबसे अच्छा कोर्स है.
- बीए संस्कृत की पढ़ाई पूरी करने के बाद आप भारतीय पौराणिक कथाओं का विश्लेषण करने में सक्षम होंगे. इसलिए, आप एक पौराणिक पुस्तक और ब्लॉग लेखक के रूप में काम कर सकते हैं.
- संस्कृत भी वैज्ञानिक भाषाओं में से एक है. इसकी पढ़ाई तक भविष्य में संस्कृत भाषा में कई शोध किया जा सकते हैं.
- संस्कृत स्कूलों में पढ़ायी जानेवाली एक सामान्य भाषा का विषय है, इसलिए संस्कृत शिक्षकों की भारी मांग है. आपके पास हमेशा एक आसान नौकरी का विकल्प होगा.
- संस्कृत अनुवादक, जो प्राचीन ग्रंथों का अन्य भाषाओं, मुख्य रूप से हिंदी और अंग्रेजी में अनुवाद कर सकते हैं, को अक्सर प्रकाशकों द्वारा काम पर रखा जाता है. इसके लिए संस्कृत में स्नातक उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाती है.



मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - संजय सिंह*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)